* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 अक्टूबर, 2024
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 354

झारखंड में 13 और 20 नवंबर को होगा मतदान




# भटको मत हेमंत, मुद्दों पर अटको!

## 2019 के चुनाव से पहले किए गए 300+ वादों से भागो मत हेमंत, जिम्मेदारी निभाओ!

संक्षिप्त

### सरकार बनी, तो तीन और उपराजधानियां बनायेंगे : हेमंत सोरेन



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की बदलाव महारैली शनिवार को राजधानी के हरमू मैदान में हुई. भारी बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे थे. रैली में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने घोषणा की है कि राज्य में झामुमो की सरकार 2019 बनी तो एक राजधानी के साथ- साथ चार उपराजधानियां भी बनेंगी. दुमका पहले से ही है. इसके अलावा चाईबासा, पलामू और हजारीबाग को भी उपराजधानी बनाया जायेगा, हेमंत सोरेन ने और भी कई वायदे किये. श्री सोरेन ने कहा कि रघुवर सरकार में किसान आत्महत्या कर रहे हैं. मंत्री हो या अधिकारी सब घोटाले में लगे हुए हैं.

### झामुमो की घोषणाएं




- पलामू चाईबासा एवं हजारीबाग को उप राजधानी
- नौकरियों में स्थानीय लोगों को 75% का आरक्षण
- किसानों की कर्ज माफी, बेरोजगार युवकों को भता
- खेतीहर मजदूरों को स्वरोजगार के लिए 15 हजार का अनुदान
- महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 % आरक्षण.
- दो साल के अंदर पांच लाख युवाओं को नौकरी
- पांच वर्षों तक उपयोग में नहीं लाये गये अधिग्रचित भूमि रैयतों को वापस करेंगे
- आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका एवं पारा शिक्षकों के लिए सेवा शर्तों एवं वेतनमान का निर्धारण
- पीएचडी तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा
- पिछड़े वर्ग को नौकरियों में 27% आरक्षण
- गरीब सवर्ण छात्रों को मुफ्त शिक्षा व छात्रवृत्ति
- सभी शहीदों के जन्म स्थान की पर्यटन स्थल के रूप में विकास

### कांग्रेस का वादा, परिवार में एक सदस्य को नौकरी



झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को घोषणा पत्र जारी किया। इसमें परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बताया है कि राज्य में अगर गठबंधन की सरकार बनी तो 6 माह के अंदर रिक्त पड़ी सरकारी नौकरियों को भरा जाएगा। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में यह भी वादा किया कि जब तक नौकरी नहीं मिलती है तब तक परिवार के एक सदस्य को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। बताते चलें कि कांग्रेस, झामुमो और राजद के साथ गठबंधन के तहत झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ रही है। इसमें झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 और राजद को 7 सीटें मिली है।

### हेमंत सोरेन का दावा: खत्म करेंगे नक्सलवाद

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सूबे से नक्सलवाद को खत्म करने का एकमात्र उपाय सभी को रोजगार मुहैया कराना है. नक्सली घटनाओं पर बीजेपी के आरोप पर उन्होंने कहा कि बीजेपी को लोकतंत्र का सम्मान नहीं है, इसी कारण वह ऐसी बातें करती है. उन्होंने कहा कि सरकार बनी, तो सबके लिए काम करेंगे. संविधान दिवस पर महाराष्ट्र में बीजेपी ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाईं. पूर्व सीएम ने कहा कि आज राजधानी रांची की स्थिति यह है कि अपराध की घटनाओं से ये त्रस्त है. रांची को बीजेपी ने नर्क बना दिया.

## सरकार बनी तो एक साल में 5 लाख नौकरी



### शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस पर बोले हेमंत सोरेन

झामूमो की सरकार बनी, तो एक साल में पांच लाख नौकरी देंगे और नहीं दे पाने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे. यह घोषणा विपक्ष झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के 32वां शहादत दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए की. उन्होंने कहा कि सरकार बनी, तो 25 करोड़ रुपये तक लोगों को दी जायेगी. साथ ही प्राइवेट नौकरी में भी स्थानीय लोगों का 75 फीसदी आरक्षण तय करेंगे. हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बल्कि संकट है. उन्होंने किसानों को तीन हजार व केंद्र सरकार से बैंक खाते में मिलने वाली राशि को खैरात करार दिया. का झारखंडी लोगों का जल, जंगल जमीन है, वे खैरात के मोहताज नहीं है. इस दिन के लिए सिद्दो-कान्हू से लेकर हजारों लोगों ने कुर्बानी नहीं दी.

#### झामुमो के 'निश्चय पत्र' में हर वर्ग के लिए सुनहरे वादे

- सरकार बनते ही पाँच लाख सरकारी नौकरियों की व्यवस्था।
- सरकारी नौकरी न मिलने पर स्नातक को 5,000 रुपये तथा स्नातकोत्तर को 7,000 रुपये प्रति माह भत्ता।
- निर्धन परिवार की नवविवाहिताओं को सोने का सिक्का उपहारस्वरूप।
- महिलाओं को आधार कार्ड पर बिना गारंटी 50,000 रुपये का ऋण।
- गरीब महिलाओं को 2000 रुपये प्रतिमाह चूल्हा खर्च।
- धान का खरीद मूल्य 2300 से 2700 रुपए प्रति क्विंटल।
- सभी गरीब परिवार को 72 हजार रुपए हर साल सुनिश्चित राशि।
- वृद्धापेंशन 2500 रुपए प्रति माह, 10 रुपए में धोती, साड़ी, लुंगी।
- जन वितरण दुकानों से गरीबों को चायपत्ती, सरसो तेल, साबुन, सब्जियां एवं दल।
- गरीब परिवारों को तीन कमरों के सुविधायुक्त आवास निर्माण के लिए तीन लाख रुपए।

## भूमि अधिकार कानून बना कर हर भूमिहीन को भूखंड

### झामुमो के निश्चय पत्र की महत्वपूर्ण घोषणाएं

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की ओर से मंगलवार को 20 पन्नों का निश्चय पत्र जारी किया गया. झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन से अनुमति लेकर पार्टी की ओर से निश्चय पत्र जारी किया गया. कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो का निश्चय पत्र आनेवाले समय में राज्य को नयी दिशा देगा. उन्होंने कहा कि भूमि अधिकार कानून बना कर सभी स्थानीय भूमिहीनों को भूखंड उपलब्ध कराया जायेगा. 25 करोड़ रुपये तक के सरकारी कार्यों की निविदा सिर्फ स्थानीय लोगों को दी जायेगी. स्थानीय रोजगार अधिकार कानून बना कर राज्य के निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की जायेगी, स्थानीय व नियोजन नीति को बदल कर झारखंडियों के हितों के अनुरूप बनायी जायेगी. यह पूछे जाने पर क्या स्थानीय नीति का आधार 1932 का खतियान होगा? श्री सोरेन ने कहा कि यहां के लोगों की जनभावना के अनुरूप स्थानीय नीति बनायी जायेगी.

आगे हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो सरकार बनने पर राज्य के सभी किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जायेगी और उनके कर्ज माफ किये जायेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाते हुए, हर पंचायत में एक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जायेगा। राज्य में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में नये विद्यालय और तकनीकी संस्थान खोले जायेंगे। इसके साथ ही, झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जायेंगी, ताकि झारखंडी अस्मिता और संस्कृति को सशक्त किया जा सके। राज्य की मौजूदा स्थानीय नीति झारखंडी विरोधी है.यह पूछे जाने पर कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि सरकार भाजपा की ही बनेगी, चाहे झामुमो का क्यों नहीं साथ लेना पड़े. श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग यह भी कह रहे हैं कि हम हारें या जीतें सरकार हम ही बनायेंगे, भाजपा देश में नये नये राजनीतिक इतिहास रच रही है. इसे धब्बे के रूप में देखा व याद किया जायेगा. महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर लोकतंत्र की हत्या की गयी. उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की राजधानी आईना होती है. आज रांची में कोई ऐसा दिन नाहीं गुजर रहा है कि जब लूट, हत्या, दुष्कर्म या छेड़खानी की घटनाएं घट रही हैं. एक सवाल के जवाब में श्री सरिन ने कहा कि निश्चय पत्र के माध्यम से पार्टी ने अपनी सोच जाहिर की है. यह गठबंधन का निश्चय पत्र नहीं है. इसके लिए अलग से न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय किये जायेंगे. मौके पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हाजी हुसैन अंसारी, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद पड़िय, सुप्रियो भट्टाचार्य, अशोक मंडल समेत कई लोग मौजूद थे.

## झामुमो का चुनावी वादा - 75% नौकरियां झारखंडियों के लिए



झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए लुभावने वादे किए हैं। मोर्चा के घोषणापत्र को निश्चय पत्र का नाम दिया गया है। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने मंगलवार को इसे जारी करते हुए अपनी प्राथमिकताएं गिनाई इस मौके पर झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन भी मौजूद थे। झामुमो ने गरीबों को सालाना 72 हजार रुपये देने का वादा किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्थानीय लोगों के अधिकार पर ज्यादा फोकस किया है।

इसके अलावा महिलाओं के अधिकार, युवाओं के अधिकार, किसान एवं खेतिहर मजदूरों के अधिकार, गरीबों के अधिकार, जल, जंगल, जमीन, आदिवासी दलित कल्याण एवं वन संरक्षण आदि भी घोषणा पत्र के एजेंडे में शुमार है। रांची प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब हेमंत सोरेन ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो बेरोजगार अधिकार कानून बनाएंगे और राज्य के निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करेंगे।

इसके अलावा सरकारी टेंडर में 25 करोड़ तक के काम सिर्फ स्थानीय लोगों को दिए जाएंगे। भूमि अधिकार कानून बनाकर सभी स्थानीय भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसी प्रकार सरकारी नौकरी में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने का वादा भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया है। निश्चय पत्र के मुताबिक सरकारी नौकरी में झारखंड के पिछड़े समुदाय को 27 प्रतिशत, आदिवासियों को 28 प्रतिशत और दलितों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा झारखंड के स्थानीय संवर्ग वर्ग के गरीब छात्रों को निशुल्क शिक्षा और छात्रवृत्ति देने का वादा किया गया है।

#### झारखंड आंदोलन के शहीदों के परिजनों को नौकरी

झामुमो के घोषणापत्र में झारखंड आंदोलन के दौरान शहीद हुए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व प्रतियोगी परीक्षा के बगैर उन्हें नौकरी देने के लिए कानून बनाने की बात कही गई है। लोहार, लोहरा, बड़ाईक जैसी जातियां जो त्रुटि बस जाति विशेष की सुविधाओं से वंचित हैं उन्हें आवश्यक संशोधन कर लाभ दिलाया जाएगा।

#### युवाओं के लिए कई घोषणाएं

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने युवाओं के बड़े वोट बैंक को देखते हुए यह घोषणा की है कि सरकार गठन के दो साल के अंदर विभिन्न खाली पदों पर सरकारी पदों पर झारखंडी युवकों और युवतियों की नियुक्ति की जाएगी। नौकरी नहीं मिलने तक सभी बेरोजगार स्नातकों 5000 तथा स्नातकोत्तर को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा हर पंचायत में झारखंड युवक-युवतियों को पंचायती राज योजना के निर्माण और कार्यक्रम से जोड़ते हुए नियमित आय के साथ रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

झारखंड लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सिर्फ 100 रुपये का परीक्षा शुल्क देय होगा। सभी जातियों के गरीब छात्रों को नियुक्ति हेतु होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा खाली पड़े पदों को भरा जाएगा।

## राजद ने घोषणा पत्र में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का किया वादा

राजद ने अपने घोषणा पत्र में गरीबी मिटाने, बेरोजगारी खत्म करने और पिछड़ों को आरक्षण देने को प्राथमिकता दी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने रविवार को घोषणापत्र जारी कर कहा कि अगर गठबंधन की सरकार आती है तो महिलाओं को हर स्तर पर 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। बालूघाटों की नीलामी का अधिकार पंचायत को दिया जाएगा। पुरानी पेंशन योजना दोबारा शुरू की जाएगी। जेपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षा नियमित करायी जाएगी। राजद ने अपने घोषणापत्र में मेधावी छात्रों को निःशुल्क उच्च शिक्षा का वादा किया है। कॉलेज छात्रों को लैपटॉप और टैब दिया जाएगा। राज्य मेंबंद पड़े स्कूलों को खोला जाएगा। साथ ही पारा शिक्षकों, आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका को स्थायी किया जाएगा। सभी जिलों मेंनारी उत्थान केंद्र और वृद्धाश्रम की की व्यवस्था होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्गऔर अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक-आर्थिक स्तर को बढ़ाया जाएगा।

#### किसानों के लिए

घोषणापत्र में बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाकर भूमिहीनों को देनेका वादा किया गया है। कृषि आधारित उद्योग को बढ़ावा देने, ग्रामीण रोजगार गारंटी का क्रियान्वयन करने, काम के बदले अनाज योजना लागू करने और 10 हजार रुपए तक के कृषि ऋण को माफ करनेका वादा है।



## कांग्रेस ने किया कर्जमाफी का एलान

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी किया. +घोषणापत्र में पार्टी ने खेती के लिए गए 2 लाख रुपये तक के लोन को माफ़ करने का वादा किया है. ख़ास बात ये है कि इसमें पत्थलगढ़ी में शामिल लोगों पर लगे मुक़दमे हटाने की बात कही गई है. CNT, SPT एक्ट समेत स्कूलों की ख़स्ता हालत पर ज़ोर देते हुए शिक्षा को लेकर बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया गया है. पार्टी ने झारखंड की सभी जेल में बंद 6 महीने से सजा काट रहे (अधिकतम 7 वर्ष तक की) क़ैदियों को तुरंत ज़मानत पर रिहा करने का वादा भी किया है. यह भी वादा किया गया है कि झारखंड सरकार की तरफ़ से पिछले कुछ वर्षों में जिन ज़मीनों का अधिग्रहण किया गया है और जिसपर अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है उसे फिर से उनके मालिकों को वापस कर दी जाएगी. पार्टी ने कहा है कि छात्रों को छात्रवृत्ति सम्बंधित सभी बकाया राशि को तत्काल मंजूरी दी जाएगी. रांची,जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो लाइफ लोकल बनाया जाएगा.

## झामूमो की सरकार बनी तो नियोजन नीति सुधारेंगे: हेमंत

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा है कि इस बार राज्य में यूपीए गठबंधन की सरकार बनेगी. भाजपा की स्थिति दयनीय है. भाजपा गुजराज, महाराष्ट्र व अन्य पड़ोसी राज्यों से लोगों को बुला कर प्रचार करा रही है. इससे उसकी स्थिति समझी जा सकती है. उब उसके प्रत्याशियों को झंडा ढोनेवाले भी नहीं मिल रहे हैं. श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के मुखिया रघुवर दास मदमस्त हाथी की तरह हैं. उन्होंने झारखंड को जनता के पैरों तले कुचलने का काम किया है. कहा कि इस मदमस्त हाथी के पैरों को जंजीर में जकड़ कर छत्तीसगढ़ के जंगल में फेंक देने की जरूरत है. इस अवसर पर हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण झामुमो व दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष के कारण हो सका है। मगर अभी भी जनता के सपने अधूरे रहे गए हैं। जिसे हमारी सरकार पूरा करेगी। झामुमो की सरकार बनेगी तो राज्य से बेरोजगार युवक-युवतियों, मजदूरों का पलायन रोक दिया जाएगा। झारखंड में ही रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर फेल है तथा सिर्फ बैनर पोस्टर से अपना चेहरा चमकाने में लगी है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां पीएम मंडल डैम का शिलान्यास कर रहें हैं दूसरी ओर सांसद शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा का अनावरण कर रहें हैं। मगर इन्हें यह पता नहीं कि शहीदों के गांव के लोग मंडल डैम के कारण विस्थापित हो जाएंगे। झारखंड के लोगों को दुख देकर वर्तमान सरकार बिहार को पानी देने के लिए लालायित है। यह होने नहीं दिया जाएगा।इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि स्थानीय नीति के नाम पर राज्य को दो हिस्से में बांट दिया गया है। इससे गढ़वा समेत अन्य जिलों के बेरोजगार युवक युवतियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया है। इससे युवाओं में काफी आक्रोश है। वर्तमान सरकार आम लोगों के हित में नहीं बल्कि अपने हित में काम कर रही है।

## गरीब परिवार को सालाना 72 हजार रुपये



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मंगलवार को जारी अपने निश्चय पत्र (घोषणा पत्र) में स्थानीय नीति बदलने की बात कही है. राज्य की नौकरियों में स्थानीय को 75 फीसदी आरक्षण और महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया गया है. निश्चय पत्र में समाज के हर वर्ग के लिए पार्टी ने घोषणा की है. इसमें किसानों की कर्ज माफी से लेकर लड़कियों व गरीब सवर्णों छात्रों को मुफ्त शिक्षा देने की बात कही गयी है. झामुमो ने हर गरीब परिवार को 72 हजार रुपये सालाना देने का वादा किया है.

#### क्या-क्या है निश्चय पत्र में

- स्थानीय नीति और नियोजन नीति बदलेंगे, स्थानीय को झारखंड में 75 प्रतिशत आरक्षण देंगे, 25 करोड़ तक की निविदा स्थानीय को
- किसानों का कर्ज होगा माफ, खेतिहर मजदूरों को स्वरोजगार के लिए 15000 का अनुदान
- सरकार बनने के बाद पांच लाख झारखंडी युवाओं को मिलेगी नौकरी, पिछड़ों को नौकरी में 27% आरक्षण
- प्राथमिक से पीएचडी तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा, महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण
- 100 यूनिट तक बिजली खपत मुफ्त 10 रुपये में धोती, साड़ी व लुंगी
- शहीदों के जन्मस्थली होंगे विकसित, झारखंड आंदोलनकारियों के लिए लागू होगी पेंशन योजना
- हर गरीब परिवार को 72 हजार तक हर साल सुनिश्चित राशि, गरीब सवर्ण छात्रों को मुफ्त शिक्षा
- जन वितरण दुकान में चाय पत्ती, सरसों तेल, साबुन, सब्जी मिलेगा

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,600 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# कांके, सिमरिया, देवघर में भाजपा प्रत्याशी को लेकर माथापच्ची

## ■ इन सीटों पर क्या सीटिंग विधायक दे सकेंगे फाइट

## ■ उम्मीदवार पांच साल रहे हवा में, वोटर करते रहे इंतजार

## ■ भाजपा है मजबूत, लेकिन वोटर कह रहे हैं, उम्मीदवारों पर सोचियेगा जरूर

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड विधानसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। दलों ने लगभग अपने-अपने उम्मीदवारों की सूची भी बना ली है। कहीं-कहीं पेंच फंसता हुआ जरूर दिख रहा है। वहां के लिए फील्डिंग भी लगायी जा रही है। भाजपा ने भी लगभग अपने उम्मीदवार तय कर लिये हैं। लेकिन कुछ सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा को मंथन करने की जरूरत है। फिलहाल उम्मदीवारों के नाम अभी सामने नहीं आये हैं, लेकिन कुछ नाम ऐसे होते हैं, जो तय रहते हैं या उम्मीदवार खुद को तय मान लेते हैं। खैर आज हम बात करेंगे कांके, सिमरिया और देवघर सीट के बारे में। ये तीनों विधानसभा सीटें भाजपा की झोली में हैं। यहां भाजपा के मतदाता हावी भी रहते हैं। लेकिन इसका बेजा फायदा उठाया है यहां के तीनों सीटिंग विधायकों ने। ये तीनों विधायक अपने-अपने क्षेत्र में उतने एक्टिव नहीं रहे, जितना जनता उम्मीद कर रही थी। कोई सिर्फ शिलान्यास के दौरान पीछे-पीछे घूमता रहा, कोई हवा में घूमता रहा, तो किसी के पास क्षेत्र भ्रमण के लिए समय ही नहीं रहा। इनमें से एक विधायक का नाम तो लोकसभा चुनाव में हाथ पीछे खींचने में भी उछला था। पार्टी इसे लेकर विचार भी कर रही है। वैसे ये तीनों सीटें भाजपा का गढ़ रही हैं, लेकिन अगर समय रहते भाजपा इन सीटों पर नहीं चेती, तो कम से कम एक सीट तो निश्चित दगा दे ही देगी, लेकिन जनता ने दो सीटों पर अपना निर्णायक मन बनाया है। यहां ज्यादातर जनता भाजपा के साथ दिखी, लेकिन उम्मीदवारों को लेकर उनके मन में संशय की स्थिति बनी हुई है। क्या है कांके, सिमरिया और देवघर को लेकर जनता की राय और क्या रहा है इसका इतिहास, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

### सिमरिया की बीमारी को कौन करेगा ठीक, पूछ रही जनता

सिमरिया विधानसभा क्षेत्र 1977 में अस्तित्व में आया था। पहले यह इलाका बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में ही आता था। यहां से भाजपा चार, कांग्रेस दो, जेवीएम दो और राजद, भाकपा, जीएनपी को एक-एक बार जीत मिली है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता ने समय-समय पर अपना प्रतिनिधि तो बदला है, लेकिन जनप्रतिनिधि समस्याओं को नहीं बदल पाये। एशिया की सबसे बड़ी कोयला परियोजना मगध और आम्रपाली टंडवा में है। पर यहां के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी रैयत नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर आंदोलित रहते हैं। वे मूलभूत सुविधाओं तक से वंचित हैं। क्षेत्र में विस्थापन, सिंचाई और बेरोजगारी आज भी सबसे बड़ा मुद्दा है। यहां के लोगों की उम्मीदें और भरोसा जनप्रतिनिधियों पर से उठने लगा है। वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सिमरिया विधानसभा सीट किशुन दास ने जीत कर भाजपा का 12 वर्षों का वनवास खत्म किया था। इस सीट से उपेंद्रनाथ दास चार बार विधायक रहे। पहली बार वर्ष 1977 में वह जीएनपी के टिकट पर जीते थे। इसके बाद 1990, 1995 और 2005 में उपेंद्रनाथ दास भाजपा के विधायक रहे। लेकिन उपेंद्रनाथ दास के निधन के बाद हुए उपचुनाव में भाकपा के रामचंद्र राम जीत गये थे। इसके बाद हुए दोनों चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा का कब्जा रहा। 2009 में झाविमो के जयप्रकाश भोक्ता ने जीत हासिल की, जबकि 2014 में गणेश गंझू को सफलता मिली। फिर 2019 में भाजपा के किशुन दास विधायक बने। उन्हें आजसू पार्टी के मनोज चंद्रा ने कड़ी टक्कर दी थी। किशुन दास को 2019 में 61438 मत मिले थे, वहीं मनोज चंद्रा को 50442 मत प्राप्त हुए थे। लेकिन अब यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा को घेरने की पुख्ता रणनीति तैयार की है। मनोज चंद्रा के सहारे जेएमएम ने भाजपा के किले को ध्वस्त करने की रणनीति बनायी है। 2023 में ही मनोज चंद्रा आजसू पार्टी छोड़ कर सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में जेएमएम में शामिल हो गये थे। जेएमएम में शामिल होने के बाद वह लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। वहीं सिमरिया विधानसभा सीट पर कांग्रेस और आरजेडी की कोई खास मजबूत दावेदारी नहीं है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि मनोज चंद्रा



जेएमएम टिकट पर सिमरिया विधानसभा सीट से इंडी अलायंस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। वर्ष 2024 में चतरा लोकसभा सीट के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी को बड़ी बढ़त हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में सिमरिया क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार करने के लिए आये थे। इस चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी काली चरण सिंह को 1.40 लाख वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 66 हजार मतों से ही संतोष करना पड़ा। लेकिन यहां की जनता इस बार आर या पार के मूड में है। ज्यादातर लोग विधायक से नाराज दिखे। विधायक का नाम सुनते ही कई लोग बिफर उठे। कहने लगे इस बार हम लोग विधायक को मजा चखायेंगे। उनका मानना था कि उन्हें भाजपा से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन विधायक के प्रति उनका गुस्सा देखते बन रहा था। बातचीत के क्रम में यह आभास हुआ कि अगर भाजपा इस सीट पर उम्मीदवार को लेकर नहीं चेती, तो शायद उसे मुंह की खानी पड़ेगी। सिमरिया की जनता का कहना था कि आज तक सिमरिया अपनी पुरानी बीमारी से जूझ रहा है। इसे ठीक कोई नहीं कर पाया।

### अब बात देवघर की

देवघर अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित विधानसभा सीट है। देवघर विधानसभा सीट गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य रूप से भाजपा और राजद के उम्मीदवार आमने-सामने थे। भाजपा ने नारायण दास को मैदान में उतारा था, वहीं राजद से सुरेश पासवान मैदान में थे। भाजपा के नारायण दास ने 95491 (41.01 प्रतिशत) वोट पाकर जीत अपने नाम की थी। वहीं राजद के सुरेश पासवान को 92867 (39.88 प्रतिशत) वोट मिले थे। फाइट कांटे की थी, लेकिन अंततः जीत भाजपा के उम्मीदवार नारायण दास की हुई। बाबूलाल मरांडी की पार्टी जेवीएम की उम्मीदवार निर्मला भारती तीसरे नंबर पर थीं। नारायण दास वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के उम्मीदवार के रूप में जीते थे। उन्हें 92022 (42.42 प्रतिशत) वोट मिले थे। उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुरेश पासवान। पासवान को 46870 (21.60 प्रतिशत) वोट मिले थे। लेकिन 2019 में सुरेश पासवान ने नारायण दास को कड़ी टक्कर दी। एक वक़्त तो लगा कि सुरेश पासवान कहीं बाजी न मार लें, लेकिन मात्र 3469 वोट से नारायण दास जीत गये। लेकिन 2024 की राजनीतिक परिदृश्य कुछ अलग है। नारायण दास को लेकर जनता में रोष है। वोटर भाजपा के पक्ष में दिखते तो हैं, लेकिन विधायक से नाराज हैं। वोटरों का कहना है कि उम्मीदवार को लेकर भाजपा को विचार करना होगा। वैसे गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और विधायक नारायण दास के बीच की कड़वाहट किसी से छिपी नहीं है। लोकसभा चुनाव के दौरान और बाद में भी इस कड़वाहट को देखा गया था।

### कांके, जहां भाजपा झारखंड गठन के बाद आज तक नहीं हारी

झारखंड का कांके विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है। कांके विधानसभा सीट बीजेपी का गढ़ माना जाता है। झारखंड गठन के बाद हुए चार विधानसभा चुनावों में बीजेपी यहां से आज तक नहीं हारी। हर बार भाजपा ने यहां बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। रामचंद्र बैठा ने सबसे अधिक बार कांके विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। चार चुनावों में वह दो बार जीते। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट से भाजपा के डॉ जीतू चरण राम जीते। उनको कुल एक लाख 15 हजार 702 वोट मिला था। कांके विधानसभा सीट पर डॉ जीतू चरण राम से पहले किसी को इतना वोट नहीं मिला था। इस चुनाव में कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी। उसके उम्मीदवार सुरेश कुमार बैठा को कुल 55,898 वोट मिले थे। झामुमो इस चुनाव में तीसरे नंबर पर रही थी। उसके प्रत्याशी अशोक कुमार नाग को कुल 17,411 वोट मिले थे। वहीं वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से समरी लाल चुनाव के मैदान में थे। उनको कुल एक लाख 11 हजार 975 वोट मिले और वह विधायक बने। कांग्रेस की ओर से सुरेश कुमार बैठा दूसरे स्थान पर रहे। उनको कुल 89,435 वोट मिले थे। आजसू पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले रामजीत गंझू तीसरे नंबर पर रहे। उनको कुल 29,127 वोट मिले थे। लेकिन इस बार लोगों का कहना है कि हमारे विधायक सिर्फ शिलान्यास के वक्त ही दिखाई देते हैं। बाकी समय वह अपने काम में ही व्यस्त रहते हैं। उन्होंने जनता को टेकेन फॉर ग्रांटेड ले लिया है। यह समझ से परे था कि भाजपा के मतदाता उनकी शिकायत कर रहे थे। उन्हें भाजपा से कोई परेशानी नहीं है। लेकिन उन्हें विधायक से दिक्कत है। वैसे 2019 में कांके विधानसभा सीट से समरीलाल की जीत के बाद, उनकी जाति से संबंधित मामला कोर्ट में जा पहुंचा। ऐसे में कुछ बीजेपी नेताओं का मानना है कि कांके जैसे शहरी क्षेत्र में उम्मीदवार चयन के मामले में पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए, ताकि बाद में परेशनियों का सामना नहीं करना पड़े। फिलहाल समरी लाल को लेकर अभी संशय बना हुआ है। वैसे यह सीट भाजपा की पारंपरिक सीट है।

---

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, बोले-

# बकाया राशि हमारा हक, हम लेकर रहेंगे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसमें कोयला कंपनियों से लंबित 1.36 लाख करोड़ रुपये की मांग की गयी है। उन्होंने कहा है कि वह राज्य के लिए स्पेशल बजट की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि उचित बकाये की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि इस लंबित रकम के कारण झारखंड के विकास को काफी क्षति हो रही है। सोरेन ने पत्र को 'एक्स' पर पोस्ट किया है और लिखा है कि यह बकाया राशि हमारा हक है... झारखंड किसी विशेष बजट की मांग नहीं कर रहा है। हम सिर्फ अपने हक की बात कर रहे हैं जिसे हम हर हाल में लेकर रहेंगे।

### सीएम ने पत्र में लिखा है कि.....

#### बकाया राशि का विवरण

कुल बकाया राशि लगभग 1,36,042 करोड़ रुपये है। इसमें शामिल हैं: वॉश्ड कोयला रॉयल्टी के रूप में 2,900 करोड़ रुपये, पर्यावरण मंजूरी सीमा के उल्लंघन के लिए 32,000 करोड़ रुपये, भूमि अधिग्रहण मुआवजे के रूप में 41,142 करोड़ रुपये (38,460 करोड़ रुपये जीएम भूमि और 2,682 करोड़ रुपये जीएमएलएल भूमि के लिए)। इस पर लगी सूद की रकम 60,000 करोड़ रुपये, कुल 1,36,042 करोड़ रुपये।

#### विकास पर प्रभाव

इस बकाया राशि के कारण, हमारे राज्य में अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, स्वच्छ पेयजल एवं मंईयां, बच्चों, युवा, वृद्ध, किसान, मजदूर, आदिवासी-मूलवासी, दलित, अल्पसंख्यक, विस्थापित एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं को लागू करने में कठिनाई हो रही है। झारखंड, एक अल्प विकसित राज्य है, जो संसाधनों की कमी से गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। संसाधनों की कमी को पूर्ण करने के लिए उपरोक्त राशि अत्यंत आवश्यक है।

#### न्यायिक निर्णय

सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने राज्य के पक्ष में फैसला दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि खनन और रॉयल्टी शुल्क वसूलने का अधिकार राज्य को है। यह भी कहा गया है कि रॉयल्टी एक कर नहीं है और इसलिए इस पर कोई सीमा नहीं लगायी जा सकती।

#### हमारा अनुरोध

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और कोयला कंपनियों को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दें। जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना चाहिए या कोल इंडिया के खाते से राज्य के खाते में सीधे क्रेडिट किया जाना चाहिए। यह राशि झारखंड के लोगों के कल्याण और राज्य के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### समाधान का आग्रह

हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मुद्दे का शीघ्र समाधान किया जाये ताकि झारखंड के लोग विभिन्न सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह न केवल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि गरीबी उन्मूलन और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए भी आवश्यक है। हम आपके सकारात्मक हस्तक्षेप और त्वरित कार्रवाई की आशा करते हैं। इसके लिए झारखंड के लोगों की ओर से, मैं आपका सदैव आभारी रहूंगा।

---

# दो चरणों में चुनाव कराने का स्वागत : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) में विधानसभा चुनाव कराये जाने के फैसले का भाजपा ने स्वागत किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत अन्य नेताओं ने यह भी उम्मीद जतायी है कि राज्य में सरकार बदलेगी। बाबूलाल ने एक्स पर लिखा है कि चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का वे स्वागत करते हैं। बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न और झामुमो कांग्रेस राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है। यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। बाबूलाल ने विश्वास जताते कहा है कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनायेंगे।

अमर बाउरी ने कहा है कि झारखंड की अत्याचारी झ महा भ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है। दो चरणों में चुनाव का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड चुनाव की घोषणा पर कहा कि चुनाव आयोग ने झारखंड में दो चरणों में चुनाव कराने का बहुत अच्छा फैसला लिया है। हमें पूरा भरोसा है कि इस चुनाव से झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की लूट और भ्रष्टाचार का अंत होगा। चुनाव आयोग की इस घोषणा से झारखंड मुक्ति मोर्चा को झटका लगा है। हम चुनाव आयोग के इस फैसले का स्वागत करते हैं।

---

# जेएमएम-कांग्रेस सरकार धोखेबाजों की सरकार है : हिमंता बिस्वा सरमा

**कहा-चुनाव के बाद हेमंत सरकार ने 2500 रुपये देने का झांसा दिया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 29 प्रस्तावों की स्वीकृति मिली है। इसमें मंईयां सम्मान योजना की राशि में बड़ी वृद्धि की गयी है। इसके तहत अब लाभार्थियों को दिसंबर महीने से 1000 की जगह 2500 रुपये दिये जायेंगे। इस पर असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड की झामुमो-कांग्रेस सरकार धोखेबाजों की सरकार है। उन्होंने कहा कि पांच साल सत्ता में रहने के बाद अब सरकार चुनाव के बाद गरीबों को पैसे देने की बात कर रही है। झारखंड की जनता जल्द ही तय करेगी कि उन्हें मोदी की सरकार चाहिए या झामुमो-कांग्रेस की सरकार। हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा है "झारखंड की जेएमएम-कांग्रेस सरकार धोखेबाजों की सरकार है। पांच साल सत्ता भोगने के बाद वे कह रहे हैं कि चुनाव के बाद गरीबों को ?2500 देंगे।

16 अक्टूबर, 2024
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 354

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## झारखंड में बज गयी चुनाव की डुगडुगी, आदर्श आचार संहिता लागू

# 13 और 20 नवंबर को होगा मतदान

- केवल दो चरणों में 81 विधानसभा सीटों का चुनाव होगा संपन्न
- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की भी घोषणा, 20 नवंबर को होगा मतदान
- दोनों विधानसभा के लिए 23 नवंबर को मतगणना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बज गयी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को नयी दिल्ली में चुनाव की तारीखों का एलान किया। झारखंड में इस बार केवल दो चरणों में 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराये जायेंगे। यहां 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, महाराष्ट्र में एक चरण में 288 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे। झारखंड का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है। वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा।

**झारखंड में 11.48 लाख नये मतदाता:** झारखंड में इस बार कुल 2.60 करोड़ मतदाता चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 11.84 लाख नये मतदाता पहली बार वोट डालेंगे, जबकि 66.84 लाख युवा मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग ने इस बार चुनाव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। झारखंड की कई विधानसभा सीटें नक्सल प्रभावित हैं, इसलिए वहां विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी। हर पोलिंग बूथ पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे और मतदान के दौरान किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जायेंगे।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

### झारखंड में दो चरण में होंगे चुनाव



| | पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|---|
| अधिसूचना | 18 अक्तूबर | 22 अक्तूबर |
| नामांकन | 25 अक्तूबर | 29 अक्तूबर |
| नामांकन की जांच | 28 अक्तूबर | 30 अक्तूबर |
| नाम वापसी | 30 अक्तूबर | 01 नवंबर |
| मतदान | 13 नवंबर | 20 नवंबर |

कुल सीटें 81 | बहुमत 41

नतीजे 23 नवंबर

### झारखंड में दो चरणों में चुनाव, एक नजर में

- कुल सीट: 81
- एससी के लिए आरक्षित: 9
- एसटी के लिए आरक्षित: 28
- कुल मतदाता: 2.60 करोड़
- पुरुष मतदाता: 1.31 करोड़
- महिला मतदाता: 1.29 करोड़
- युवा मतदाता : 66.84 लाख
- नये मतदाता : 11.84 लाख
- मतदान: 13 और 20 नवंबर
- मतगणना: 23 नवंबर

## स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्राथमिकता: के. रवि कुमार



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा, विधानसभा चुनाव की हुई घोषणा, आदर्श आचार संहिता लागू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी के साथ 15 अक्टूबर 2024 की शाम 3.30 बजे से झारखंड में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। वह मंगलवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह भी मौजूद थे।

**चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जायेगी:** रविकुमार ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवंबर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जायेगी।

### 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए रविकुमार ने कहा कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक एप्प भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केंद्रों की स्थिति, मसलन मतदान केंद्र पर कितने लोग मतदान के लिए कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एप्प बुजुर्ग मतदाताओं के लिए काफी लाभदायक होगा। वहीं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा रहेगी। इसके लिए उन्हें फार्म 12 डी भरना होगा। चुनाव प्रचार में उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं।

### न्यूज रील्स

### 13 राज्यों की 47 विधानसभा-सीटों पर उपचुनाव भी होंगे

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र-झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का भी ऐलान किया। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। 48 विधानसभा सीटों में से सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश की 9 सीटें हैं। इसके अलावा राजस्थान की 7, पश्चिम बंगाल की 6, असम की 5, बिहार और पंजाब की 4-4, कर्नाटक की 3, केरल, मध्य प्रदेश और सिक्किम की 2-2, गुजरात, उत्तराखंड, मेघालय और छत्तीसगढ़ की 1-1 विधानसभा सीट उपचुनाव होगा।

### महाराष्ट्र में 288 सीटों पर 20 को मतदान

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। महाराष्ट्र विधानसभा में सरकार बनाने का जादुई आंकड़ा 145 है। विधानसभा की कुल सीटों में से 29 एससी और 25 एसटी उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित हैं। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच मुकाबला है। महायुति में बीजेपी, एनसीपी, शिवसेना, मनसे, आरपीआई समेत आठ पार्टियां शामिल हैं। महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरदचंद्र पवार), समाजवादी पार्टी, स्वाभिमानी पक्ष, सीपीएम समेत सात दल हैं।

### इवीएम पर फैक्ट के साथ जवाब दिया, प्रोसेस बतायी



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव घोषणा के साथ इवीएम पर फैक्ट के साथ जवाब भी दिया और इसके प्रोसेस को भी बताया। उन्होंने कहा कि लोग पूछते हैं कि किसी देश में पेजर से ब्लॉस्ट कर देते हैं, तो इवीएम क्यों नहीं हैक हो सकती। पेजर कनेक्टेड होता है, इवीएम नहीं। छह महीने पहले इवीएम की चेकिंग शुरू होती है। पोलिंग पर ले जाना, वोटिंग के बाद वापस लाना। हर एक स्टेज पर पॉलिटिकल पार्टी के एजेंट या उम्मीदवार मौजूद होते हैं। जिस दिन कमीशनिंग होती है, उस दिन बैट्री डाली जाती है। उन्होंने कहा कि वोटिंग से पांच-छह दिन पहले कमिशनिंग होती है। इस दिन सिंबल डाले जाते हैं और बैट्री डाली जाती है। बैट्री पर भी एजेंट के दस्तखत डाले जाते हैं। जब इवीएम स्ट्रॉग रूम में जाती है, यहां भी तीन लेवल की चेकिंग होती है। जिस दिन पोलिंग के लिए निकलेंगी, तब भी यही प्रोसेस होगी। वीडियोग्राफी होगी। नंबर भी शेयर होंगे, ये मशीन इस बूथ पर जायेगी। फिर चेकिंग होगी, वोट डाल कर देखे जायेंगे। पूरे दिन वोटिंग हुई। फिर मशीन लॉक। फिर दस्तखत और हिसाब-किताब होता है। उन्होंने कहा कि इवीएम से जुड़ी 20 शिकायतें आयी हैं। हम हर सवाल का फैक्चुअल जवाब देंगे। जल्दी देंगे। अगला भी कुछ आयेगा, रुकेगा नहीं।

### झारखंड में किस सीट पर कब चुनाव

**पहला चरण (13 नवंबर 2024) 37 विधानसभा सीट:** कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाइबासा, मंझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डाल्टनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर।

**आरक्षित सीट: एससी:** सिमरिया, चतरा, जुगसलाई, कांके, लातेहार और छतरपुर।

**एसटी:** घाटशिला, पोटका, सराकेला, चाइबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा और मनिका।

**दूसरा चरण (20 नवंबर 2024) 44 विधानसभा सीट**

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पोरैयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली और खिजरी।

**एससी:** देवघर, जमुआ और चंदनक्यारी।

**एसटी:** बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, दुमका, जामा और खिजरी।

## हटाये गये मंजुनाथ भजंत्री, वरुण रंजन बने रांची के नये उपायुक्त



मंजुनाथ भजंत्री



वरुण रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले रांची डीसी मंजुनाथ भजंत्री को हटा दिया गया है। उनकी जगह अब वरुण रंजन को रांची का उपायुक्त बनाया गया है। मंजुनाथ भजंत्री को डीसी बनाये जाने का भाजपा ने विरोध किया था और चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की थी। कुछ दिन पहले ही राहुल सिन्हा को हटा कर मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाया गया था। लेकिन मंगलवार को उन्हें भी हटा कर वरुण रंजन को रांची डीसी बनाया गया है।

## रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी अब लड़ सकेंगी चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गोला गोलीकांड के दो अलग- अलग मामले में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हजारीबाग की निचली अदालत द्वारा दी गयी सजा को चुनौती देने वाली अपील पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें हाइकोर्ट की एकल पीठ ने ममता देवी को दो अलग-अलग मामले में हजारीबाग की निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराये जाने के बिंदु पर रोक लगा दी है। इससे ममता देवी का चुनाव लड़ने का आगे का रास्ता साफ हो गया है। जिन दो मामलों में ममता देवी को दोषी ठहराते हुए सजा मिली थी, उनमें से एक रजरप्पा थाना कांड संख्या 79/2016 में 13 दिसंबर 2022 को ममता देवी को 5 साल की सजा मिली थी। वहीं 4 जनवरी 2023 को गोला गोली कांड के चौथे मामले गोला थाना कांड संख्या 65/2016 में हजारीबाग की विशेष कोर्ट ने ममता देवी को दो साल की सजा दी थी। उन पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता एके कश्यप एवं अनुराग कश्यप ने पैरवी की। 13 दिसंबर 2022 को हजारीबाग जिला जज चतुर्थ कुमार पवन की अदालत ने ममता देवी एवं अन्य को पांच साल की सजा सुनायी थी। 8 दिसंबर को विधायक ममता देवी दोषी करार दिये जाने के बाद पुलिस हिरासत में ले लिया गया था। एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट ने 307, आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन धाराओं में ममता देवी समेत 13 आरोपियों को दोषी करार दिया था, जिसके बाद इन्हें जेपी कारा भेज दिया गया था।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting

J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

## भाजपा में उम्मीदवारों को लेकर मंथन शुरू, किसी भी वक्त एलान संभव

नयी दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक



फाइल फोटो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा किसी भी वक्त की जा सकती है। नयी दिल्ली में मंगलवार को देर रात भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इसमें राज्य से भेजे गये मंतव्य पर विचार किया गया। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले प्रदेश नेताओं की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमति शाह के साथ बैठक हुई। इसमें कई नामों पर सहमति बन गयी। कुछ सीटों पर अम्मीदवार को लेकर असमंजस की स्थिति भी बनी। इस पर केंद्रीय चुनाव समिति में विचार-विमर्श में निकले निष्कर्ष के बाद फैसला लिया जायेगा।

गौरतलब है कि असम के मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने सोमवार को चुनावी घोषणा के 24 से 48 घंटे के भीतर 90 फीसदी सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर देने का संकेत दिया था। उधर, उन्होंने आजसू, जदयू और लोजपा के साथ सीटों के बंटवारा तय हो जाने का भी संकेत दे दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह के अलावा समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे, जबकि प्रदेश की तरफ से चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह, सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कोर ग्रुप के अन्य नेता रहे। बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लग गयी है। जल्द ही घोषणा कर दी जायेगी।

## लापता बच्चे का शव कुआं से बरामद



**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चंदा गांव निवासी बसंत मेहता का पुत्र नौजल कुमार (उम्र 12 वर्ष ) का शव मंगलवार सुबह चंदा स्थित उसी के कुएं में तैरता मिला। नौजल कुमार रविवार दोपहर से गायब था। सूचना पाकर थाना प्रभारी संतोष कुमार सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। इधर घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना के बाद पिता बसंत मेहता, मां कंचन देवी समेत परिजनों का रो-रोकर कर बुरा हाल है। नौजल कुमार पांच भाई बहनो में तीसरे नंबर पर था। वह रा आदर्श मवि करियातपुर में वर्ग 6 का विद्यार्थी था और पढ़ने में काफी तेज था। पिता बसंत मेहता ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए बताया की रंजिश के कारण उसे मारकर कुएं में डाला गया है। बताया की रविवार को दोपहर नौजल सोया हुआ था, अचानक उठकर कहीं चला गया। हमलोगों ने हर संभव ढूंढने का प्रयास किया, पर वह नहीं मिला। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा की मामला संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही सच सामने आयेगा। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। चंदा चौक से दरिया चौक तक सीसी टीवी फूटेज खांगाला जा रहा है।

## समाजसेवी रामलखन मेहता का निधन, शोक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मंगुरा गांव निवासी समाजसेवी रामलखन मेहता की (उम्र 75 वर्ष) मंगलवार सुबह करीब 8 बजे आकस्मिक निधन ह्रदय गति रुक जाने से हो गया। जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार रामलखन मेहता मंगलवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल से जमुवारी चौक गये थे। जहां उनकी तबियत अचानक बिगड़ गयी। वहां से किसी ने उन्हें अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर मंगुरा स्थित घर पहुंचा दिया। परिजन उंन्हे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से किसान परिवार से आनेवाले स्व मेहता का पूरा जीवन काल समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। वे जीवनपर्यंत सार्वजनिक दुर्गा पूजा और रामनवमी पूजा समिति मंगुरा के अध्यक्ष बने रहे। शव यात्रा में भुनेश्वर प्रसाद मेहता, अमित कुमार यादव, उमेश प्रसाद मेहता, जानकी प्रसाद यादव, मनोहर राम, सत्येंद्र मेहता, रेणु देवी, बटेश्वर मेहता, डॉ आर सी मेहता, चंद्रदेव मेहता, अर्जुन मेहता, अशोक राम, आचार्य श्रीनिवास पांडेय, जयनारायण मेहता, अनूप भाई वर्मा, ओमप्रकाश मेहता, अशोक मेहता, हिरामन मेहता, अशोक यादव, पूर्व मुखिया मनोज मेहता, सुनील मेहता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## एनीमिया मुक्त भारत बनाने को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में समाज कल्याण विभाग कोडरमा के तत्वावधान में स्वयंसेवी संस्था जीवन ज्योति ने एनीमिया मुक्त भारत बनाने को लेकर नृत्य संगीत के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अंचल अधिकारी सारांश जैन ने बताया कि एनीमिया के लक्षण जैसे कमजोरी महसूस करना, सांस फूलना, अत्यधिक नींद आना, सर भारी रहना और बीमार रहना आदि लक्षण है। उन्होंने बताया कि इसमें लोगों में खून की कमी के कारण एनीमिया का होना बताया सभी अंचल वासियों महिला-पुरुष और युवाओं से आग्रह है कि सरकारी अस्पताल में जाकर जांच करवा लें और एनीमिया के लक्षण होने पर इसका इलाज नि:शुल्क करवा सकते हैं। नियमित आहार लें और एनीमिया मुक्त भारत बनाने में सहयोग करें। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, जीवन ज्योति के सचिव मुकेश कुमार, राकेश राय, गिरधारी प्रसाद, दीपक कुमार, उपेंद्र सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्वीप कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कोडरमा विधानसभा सभा अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप कोषांग के विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व मेंअपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, डीपीएम जेएसएलपीएस व अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर आमजनों को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## महिला किसान दिवस का हुआ आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज उपस्थित रही। उन्होने अपने सम्बोधन में महिला किसानों को बधाई देते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाए कदम से कदम मिलाकर आगे बह रही है, कृषि के क्षेत्र में महिलाए पुरुषों के साथ बढ़ चढ़ कर खेती के काम में हाथ बटा रही है, इसी के साथ किसान महिलाओ द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता को पुष्प देकर स्वागत किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में प्रगतिशील महिलाओ को एक पेड़ मां समान के तहत पौधा देकर सम्मानित किया गया और महिला किसान दिवस पर उपस्थित सभी महिला किसानों को किचन गार्डेन किट दिया गया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर प्र वर्णवाल, सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, पशुपालन पदाधिकारी रामसरीख प्रसाद, मत्स्य पदाधिकारी विजय सिह सहित रजीत पांडेय, उमाशंकर, रविन्द्र कुमार, राजकुमार आत्मा कर्मी सहित दर्जनो महिला उपस्थित रही। मंच संचालन प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक संतोष कुमार सिहं ने किया।

# देश की सेवा के लिए बीएसएफ के 373 कॉन्स्टेबल ने ली शपथ

**देश के कोने कोने में देंगे अपनी सेवा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के बीएसएफ मेरु स्थित सहायक प्रशिक्षण केंद्र रानी झांसी परेड ग्राउंड में मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल के 373 नवआरक्षक (सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग बैच संख्या-161 और 162) 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन और साधना के पश्चात बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कमलजीत सिंह बनियाल, महानिरीक्षक सहायक प्रशिक्षण केंद्र और प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय सीमा सुरक्षा बल हजारीबाग ने सलामी ली। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरीष्ठ अधिकारी, लोक प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण और नव आरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे। दीक्षांत परेड में शामिल 373 नव आरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली और राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाये रखने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रण लिया।समारोह के दौरान शानदार ड्रिल और मार्च पास्ट कर नव आरक्षकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने ओवरऑल बेस्ट परफॉरमेंस समेत विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवआरक्षकों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। बतौर मुख्य अतिथि कमलजीत सिंह बनियाल महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केंद्र और प्रशिक्षण केंद्र ने अपने संबोधन में नवारक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि, आज की दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर, सीमा सुरक्षा बल जो कि भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए हैं और बल में, कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं। उन्होंने नवआरक्षकों के माता पिता और परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि अपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर राष्ट्र- सेवा के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सहायक प्रशिक्षण केंद्र के कुशल अनुदेशकों की टीम को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बधाई दी। दीक्षांत परेड के उपरान्त बीएसएफ बैंड की धुन ने दर्शकों को काफी आकर्षित और रोमांचित किया। इसके अलावा जवानों के द्वारा सामूहिक योग, वेपन हैंडलिंग, केरल राज्य के मार्शल आर्ट (कलारीपट्टु) और केंद्रीय विद्यालय मेरु के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने भूरी - भूरी प्रशंसा की। सभी पास आउट होने वाले नौजवान जल्दी ही सीमाओं की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं।

# चुनाव की घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन एक्शन में, दिये गये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** झारखंड विधानसभा के चुनाव की घोषणा होते हैं प्रखंड प्रशासन आया एक्शन में इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने चुनाव कर्मियों और कर्मचारी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर समीक्षा करते हुए आदर्श आचार संहिंता का सख्ती से अनुपालन करने और मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने, मतदाताओं के बीच मतदान हेतू प्रचार प्रसार करने, स्वीप गतिविधियों का संचालन, मतदाता सूची में छुटे हुए योग्य मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोडने सहित अन्य विषयों पर जानकारी दिये। साथ ही सभी पार्टियों के लगे बैनर पोस्टर को उखाड़ने की प्रक्रिया क्या गया जिसमें बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में लगे बैनर पोस्टर को प्रखंड प्रशासन के द्वारा उखाड़ दिया गया। ऑटोमेटिक ग्रुप में सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को लगे बैनर पोस्टर को हटाने का आग्रह किया। इसके अलावा चूनाव अवधि में चूनाव संबंधी सभी कार्य समय पर निष्पादित करने के निर्देश दिया। मौके पर अरुण पासवान, हीरो महतो, आशीष पासवान, भास्कर राज, प्रधान लेखपाल मोहम्मद, खुर्शीद आजाद, सचिन कुमार, मोहम्मद खुर्शीद, शमसुद्दीन, जय प्रकाश चौधरी, खुश नारायण मेहता, अशोक नारायण तिवारी, अलका कुमारी, स्वाति कुमारी, अंजू कुमारी, संगम कुमारी, रोजगार सेवक, संदीप कुशवाह, सुबोध कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, दीपक कुमार, तूफानी महतो सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## ढिबरा लदा पिकअप जब्त, एक गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के राम लखन सिंह यादव कॉलेज रोड से मंगलवार की सुबह डीएफओ कोडरमा सौमित्र शुक्ला ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध ढिबरा लोड एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि ढोढाकोला से एक ढिबरा लोड पिकअप वाहन झुमरीतिलैया की तरफ जा रही है। जिसके बाद डीएफओ ने अपनी टीम के साथ पिकअप को जब्त करते हुए पिकअप के वाहन के चालक सूरज कुमार पिता टुकलाली मेहता नावाडीह डोमचांच निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वाहन पर 2 टन ढिबरा लोड था जिसकी कीमत लगभग एक लाख बतायी जा रही है। अभियान में पंकज कुमार, मो जावेद, अनिल कुमार यादव आदि मौजूद थे।

# आइसेक्ट विवि में संगोष्ठी का आयोजन

**भोजन का अधिकार, बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए अहम : डॉ सुधांशु**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** आइसेक्ट विवि हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस और विश्व खाद्य दिवस के मौके पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ के वरीय वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय वर्षाश्रित उपरी भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र, हजारीबाग के वैज्ञानिक डॉ विभास चंद्र वर्मा, आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा व कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुधांशु शेखर ने कहा कि भोजन का अधिकार एक बुनियादी मानव अधिकार है। इस दौरान डॉ शेखर ने सरकारी योजनाओं की जानकारी भी मौजूद लोगों से साझा की। विशिष्ट अतिथि डॉ विभास चंद्र वर्मा ने भी भारत में कृषि की स्थिति, उसकी अहमियत और उन्नत तकनीक से कृषि कार्य के लाभ से लोगों को अवगत कराया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने आधी आबादी की अहमियत बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को बड़ी तादाद में कृषि संबंधित प्रशिक्षणों से जोड़े जायें। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि हालांकि संतुलित आहार हर नागरिक को मिले। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा और कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने भी खाद्य संबंधित महत्वपूर्ण पक्षों से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम में 150 से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी कार्यों में सहयोग प्रभात किरण, मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी, प्रतिभा हेंब्रम और धन्यवाद ज्ञापन कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुलसचिव अमित कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार, कैलाश प्रसाद, कपिल, मुकेश, अजय, सोनू, प्रकाश कुमार, सौरभ सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव और हजारीबाग सदर में 13 नवंबर को डाले जायेंगे वोट

**25 अक्टूबर तक नॉमिनेशन और 23 नवंबर को होगी काउंटिंग**

दीपक सिंह




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। पूरे राज्य में दो चरणों में चुनाव होंगे। हजारीबाग जिले में पड़ने वाले बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव और हजारीबाग सदर में 13 नवंबर को वोट पड़ेंगे, जबकि मांडू विधानसभा के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोट पड़ेंगे। बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव और हजारीबाग सदर के लिए नॉमिनेशन की आखिरी तिथि 25 अक्टूबर है। जबकि 28 अक्टूबर को स्क्रुटनी और 30 को नाम वापसी होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। हजारीबाग जिले के बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, मांडू और हजारीबाग सदर में कुल मतदाताओं की संख्या 1595649 है। 50326 नये मतदाता जोड़े गए है जो अभी जारी है। 18-19 आयु वर्ग के 42578 नये मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पूरे जिले में 22287 दिव्यांग जबकि 8547 मतदाता 80+ आयु के हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में जेंडर रेशियों 947 की तुलना में 958 हैं। बरकट्ठा विधानसभा में 470 मतदान केंद्र बनाये गये है, जबकि बरही में 400, मांडू में 510 और हजारीबाग सदर में 486 बूथ बनाये गये हैं। जिला स्तर पर निर्वाचन कार्य को सफल बनाने को लेकर 17 कोषांग बनाये गये हैं। बरकट्ठा और बरही विधानसभा का नॉमिनेशन बरही, जबकि हजारीबाग सदर और मांडू विधानसभा का नॉमिनेशन हजारीबाग अनुमंडल कार्यालय में होगा। डीसी नैंसी सहाय ने बताया कि 1668 मतदान केंद्र के लिए 268 सेक्टर बनाये गये है, उसके लिए सेक्टर दंडाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति की गयी है। दिव्यांग और 85+ आयु के मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव के सफल संपादन के लिए 50 कंपनी बल की मांग की गयी थी, जिसमें 5 कंपनी बल मिल चुके हैं। बाकी बल चुनाव के वक्त उपलब्ध हो जायेंगे। 15 स्थानों पर चेकपोस्ट लगेंगे। सुरक्षा और शांति पूर्वक वोटिंग के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

## झरपो में झामुमो कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो बुधबाजार प्रांगण में आगामी विधानसभा चुनाव लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह की अध्यक्षता में की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक सह आवास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन, झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव उपस्थित हुए जिसका संचालन हरि प्रसाद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए बरकट्ठा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना 18 वर्ष से 49 वर्ष तक की महिलाएं को दी जा रही है जो कि दिसंबर से बढ़ाकर 2500 रुपया सम्मान के योजना की राशि दी जायेगी। भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना के बौखलाहट से भाजपा गोगो योजना चलाया सरकार है, नहीं तो गोगो योजना कहां से आयेगा सिर्फ और सिर्फ जनता को ठगने और बरगलाने का काम जनता के साथ भाजपा कर रही है 200 यूनिट बिजली फ्री किया गया जो कि लगभग ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बिल नहीं देना पड़ेगा ग्रामीणों को राहत दिलाने का काम हेमंत सोरेन सरकार ने किया है। श्री यादव की उपस्थिति में प्रविल प्रसाद,संजय रविदास, संदीप पांडेय, शंकर प्रसाद, पप्पू कुमार, लक्ष्मी सोनी, अरुण शर्मा, प्रो भुनेश्वर प्रसाद, रुपेश कुमार दास, राजेश कुमार ने झामुमो की पट्टी पहनकर सदस्यता ग्रहण किया सभी को बधाई दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतीनिधि इब्राहिम अंसारी, राजेश प्रसाद, अशोक कुशवाहा, सरयू राम नारायण विश्वकर्मा, संजय प्रसाद, जितेंद्र पासवान, धनेश्वर पासवान, हरि प्रसाद, विनोद मालाकर, सरयू प्रसाद केदार गौरव, रवि यादव, गणेश माली, तेजो राम, रामविलास शर्मा, प्राण प्रसाद, जगदीश यादव, राजेश ठाकुर सहित अन्य महिला उपस्थित थी।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में मनी डॉ अब्दुल कलाम की जयंती



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति और भारतरत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6वीं और 7वीं के छात्रों ने डॉ कलाम की जीवन यात्रा और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा द्वारा डॉ कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गयी। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ कलाम के संघर्षमय जीवन और उनकी महान उपलब्धियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में कौश्तुभी काव्य, इल्मा परवेज, साक्षी सिंह, हर्षिका सोनी और अभिनव कुमार ने अपने प्रेरक भाषणों के जरिये डॉ कलाम के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का चित्रण किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा संध्या कुमारी ने किया, जो ऐक्टिविटी कोर्डिनेटर किशोर कुणाल की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा बनायी गयी डॉ कलाम की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। प्रेरक कार्यक्रम को सफल बनाने में कई शिक्षकों और कोऑर्डिनेटरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कोऑर्डिनेटर आशुतोष गौतम, ऐक्टिविटी कोर्डिनेटर किशोर कुणाल, साइंस शिक्षक सुमित साव के साथ अनमोल रतन, रजनी बाला, सीमा जैन, और रमेश कुंज ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया। डॉ कलाम के आदर्श और उनका जीवन आज भी लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## चौकीदार बहाली को लेकर 66 अभ्यर्थियों का चयन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में चौकीदार बहाली को लेकर अंतिम मेधा सूची के आधार पर 66 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कुल 66 अभ्यर्थियों को उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्ति के बाद चयनित अभ्यर्थियों में खुशी व्याप्त है। उन्हें विभागीय निदेर्शानुसार कार्य करने और शुभकामना संदेश दिया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु मौजूद रहे।

## डोमचांच नगर पंचायत का हाल बेहाल



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत का हाल बेहाल है। वार्ड नं 10 में जहां एक तरफ गन्दगी जमा रहता है। वही नीमाडीह रोड में नाली नहीं होने के कारण वार्ड नं दस के सारे पानी रोड में जमा हो गया है और खेती करने वाले लोग दोनों और से मिट्टी भराई कर रोड में पानी जाम कर देने से उस रोड पर आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। फिर भी नगर पंचायत के पदाधिकारी कर्मियों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। जबकि कई बार उस रोड में स्कूल के बच्चें के साथ राहगीरों को अब जाना बेहाल हो गया है। बगल में मंदिर भी स्कूल से दस कदम की दूरी में है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के जेजे कॉलेज के समीप मंगलवार को दो बाइक के बीच टक्कर होने से बाइक पर सवार राजा कुमार (उम्र करीब 22 वर्ष) घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायल युवक ने बताया कि वह कोडरमा से तिलैया की तरफ जा रहा था। इसी दौरान जेजे कॉलेज के समीप एक बाइक सवार ने पीछे से उसे टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में घायल का इलाज चल रहा है।

## डायरिया से कई बिरहोर परिवार पीड़ित

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र मंगलवार को ग्राम बिरहोर टोला गजहड़ में डायरिया का प्रकोप से बिरहोर परिवार पीड़ित होने का मामला प्रकाश में आया है। मामला को लेकर स्थानीय सहिया के द्वारा इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दी गयी जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आशीष कुमार, डॉक्टर सतनारायण भकत के द्वारा बिरहोर कॉलोनी पहुंचकर पीड़ित लोगों को जांच करते हुए दवा वितरण किया गया। साथ ही साफ सफाई और बासी भोजन से परहेज करने की हिदायत दी गयी। गंभीर स्थिति में अनीता बिरहोर उम्र 30 वर्ष पति शक्ति बिरहोर, रंजन बिरहोर 10 वर्ष पिता राधे बिरहोर, रूपेश बिरहोर 12 वर्ष पिता स्वर्गीय अरुण बिरहोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in
05

## घर का ताला तोड़, रुपये और जेवरात की चोरी



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडूचट्टी स्थित आजाद मुहल्ला नुरेशा खातून के घर से बीती रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब दो लाख का जेवरात की चोरी कर ली है। इस संबंध में भुक्तभोगी नुरेशा खातून पति अहमद अंसारी ने मांडू थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में भुक्तभोगी ने कहा है कि हमलोग सभी परिवार घर में ताला लगाकर बहन के घर चितरपुर गये थे। बुधवार की सुबह गोतनी के द्वारा फोन से बताया गया कि घर का ताला टूटा हुआ है। हमलोग आनन फानन सभी परिवार चितरपुर से मांडू अपने घर लौटे तो घर समेत अलमारी का ताला टूटा पाया। साथ ही अलमारी में रखे सोने का कान का झुमका, चांदी का पायल, चांदी का गला का सेट, पांच हजार नकद रुपये समेत करीब दो लाख का जेवरात गायब है। भुक्तभोगी ने थाना में देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर चोरी की मामले की सूचना मिलते ही मांडू पुलिस घटना स्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही चोरों को धर पकड़ में जुट गयी।

## विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक आज

**मांडू (आजाद सिपाही)।** विधान सभा चुनाव को लेकर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ ऋतिक कुमार ने गुरुवार को प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की है। बैठक में प्रखंड के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस दंडाधिकारी, पंचायत सचिव और प्रखंड के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को उपस्थित होना अनिवार्य बताया है। कहा है कि आहूत बैठक में प्रखंड के सभी बूथों में पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, आदर्श आचार संहिता नियम का पालन, हस्तांतरित वोटरों, बुजुर्ग वोटर और दिव्यांग मतदाताओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जायेगी।

## उज्ज्वला फाउंडेशन का नाम है पूरे मांडू विस में: जगेश्वर प्रजापति




**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्जवला फाउंडेशन का आज पूरे मांडू विधानसभा में नाम है। इसका सारा श्रेणी आप उज्जवला दीदी को जाता है। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स के सभागार में आयोजित उज्जवला फाउंडेशन की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि उज्जवला फाउंडेशन दिन प्रतिदिन सशक्त बन रहा है। साथ ही, महिलाओं को जोड़कर मजबूत हो रहा है। सदस्यों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जल्द ही सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन आशा कुमारी ने किया। बैठक में जनक प्रसाद, सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, मनसरी देवी, शांति देवी, कौशल्या देवी, नीमा, गीता, ललिता, सुनीता, खुशबू, आरती, दुलारी, नीलम, छोटन प्रजापति शामिल रहे।

## राष्ट्रीय महिला किसान दिवस कार्यक्रम



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू चट्टी स्थित सपोर्ट संस्था कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मांडूडीह मुखिया बैजनाथ राम, मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी, मांडूचट्टी उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता शामिल थे। अतिथियों का परियोजना प्रबंधक श्वेता बारा, और शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मांडू प्रखंड और डाड़ी प्रखंड से आयी महिलाओं, किसान दीदीयों ने पशुपालन, कंद- मूल, साग और सब्जी, अनाज, एकीकृत खेती, पोषण, जैविक खाद और कीटनाशक, 50 डिसमिल मल ऑर्चड़ मॉडल, फसल का पैटर्न, लाह चूड़ी और कृषि यंत्र का स्टाल लगाया गया। जिसे अतिथियों द्वारा स्टॉल भ्रमण कर अच्छा प्रदर्शन करने वाले किसान दीदियो को ट्रॉफी प्रदान किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने लोकगीत गाकर मौजूद लोगों का मनोरंजन किया। अतिथियों ने कहा कि संस्था द्वारा ऐसे कई सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन कराती रहती है। जिससे किसान दीदियों का मनोबल को बढावा मिलता है। साथ ही उनकी आय के स्रोत में इजाफा होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्वेता बारा, कुलदीप कुमार, बरुण यादव, कौशिक कुमार, परमेश्वर महतो, संजय कुमार, गीता देवी, मनीष कुमार, उदय कुमार, विकास कुमार, योगेश कुमार, रमेश कुमार, सोनाराम हंसदा, शीतल हेंब्रम संस्था के आजीविका पशु सखी, आजीविका कृषि मित्र और किसान दीदी उपस्थित थे।

## सीसीएल जीएम ने बाल विद्या मंदिर स्कूल का किया निरीक्षण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने आरा कोलियरी स्थित बाल विद्या मंदिर स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के जर्जर भवन, कंप्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष सहित सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने जीएम को विद्यालय के आंतरिक और बाह्य समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर जीएम ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व, विद्यालय प्रबंधन ने जीएम का स्वागत तिलक लगाकर और बुके भेंटकर किया गया। इस अवसर पर सीसीएल अधिकारी संतोष कुमार सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रति महतो, सचिव नेमधारी महतो, जमसं कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, मां वैष्णवी ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, दीपा सिन्हा, वाहिद अंसारी, मो इसराइल सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने दिया एम्बुलेंस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से क्षेत्रवासियों के लिए एक एंबुलेंस उपलब्ध करवाया गया है। इससे क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। सीसीएल सौंदा को-ऑपरेटिव मार्केट के समीप मंगलवार को विधायक के भाई अंकित राज ने नारियल फोड़कर और अगरबत्ती दिखाकर इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। अंकित राज ने मुकेश साव को एंबुलेंस की चाबी सौंपते हुए लोगों को जरूरत पड़ने पर मोबाइल नंबर 6206438248 पर संपर्क करने की बात कही। मौके पर अभय कुमार, जगदीश कुमार साहू, तिलेश्वर साहू, राज किशोर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, विक्रांत पांडेय, फिरदौस आलम, राज कुमार रवि, आफताब आलम, अजय पासवान, मुमताज अंसारी, सुभाष करमाली, भोला सिंह, सुमित बक्शी, भोलू कुमार, विक्रम पासवान सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी, एसपी ने की प्रेस कांफ्रेंस

# 13 नवंबर को बड़कागांव और 20 को रामगढ़ विस में डाले जायेंगे वोट

**741640 मतदाता 627 मतदान केंद्रों पर डालेंगे वोट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव की विगुल बज चुकी है। रामगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता की घोषणा के साथ ही दो चरणों में चुनाव संपन्न होने की जानकारी डीसी चंदन कुमार ने दी। मंगलवार की शाम उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस किया और बताया कि बड़कागांव विधानसभा में 13 नवंबर और रामगढ़ विधानसभा में 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। बड़कागांव विधानसभा के लिए 18 अक्टूबर को गजट का प्रकाशन किया जायेगा। रामगढ़ विधानसभा के लिए 22 अक्टूबर को गजट प्रकाशित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मांडू विधानसभा, हजारीबाग जिला प्रशासन की निगरानी में है। वहां भी 20 नवंबर को ही वोट डाले जायेंगे। मांडू प्रखंड में मतदान केंद्र की सुरक्षा और मतदान केंद्र का निरीक्षण भी रामगढ़ जिला प्रशासन के द्वारा किया जायेगा। डीसी ने बताया कि 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 3,85,378 मतदाता हैं। 23 रामगढ़ विधानसभा में 3,56,262 मतदाता सूची में शामिल हैं। इन दोनों विधानसभा में 7 लाख 41 हजार 640 मतदाता कुल 627 मतदान केंद्रों पर अपने मत का प्रयोग करेंगे। बनाये गये 107 सेक्टर मजिस्ट्रेट ।

**34,684 मतदाताओं का नाम जुड़ा, 40,000 डुप्लीकेट हटाये गये:** डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची बनायी जा रही थी। जिसमें 18 से 19 वर्ष तक के 34,684 नए मतदाताओं को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को अच्छे से वेरीफाई किया गया है और जिन स्थानों पर मतदाता के नाम दो-दो बार जुड़ गये थे, उन्हें हटाये गये हैं। तस्वीर, नाम, पिता का नाम और पता के आधार पर 40,000 डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम भी हटाया गया है।

**वृद्धि और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग फैसिलिटी :** डीसी ने बताया कि चुनाव आयोग ने वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए हम वोटिंग की फैसिलिटी दी है। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक के मतदाता या ऐसे दिव्यांग जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं तथा शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति जो बूथ तक नहीं पहुंच सकता हो, उसे घर पर ही वोटिंग कराया जायेगा। इसके अलावा रामगढ़ जिले के बूथ पर छोटी गाड़ी की व्यवस्था रहेगी। अगर कोई मतदाता आना चाहता है तो उसके रिक्वेस्ट पर गाड़ी भेजी जायेगी।

### राजनीतिक दलों के साथ होगी बैठक

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक होगी। आचार संहिता लागू होने के 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थान पर लगाये गये पोस्ट और बैनर हटा लिए जाने हैं। बुधवार को मजिस्ट्रेट और पुलिस के मौजूदगी में यह कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अगर सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के पोस्टर बैनर लगाये जाते हैं तो राजनीतिक दलों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी स्तर पर बड़ी गलती ना हो इसलिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी जागरूक किया जायेगा। आम नागरिकों के द्वारा सी-वीजिल ऐप प्रयोग किया जाये तो बेहतर होगा। अगर किसी स्थान पर अवैध शराब और पैसे को बांटा जा रहा है या कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो उसकी तस्वीर और वीडियो सी-वीजिल ऐप पर अपलोड कर सकते हैं।

# जिला में आदर्श आचार संहिता लागू, जिला के कुल 8,04,392 मतदाता करेंगे मतदान

**जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र चतरा और सिमरिया का प्रथम चरण में 13 नवंबर को होगी मतदान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 13 नवंबर को जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र चतरा और सिमरिया का चुनाव संपन्न कराया जायेगा। इस चुनाव प्रक्रिया में 8 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक प्रत्याशियों का नामांकन, 28 अक्टूबर को स्क्रुटनी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। 23 नवंबर को मतगणना की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 279 लोकेशन में 419 मतदान केंद्र और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 337 लोकेशन में 475 में मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसके अलावा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के क्षेत्रों का आठ लोकेशन में 20 मतदान केंद्र बनाया गया है। जिले में कल 624 लोकेशन पर 914 मतदान केंद्रों पर चुनाव कराया जायेगा। चतरा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहुर आलम को निर्वाचित पदाधिकारी और चतरा, हंटरगंज और कान्हा चट्टी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को सहायक निर्वाचित पदाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज को निर्वाचित पदाधिकारी और लावालौंग, सिमरिया और पत्थलगड्डा प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को सहायक निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है । उपायुक्त ने कहा कि निर्भीक चुनाव संपन्न कराने के लिए 14 फ्लाइंग स्क्वाड बनाया गया है जिसमें दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 6-6 और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिले के 20 मतदान केंद्रो के लिए दो फ्लाइंग स्क्वायड बनाया गया है। इसके अलावा तीन सर्विलांस चेक पोस्ट तथा वीडियो सर्विलांस टीम भी बनाया गया है। चुनाव संपन्न कराने के लिए अलग-अलग कार्य के लिए 19 कोषांगों का गठन किया गया है। 72 घंटे के अंदर सभी सरकारी कार्यालयों, निजी भवनों और सार्वजनिक जगहों पर सभी प्रकार के बैनर पोस्टर हटाने का निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उपयुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव प्रभावित होने वाले सभी प्रकार के कार्यक्रमों, ध्वनि संयंत्रों, प्रचार-प्रसार के लिए पंपलेट, प्रिंटिंग पत्र आदि का पालन आदर्श आचार संहिता के तहत किया जाये। अन्यथा शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 8,04,392 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिसमें चतरा विधानसभा क्षेत्र में 4,27,209 मतदाता है। जिसमें पुरुषों की संख्या 2,17,096 और महिला मतदाताओं की संख्या 2,10,111 और जेंडर मतदाता 02 है। जबकि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,77,183 मतदाता है। जिसमें पुरुष 1,92,972 और महिला मतदाता 1,84,311 अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### चौकीदार पद के लिए चयनित 151 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

# सभी को सेवा भाव से कार्य करना है: सत्यानंद भोक्ता

**आवेदन पत्रों की प्रथम स्क्रूटनी के क्रम में 3100 आवेदन स्वीकृत किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** स्थानीय डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चौकीदार पद के लिए चयनित 151 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिले में चौकीदार का कुल स्वीकृत पद 373 है, जिसमें पूर्व से 221 पद पर चौकीदार कार्यरत है और 152 पद रिक्त था। 152 रिक्त पदों का जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुमोदन आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग से कराते हुए विभागीय निर्देशानुसार रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए दिनांक 02 अगस्त को विज्ञापन संख्या 01/2024 निर्गत किया गया। विज्ञापन के आलोक में कुल 7320 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। आवेदन पत्रों के प्रथम स्क्रूटनी के क्रम में 3100 आवेदन स्वीकृत किया गया। इस संबंध में 660 दावा/आपत्ति आवेदन पत्र प्राप्त हुआ, जिसके आलोक में 249 आवेदन स्वीकृत किया गया। इस प्रकार कुल 3349 आवेदन स्वीकृत किया गया। 3349 अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 28.09.2024 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस हेतु चतरा जिलान्तर्गत 07 परीक्षा केन्द्र का चयन किया गया था। कदाचार मुक्त और स्वच्छ वातावरण में लिखित परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट-सह-ऑब्जर्वर / गश्ती मजिस्ट्रेट / पुलिस पदाधिकारी और उड़नदस्ता पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति किया गया था। सभी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी से निगरानी की व्यवस्था की गयी थी। लिखित परीक्षा के उपरांत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के जांच टीम के माध्यम से प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कराया गया। मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता बरते जाने के लिए मूल्यांकन स्थल में सीसीटीवी की व्यवस्था की गयी थी। लिखित परीक्षा के आधार पर कुल 550 अभ्यर्थियों को शारीरिक जांच (दौड़) के लिए चयनित किया गया, जिसमें अनारक्षित कोटि में 392, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) कोटि में 48, अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि में 69 और पिछड़ा वर्ग कोटि में 41 अभ्यर्थी थे। दिनांक 8 अक्टूबर को आयोजित दौड़ में कुल 172 अभ्यर्थी सफल हुए, जिसमें से कुल 151 अभ्यर्थी का अंतिम मेधा सूची तैयार किया गया। मेधा सूची के अनुसार अनारक्षित कोटि में 108, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) कोटि में 15, अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि में 22 और पिछड़ा वर्ग कोटि में 07 अभ्यर्थी का चयन चौकीदार के पद के लिए किया गया। कुल चौकीदार पद के लिए चयनित 151 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा 200 यूनिट बिजली माफ करने का कार्य किया गया। आवासहीन को अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करने का कार्य किया गया। आम जानो को कार्यालय व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत व ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर पात्रता रखने वाले लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया गया। इसके अलावे उन्होंने कई विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। आगे उन्होंने सभी चयनित नवनियुक्त चाकीदार को कहा सभी लोगों को ढेरों बधाई सेवा भाव के उद्देश्य से सभी को कार्य करना है। मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल का 10वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयुएन परिसर में मंगलवार को पीवीयुएनएल पतरातू के 10वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पीवीयुएनएल के सीइओ आरके सिंह के द्वारा केक काट कर और गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस मौके पर सीइओ ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों के प्रति अपनी आभार व्यक्त किया जिन्होंने पीवीयुएन के निर्माण में वृद्धि और सफलता के लिए निरंतर मेहनत की। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। उसके बाद अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर स्वर्णरेखा महिला समिति और विभिन्न विभागों के प्रमुख, जीएम, एनईपी प्रतिनिधि कर्मचारी मौजूद थे।

## कोर्ट में स्टे लगने पर ममता के समर्थकों में जश्न



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला गोली कांड के एक मामले में रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी को झारखंड उच्च न्यायालय ने स्टे लगा दिया। इस खबर के बाद गोला में ममता के समर्थकों में जश्न का महौल है। कार्यकर्ताओं ने ड़ीभीसी चौक में जम कर आतिशबाजी किया। पत्रकारों से बत करते हुए पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विरोधियों की सड़यंत्र सफल नहीं हुई। हम लोगों को न्याय पर पूरा भरोसा था। जिसका नतीजा है की झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक ममता देवी के मामले में गोला गोली कांड के मामले में स्टे लगा दिया है। उन्होने यह भी बाताया कि पूर्व विधायक चुनाव लड़ सकती है। मौके पर पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, संतोष सोनी, प्रेमसागर प्रसाद, सुनील कुशवाहा, मनोज कोटवार, एहतेसामुद्दिन अंसारी, चंदन प्रसाद, गौरी शंकर महतो, मानिक पटेल, तसलीम अंसारी, कमलेश महतो, महादेव महतो, प्रदीप महतो, अमित कुमार, कपिलेश्वर महतो, दिलीप महतो, बहादुर मुंडा, मोतीलाल महतो, धीरेन महतो, कौसर रजा, सगीर अंसारी, लतीफ अंसारी, मुकेश महतो, विवेक कुमार, बरतू करमाली, करण नायक, गुड्डू पोद्दार, हरिचरण सहित कई लोग मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप कोषांग की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कोषांग अलग-अलग तरीके आजमाएगा। मंगलवार को इसी मुद्दे पर जिला समाहरणालय के सभागार में एक बैठक आयोजित की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी कॉलेज के नोडल पदाधिकारी और केंपस एम्बेसडर के साथ स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी के द्वारा सभी महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारियों को मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चार-चार वॉलिंटियर एवं दो कैंपस एंबेसडर का चयन करने का निर्देश दिया गया। जो आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर अपने-अपने विद्यालय व महाविद्यालयों में 18 वर्ष या उससे अधिक के मतदाताओं को मतदान करने को लेकर प्रेरित करने का कार्य करेंगे। बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी ने सभी कॉलेजों में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु तैयारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा, पीपीआइए फेलो श्वेता कुमारी, स्वीप कोषांग के पदाधिकारी, कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आचार संहिता लगने के बाद पतरातू में खुलने लगे बैनर पोस्टर



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड में चुनाव से कार्यक्रम की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा कर दिये जाने के बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है। इस संबंध में पतरातू सीओ मनोज चौरसिया ने पत्रकारों को बताया की चुनाव आचार संहिता लागू होते ही राजनैतिक दलों के प्रचार संबंधी पोस्टर बैनर, वॉल राइटिंग, झंडा आदि हटाने का काम शुरू हो गया है। इसके तहत सरकारी कैंपस, भवन आदि से चौबीस घंटे के अंदर प्रचार संबंधी पोस्टर, झंडे आदि हटा देने है, वही सार्वजनिक स्थलों से 48 घंटे के अंदर हटाने है। साथ ही लाइसेंसी हथियार भी बगैर परमिशन लेकर चलना माना है। जो भी आचार संहिता का उल्लंघन करेंगे। उनपर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। आचार संहिता लगते ही प्रखंड सह अंचल परिसर से पोस्टर, बैनर, झंडे आदि उतरना शुरू हो गये है।

## मुखिया संघ ने नये बीडीओ से की मुलाकात

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुखिया संघ ने मंगलवार को गोला के नए बीडीओ सुधा वर्मा से मुलाकात कर गुलदस्ता देकर स्वागत किया। संघ ने बीडीओ को क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विकास की योजनाओं में आपसी तालमेल बनाकर कार्य करने का अनुरोध किया। संघ के सदस्यों ने बताया कि प्रखंड में विकास कि योजनाओं में पंचायत के मुखिया का अहम भूमिका होता है। इसका निगरानी बीडीओ करते है। बीडीओ ने बताया कि सभी के साथ तालमेल बनाकर विकास कि योजनाओं में तेजी लाने का प्रयास किया जायेगा। गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचे। यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर कुलदीप साव, प्रभास प्रकाश सिंह, पिंकी देवी, नुरुल्लाह अंसारी, प्यारेलाल महतो, राजकुमार साव, सुनीता देवी, सीताराम मुंडा, सतीश मुर्मू, रूपा देवी, बुलटी देवी आदि थे।

# मुंबई में अंडरवर्ल्ड के दौर की वापसी

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और नेता बाबा सिद्दीकी की विजयादशमी के दिन मुंबई के बांद्रा में हुई हत्या अगर अचानक सबसे बड़े चुनावी मुद्दे के रूप में उभरती दिख रही है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। विधानसभा चुनावों के ऐन पहले हुई इस हत्या ने न केवल सबको सकते में डाल दिया, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या देश की वित्तीय राजधानी एक बार फिर गैंगवॉर और अंडरवर्ल्ड के खौफ वाले दौर का गवाह बनने जा रही है। सड़कों पर शूटआउट, गैंगवॉर और बड़े कारोबारियों, बिल्डरों, फिल्मी हस्तियों को धमकियां, वसूली, यहां तक कि हत्या भी मुंबई के लिए कोई नई बात नहीं हैं। नब्बे के दशक के उस दौर की यादें आज भी आम मुंबईकरों के मन से मिटी नहीं हैं। लेकिन कुछ तो मुंबई पुलिस की सख्ती और कुछ आर्थिक गतिविधियों के स्वरूप में आए बदलाव ने उस दौर को अतीत के हिस्से का रूप दे दिया। सिद्दीकी की हत्या से वही डरावना अतीत अचानक वर्तमान में दस्तक देता महसूस हुआ। जिस तरह पहले से धमकी देकर और लेवल पुलिस सुरक्षा को भेदते हुए बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गयी, वह अपराधियों के बढ़े हुए मनोबल के साथ ही पुलिसिया तंत्र की कमजोरी भी दर्शाता है।

**विधानसभा चुनावों के ऐन पहले हुई इस हत्या ने न केवल सबको सकते में डाल दिया, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या देश की वित्तीय राजधानी एक बार फिर गैंगवॉर और अंडरवर्ल्ड के खौफवाले दौर का गवाह बनने जा रही है।**

शुरुआती रिपोर्टों में अपराध को अंजाम देने और उसकी जिम्मेदारी लेने के अंदाज के आधार पर इसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग की करतूत बताया जा रहा है। हो सकता है यह सच हो, लेकिन 'सलमान खान का साथ देना' इतनी बड़ी वारदात का कारण होगा, यह मानना मुश्किल है। ध्यान रहे, इन चुनावों में धारावी री-डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट एक बड़ा मुद्दा है। खुद बाबा सिद्दीकी भी ईडी जांच के घेरे में थे। उन पर महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन पद के दुरुपयोग का आरोप था। इस मामले में 462 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हो चुकी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच से हत्या के असली कारणों का खुलासा होगा। मगर सबसे बड़ी चुनौती है वित्तीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने नहीं देने की। हाल के दिनों में मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिनसे यह संकेत गया कि पुलिस-प्रशासन की कानून-व्यवस्था पर पकड़ कमजोर हो रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इस घटना के बाद सबसे पहले यही कहा कि गैंगवॉर जैसे हालात किसी भी सूरत में नहीं बनने देना है। उनके ये शब्द ही सरकार और प्रशासन की सबसे बड़ी कसौटी होंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पीएमजेएवाइ ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी-भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है।**

# भारत में स्वास्थ्य सेवा में बदलाव: आयुष्मान भारत पीएमजेएवाइ का प्रभाव और वादा

विनोद के पॉल

राजू (बदला हुआ नाम), आयु 18 वर्ष, को सामान्य रूप से चलते हुए भी सांस लेने में तकलीफ होती थी और वह थकान महसूस करता था। साल 2017 में उसे सीने में दर्द के कारण दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के बारे में पता चला। इलाज की अंतहीन जद्दोजहद में उसके पिता ने परिवार के मवेशी और जमीन तक बेच डाली और पांच लाख रुपये से अधिक रकम के कर्ज में डूब गये। साल 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाइ) की ओर से एक पत्र मिला, लेकिन उन्होंने इसको ज्यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में, राजू की हालत बिगड़ गयी, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे, तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाइ के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की। इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी। आखिरकार 67 दिन बाद उसे नये सिरे से जिंदगी शुरू करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गयी।

आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाइ के लाभार्थियों के जीवन के इर्द-गिर्द बुनी गयी हैं।

बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम-जेएवाइ ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**वर्तमान में, पीएमजेएवाइ के पास 29,000 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों का अखिल भारतीय नेटवर्क है, जिनमें लगभग 13,000 निजी अस्पताल शामिल हैं।**

पीएमजेएवाइ ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी-भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है।




योजना की रूपरेखा के अनुसार पीएमजेएवाइ का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब्ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती। एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किये गये हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें निःशुल्क परामर्श, और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) निःशुल्क प्रदान किये जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो-तरफा सम्मिलन और निरंतरता है। भारत का यूएचसी मॉडल सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। स्वास्थ्य नीति और सेवाओं को अलग-थलग करके नहीं अपितु समग्रता में देखे जाने की आवश्यकता है।

इस योजना के कार्यान्वयन के दौरान, स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के तहत प्रक्रियाओं और कीमतों को संशोधित और युक्तिसंगत बनाया गया है। साल 2018 में एचबीपी की संख्या 1393 थी, जो 2022 तक बढ़ कर 1949 हो गयी। स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में क्षेत्रीय भिन्नता को ध्यान में रखते हुए विभेदक मूल्य निर्धारण की अवधारणा शुरू की गयी है। साथ ही, स्थानीय संदर्भ के अनुसार एचबीपी दरों को और अधिक अनुकूलित करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त लचीलापन प्रदान किया गया है।

सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी सुनिश्चित करने और व्यवस्था में दुरुपयोग की गुंजाइश को कम करने के लिए पीएमजेएवाइ स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी-संचालित है और पेपरलेस या कागज रहित होने के साथ-साथ कैशलेस या नकदी रहित भी है। इसमें प्रतिपूर्ति या सह-भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि अधिकांश दावों का निपटान समय पर होता है, लेकिन राज्यों के साथ साझेदारी में और सुधार लाने के लिए गहन प्रयास किए जा रहे हैं।

इस योजना की सफलता और जन कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के कारण इस वर्ष इसके दायरे को बढ़ाने के लिए दो बड़े कदम उठाये गये हैं। अंतरिम बजट में सरकार द्वारा इस योजना को विस्तारित करते हुए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लगभग 37 लाख परिवारों को इसके दायरे में लाया गया। दूसरा, भारत की बढ़ती जीवन प्रत्याशा के मद्देनजर, एक और बड़ा कदम सरकार का 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह न करते हुए पीएमजेएवाइ कवरेज देने का निर्णय है। इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों वाले 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ होगा।

भारत में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की स्वास्थ्य से संबंधित 75वें चरण की रिपोर्ट से पता चलता है कि इस आयु वर्ग के लिए अस्पताल में भर्ती होने की दर 11 प्रतिशत से अधिक है। लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एलएएसआइ) की 2021 की रिपोर्ट से पता चलता है कि 75 प्रतिशत बुजुर्गों को एक या एक से अधिक पुरानी बीमारियां हैं, 40 प्रतिशत को किसी न किसी तरह की विकलांगता है और 4 में से 1 बहु-रुग्णता से पीड़ित है।

उल्लेखनीय रूप से 58 प्रतिशत बुजुर्ग आबादी महिलाओं की है, जिनमें 54 प्रतिशत विधवाएं हैं। वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित अनेक निजी बीमा उत्पादों के विपरीत, पीएमजेएवाइ किसी भी वरिष्ठ नागरिक को पहले से चली आ रही बीमारी के कारण बाहर नहीं करता है; न ही यह लाभ देने से पहले किसी वर्ष की प्रतीक्षा अवधि की शर्त रखता है। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करके यह योजना उन्हें स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने में समर्थ बनाती है।

पीएमजेएवाइ सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य क्षेत्रों को एक राष्ट्र, एक प्रणाली के सूत्र में जोड़ता है। वर्तमान में, पीएमजेएवाइ के पास 29,000 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों का अखिल भारतीय नेटवर्क है, जिनमें लगभग 13,000 निजी अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा इनमें से लगभग 25,000 अस्पताल टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित हैं। निजी क्षेत्र में अधिकृत अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या और मात्रा का अनुपात क्रमशः 57 प्रतिशत और 67 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी को दर्शाता है। लाभार्थी के पास राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पताल, सार्वजनिक या निजी, चुनने का विकल्प मौजूद है।

इस योजना ने अनेक राज्यों में सरकारी अस्पतालों में भी सेवा प्रदायगी को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। इन अस्पतालों ने अपनी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए योजना के तहत प्रतिपूर्ति की गयी धनराशि का उपयोग किया है। कवरेज और पहुंच की बढ़ती रफ्तार के साथ पीएमजेएवाइ में टियर 2 और 3 शहरों में एक ऐसे बाजार के निर्माण के जरिए निजी अस्पतालों के विकास को बढ़ावा देने की क्षमता मौजूद है, जहां पहले भुगतान क्षमता की कमी के कारण मांग पूरी नहीं हो पाती थी।

हाल ही में एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री द्वारा किये गये अध्ययन (घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से इकाई-स्तरीय डेटा पर आधारित) में निष्कर्ष निकाला गया है कि पिछले 10 वर्षों में हमारी आबादी का निचला 50 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सा व्यय से संबंधित आघातों के प्रति काफी कम संवेदनशील हो गया है और यह प्रवृत्ति निकटता से पीएमजेएवाइ से संबद्ध है।

आज बहुत से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं और साथ ही अपनी संपत्ति और बचत का भी संरक्षण कर पा रहे हैं। आयुष्मान भारत पीएमजेएवाइ विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तत्पर है। आखिरकार, अच्छा स्वास्थ्य, कल्याण, राष्ट्रीय उत्पादकता और समृद्धि का आधार है।

**(लेखक : सदस्य (स्वास्थ्य) नीति आयोग हैं। आलेख में व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से मिले जयशंकर

**नवाज शरीफ बोले- पीएम मोदी आते तो अच्छा होता**

**9 साल बाद पाकिस्तान जाने वाले पहले नेता हैं जयशंकर**

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** एससीओ संगठन की बैठक के लिए पाकिस्तान पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। पाकिस्तान के पीएम ने उन्हें एक अनौपचारिक डिनर के लिए न्योता दिया था। इससे पहले इस्लामाबाद पहुंचने पर छोटी बच्चियों ने फूल देकर उनका स्वागत किया। वे करीब 9 साल बाद पाकिस्तान जाने वाले पहले भारतीय नेता हैं। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक इंटरव्यू में कहा था- एससीओ की मीटिंग में शामिल होने अगर मोदी आते तो ज्यादा



अच्छा होता, मुझे उम्मीद है कि मैं उनसे जल्द मुलाकात करूंगा। दरअसल, पाकिस्तान ने अगस्त में प्रधानमंत्री मोदी को एससीओ का न्योता भेजा था, लेकिन दोनों देशों के बीच खराब रिश्तों के चलते विदेश मंत्री एस जयशंकर इस बैठक में शामिल हुए हैं।

जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान जाने का इकलौता मकसद एससीओ है, वे दोनों देशों के रिश्तों पर चर्चा नहीं करेंगे। भारत के अलावा रूस और चीन समेत 10 देशों के प्रतिनिधि भी एससीओ की बैठक में शामिल होंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए इस्लामाबाद में लॉकडाउन लगा दिया गया है। साथ ही पूरे शहर में 3 दिन के लिए छुट्टी की घोषणा कर दी गयी है।

विदेश मंत्री जयशंकर 8 साल 10 महीने बाद पाकिस्तान जाने वाले भारत के पहले नेता हैं। इसलिए भी ये दौरा खास है। उनसे पहले 25 दिसंबर 2015 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के दौरे पर गये थे, तब मोदी एक सरप्राइज विजिट पर लाहौर पहुंचे थे। उन्होंने पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ से मुलाकात की थी। उनके इस दौरे के बाद से भारत के किसी भी प्रधानमंत्री या मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा नहीं की है। मोदी के दौरे के एक साल बाद ही 2016 में 4 आतंकी उरी में भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर में घुस गये थे। इस हमले में भारतीय सेना के 19 जवान शहीद हो गये थे, तब से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया था। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते और खराब हो गये। हालांकि इन सब के बावजूद पिछले साल गोवा में एससीओ देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत आये थे।

# मुंबई जायेंगे सीएम मोहन चरण माझी



**भुवनेश्वर।** राज्य में औद्योगीकरण के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी मुंबई जायेंगे। ओड़िशा सरकार 18 और 19 को मुंबई में 2 दिवसीय निवेशक सम्मेलन और रोड शो का आयोजन करेगी, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 18 और 19 को मुंबई में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 19 तारीख को वह 300 से ज्यादा निवेशकों से चर्चा करेंगे और 18 तारीख को केंद्र सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उद्योग मंत्री संपद स्वाइं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के मुंबई दौरे की जानकारी दी।

# यूपी के मिल्कीपुर उपचुनाव का रास्ता साफ

**● याचिकाकर्ता न्यायालय में दाखिल पिटीशन लेंगे वापस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। इस सीट पर एक पिटीशन की वजह से चुनाव घोषित नहीं हो पाया था। गोरखनाथ बाबा के वकील ने स्पष्ट किया है कि वह कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका वापस ले लेंगे। अब इस बात के कयास लग रहे हैं कि बाकी सीटों के साथ भी इस सीट पर चुनाव कराया जा सकता है। यह सीट अवधेश प्रसाद के द्वारा खाली की गयी थी। मालूम हो कि वह सपा से फैजाबाद सीट से सांसद बन गये थे। इस सीट पर सपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को पार्टी ने सपा से टिकट दिया है।

**यूपी की नौ सीटों पर उपचुनाव की घोषणा :** यूपी में विधानसभा की 10 में से नौ सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गयी है। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर अभी उपचुनाव नहीं होगा। नौ सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

**इन सीटों पर होने हैं उपचुनाव :** यूपी में करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर), मिल्कीपुर (अयोध्या), कटेहरी (अंबेडकरनगर), कुंदरकी (मुरादाबाद), खैर (अलीगढ़), गाजियाबाद, फूलपुर (प्रयागराज), मझवा (मिर्जापुर) और मीरापुर (मुजफ्फरनगर) पर उपचुनाव होने हैं। सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि 9 विधायक, लोकसभा सदस्य बन चुके हैं।

**इसलिए याचिकाकर्ता गये थे कोर्ट :** चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों का ऐलान कर दिया है। अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा में उपचुनाव की घोषणा नहीं की गयी। 2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बाबा गोरखनाथ को 13 हजार से अधिक वोटों से हराया था। चुनाव प्रक्रिया में जमा किये सपा प्रत्याशी के दस्तावेजों में कमी होने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गयी थी जिसको देखते हुए चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर विधानसभा पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की है।

# 7 फ्लाइट्स में बम की धमकी

## दिल्ली-शिकागो प्लेन कनाडा डायवर्ट, 6 ने भारत से उड़ान भरी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 7 फ्लाइट्स में मंगलवार को बम होने की धमकी मिली। धमकी मिलने वाली फ्लाइट्स में एअर इंडिया की दिल्ली से शिकागो जाने वाला विमान भी शामिल था। इसके बाद उसे कनाडा डायवर्ट कर दिया गया। प्लेन को कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया। यहां यात्रियों और उसमें मौजूद सामान की जांच की गयी।

फ्लाइट 24 रडार के मुताबिक, प्लेन ने आज सुबह 3 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी, जिसे दोपहर 4:30 बजे शिकागो पहुंचना था। दिनभर में 7 फ्लाइट्स को धमकी मिलने की वजह से सिक्योरिटी



एजेंसियों ने कई एयरपोर्ट्स पर काउंटर टेररिस्ट ड्रिल किये।

जांच में पता चला है कि सभी धमकियां एक ही शख्स की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भेजी गयी थीं, जिससे कई सौ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बाद में ये धमकियां झूठी निकलीं।

### 14 अक्टूबर को 3 फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली

14 अक्टूबर को मुंबई से टेक ऑफ करने वाली 3 फ्लाइट्स को बम की धमकी दी गयी थी। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की थी। इसे दिल्ली डायवर्ट किया गया। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की थी, जो मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। वहीं तीसरी फ्लाइट मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। सभी फ्लाइट्स को सोशल मीडिया एक्स पर 4 अलग-अलग हैंडल से बम के मैसेज भेजे गये थे।

# दिल्ली में कुकी-मैतेई ने पहली बार बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पिछले एक साल से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच मंगलवार, 15 अक्टूबर को दिल्ली में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच पहली बार बातचीत हुई। गृह मंत्रालय की बैठक में दोनों समुदाय के नेता और विधायक शामिल हुए, ताकि शांति से हिंसा का समाधान निकाला जा सके। बैठक में मैतई समुदाय से राज्य विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रता सिंह, टोंगब्राम रोबिंद्रो, थ. बसंतकुमार सिंह शामिल हुए।

वहीं, कुकी समुदाय की तरफ से राज्य मंत्री विधायक लेतपाओ हाओकिप और नेमचा किपजेन थे। नागा समुदाय का प्रतिनिधित्व विधायक राम मुइवाह, आवांगबो न्यूमई और एल डिखो ने किया।

गृह मंत्रालय की तरफ से एके मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे। हालांकि, गृह मंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह बैठक में नहीं आये।

मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई थी। इसके 16 महीने बीत चुके हैं। इस दौरान 226 लोगों की मौत हो चुकी है। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं।

# नासा ने बृहस्पति के चांद यूरोपा पर स्पेसक्राफ्ट भेजा, 2030 में पहुंचेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बृहस्पति ग्रह के चांद यूरोपा पर जीवन की संभावना की तलाश करने के लिए नासा ने सोमवार को यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किया। स्पेसक्राफ्ट को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया। यह मिशन 6 साल का होगा और इस दौरान स्पेसक्राफ्ट करीब 3 अरब किलोमीटर का रास्ता तय करेगा। यूरोपा क्लिपर 11 अप्रैल 2030 में बृहस्पति की कक्षा में दाखिल होगा। इसके बाद 4 साल में यह 49 बार यूरोपा चांद के



करीब से गुजरेगा। वैज्ञानिकों को लगता है कि बृहस्पति के चांद की बर्फीली सतह के नीचे समुद्र हैं, जो इस उपग्रह को रहने लायक बना सकते हैं। यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट पर कई सोलर पैनल लगे हैं। यह किसी दूसरे ग्रह की जांच के लिए नासा की तरफ से बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा स्पेसक्राफ्ट है। इसका साइज एक बास्केटबॉल कोर्ट से भी बड़ा है। इस मिशन पर नासा ने 43 हजार करोड़ रुपए खर्च किये हैं। स्पेसक्राफ्ट यूरोपा चांद की जांच के लिए अपने साथ 9 उपकरण लेकर गया है। इनमें कैमरा, स्पेक्ट्रोमीटर, मैग्नेटोमीटर और रडार शामिल हैं। इनके जरिए वैज्ञानिक बृहस्पति के चांद पर मौजूद समुद्र की गहराई का पता लगाया जायेगा। इसके अलावा वे यूरोपा की सतह पर जीवन के लिए जरूरी दूसरी चीजों की मौजूदगी भी तलाशेंगे। साथ ही वे चांद की सतह पर मैग्नेटिक फील्ड को भी चेक करेंगे।

## पांच मासूम बच्चियों के सर से उठी मां की ममता



केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी लखन वियार के 36 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी की अचानक मौत अस्पताल पहुंचने के क्रम में हो गया। मौत की खबर गांव में आते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। सूचना मिलते ही मुखिया मूंगा साह मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढस बढ़ाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी का पांच पुत्रियां हैं। पिछले वर्ष बड़ी लड़की की शादी की थी। अभी चार मासूम लड़कियां हैं। सबसे छोटी लड़की चंपा 1 वर्ष, रूपा 4 वर्ष, संध्या 7 वर्ष, चंचला कुमारी 11 वर्ष की है। मां का अभी दुलार भी नहीं मिला था कि चारों मासूम के सर से मां की आंचल उठ गया। उसके पति लखन वियार की आर्थिक हालत ठीक नहीं रहने के कारण मेहनत मजदूरी करने पुणे गया हुआ था। अपनी पत्नी की अंतिम दर्शन भी नहीं कर पाया। वहीं भास्कर युवा क्लब मुकुंदपुर के द्वारा मृतक के परिजन को सहयोग किया।

# पूर्व विधायक सहित 17 नामजद और 350 अज्ञात पर केस दर्ज

**लखना गांव में दुर्गा मां की प्रतिमा विसर्जन में हुए विवाद का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के लखना गांव में गत 12 अक्तूबर को दुर्गा पूजा में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद के बाद पूर्व विधायक भाजपा नेता सत्येंद्र नाथ तिवारी समेत 17 नामजद और 350 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस नेदो अलग-अलग केस दर्ज किया है। घटना 12 अक्टूबर को गढ़वा थाना क्षेत्र के लखना गांव में हुई थी। जहां प्रतिमा विसर्जन के दौरान साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था। जिसमें पहली प्राथमिकी गढ़वा के अंचल पदाधिकारी सफी अलम की शिकायत पर दर्ज की गयी है।

इसमें पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने धारा 163 बिएनएसएस का उल्लंघन किया है। शिकायत के अनुसार, सत्येंद्र नाथ तिवारी ने लगभग 50 समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर भड़काऊ भाषण दिया, जिससे भीड़ उत्तेजित हो गयी। जबकि दूसरी प्राथमिकी गढ़वा के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण द्वारा दर्ज करायी गयी है। इसमें आरोप लगाया गया है कि 16 नामजद और 350 अज्ञात अन्य लोगों ने भड़काऊ नारेबाजी कर क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की और सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न की। इसमें सोनू केसरी, धीरेंद्र तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी, पुलस्त तिवारी, चिंटू तिवारी, भीम शर्मा, रोहित चौहान, राजन तिवारी उर्फ अर्णव तिवारी, शाहिद खान, मो निषाद खान, सद्दाम खान, मो मनौवर, वाहिद आलम, रईस खान, जुनेरा बिबि, राजा दुबे, और इदरीश खान के नाम शामिल हैं। बताते चलें कि दुर्गा पूजा के अवसर पर 12 अक्टूबर को लखना गांव में प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक विवाद पैदा हुआ था। जो देखते-देखते बड़ा बवाल बन गया।

इस घटना ने पुलिस प्रशासन को कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया। गढ़वा थाने में इस मामले की जांच चल रही है, और संबंधित लोगों पर गंभीर आरोप लगाये गये हैं। जिसमें सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप प्रमुख हैं।

### हेमंत सरकार के मंत्री तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं : सत्येंद्र नाथ तिवारी



पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी पर दर्ज मुकद्दमा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा है कि हेमंत सरकार के मंत्री तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। दुर्गा मां के विसर्जन में सार्वजनिक रोड का उपयोग नहीं करने दिया जाना जिला प्रशासन और सरकार की मनसा साफ झलकती है कि यह तुष्टीकरण की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा एक नहीं एक लाख भी केस हो जाये, तो उससे मुझे फर्क नहीं पड़ने वाला है, मां दुर्गा इंसाफ करेंगी। मां दुर्गा के रास्ता रोकने वाले कभी सुखी नहीं रहेंगे। ऐसे तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले को जनता सबक सिखायेगी। एक सोची समझी साजिश के तहत उन्हें केस में फसाया जा रहा है, इससे वह तनिक भी विचलित होने वाले नहीं है।

# डायरिया प्रभावित क्षेत्र का आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने किया दौरा

**डायरिया का प्रकोप झुरही से पहुंचा पंडरिया पंचायत**

**दो मरीज के गले के अंदर का सैंपल जांच के लिए भेजा गया रिम्स**



डायरिया से प्रभावित गांव झुरही में जानकारी लेते आपदा प्रबंधन पदाधिकारी डॉक्टर संतोष मिश्रा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत के झुरही टोला से डायरिया का प्रकोप पंडरिया पंचायत के घाघरा गांव में पहुंच गया है। मंगलवार को चंद्रावती देवी, संगीता देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। झुरही टोला के अशोक कोरवा की पत्नी समुद्री देवी की मौत 12 अक्टूबर को तथा 13 अक्टूबर को उसके पांच वर्षीय पुत्र की मौत गढ़वा सदर अस्पताल में ईलाज के दौरान हो गया था,अशोक कोरवा इस घटना के बाद अपना गांव झुरही छोड़कर घाघरा में रह रहा था। डायरिया से पीड़ित चंद्रावती देवी ने बताया कि अशोक कोरवा की पत्नी समुद्री देवी हमारी बहन थी। घटना के बाद हमारे घर ही रह रहे थे। जिससे हमलोग भी डायरिया की चपेट में आ गये। सोमवार से अस्पताल में अशोक कोरवा, राधा देवी, शक्ति कोरवा, लखन कोरवा का इलाज जारी है।

कैलान के झुरही टोला में फैले डायरिया के प्रकोप से चार की मौत के बाद मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार मिश्रा ने प्रभावित गांव पहुंच कर जानकारी ली। संतोष मिश्रा ने अशोक कोरवा के घर पहुंच कर उसकी मृतक पत्नी, पुत्र से संबंधित जानकारी ली। अशोक कोरवा की आठ वर्षीय बेटी अंजलि कुमारी, शिवनारायण कोरवा का 18 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के गले के अंदर का सैंपल लेकर जांच के लिए रिम्स अस्पताल में जांच के लिए भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि अशोक कोरवा के घर से डायरिया की शुरुआत हुई है। उसके घर वाले जिस कुआं का पानी पीते है या अन्य कार्यों में उपयोग करते हैं, वह खेत में भटकुआं जैसा है। चारो तरफ से बहकर आने वाले गंदा पानी उसी कुआं में जमा होता है। बताया कि झुरही टोला में डायरिया नियंत्रण में है। प्रतिदिन गांव में मेडिकल शिविर में तीन से चार मरीज आते हैं और उनका इलाज कर भेज दिया जाता है।

## शुभम बेला टोपनो ने रंका बीडीओ का प्रभार ग्रहण किया



रंका (आजाद सिपाही)। शुभम बेला टोपनो ने मंगलवार को रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। सुश्री टोपनो हुसैनाबाद पलामू में कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पदस्थापित थी। इसके पूर्व रंका में अनंत कुमार झा बीडीओ थे। इस मौके पर प्रधान सहायक मुकेश कुमार, नाजीर शिव शंकर कुमार, अनुसेवक राहुल सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## आठ दिनों से गायब युवती का शव कुएं से बरामद



फाइल फोटो मृतका सोनम कुमारी

बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के कोचेया गांव निवासी एस कुमार मेहता की 16 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी का शव घर से लगभग 500 मीटर दूरी पर दोहर किनारे एक कुंआ से पानी में तैरता हुआ मिला हैं। शव पानी में काफी दिन रहने से सड़ गल गया है। परिजनों के अनुसार युवती एक सप्ताह पूर्व 7 अक्टूबर को अपने घर से शाम रामायण सीरियल देखने गांधी चौक गयी थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी। थक हार कर परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को भी दी थी। मंगलवार को खेत घूमने गये ग्रामीणों कि नजर काफी दुर्गंध दे रही कुएं में शव पर पड़ी, जिसकी पहचान कपड़े से कोचेया निवासी एस कुमार मेहता की पुत्री सोनम कुमारी के रूप मे की गयी। इधर सुचना मिलने पर बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहूल कुमार सिंह ने ग्रामीणों की मदद से शव को निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

## 4.13 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का हुआ भूमिपूजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड कमेटी के द्वारा प्रखंड के कंचनपुर पंचायत से मझिगावां भाया सिरोईखुर्द पंचायत को जोड़ने वाला 4 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन कर कायारंभ कराया गया। इस मौके पर झामुमो नेता परशु ठाकुर, रामचंद्र प्रजापति, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कमलेश उरांव, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, मुकेश तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मझिआंव में नौशाद सेवा सदन हॉस्पिटल का उद्घाटन



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित पुराना हॉस्पिटल के समीप राजा टेंट हाउस के नजदीक में नौशाद सदन सेवा हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर यासीन अंसारी, हाजी अशफाक, डायरेक्टर हाजी मजहर अंसारी के कर कमलों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। वहीं डॉक्टर यासीन अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नौशाद सेवा सदन हॉस्पिटल आधुनिक उपकरणों से लैस है। वहीं डॉक्टर इरशाद और डॉक्टर जेबा ने बताया कि हमारे यहां छाती रोग, नस रोग, लकवा, सिरेरियजन (बड़ा आप्रेशन) किडनी से पथरी, पित की थैली में पथरी, बच्चेदानी, हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर, भकंदर, टीयूमर , बंध्याकरण,हड्डी प्लास्टर जैसे गंभीर बीमारियों का इलाज किया जायेगा। वहीं लेडीज डॉक्टर जेबा ने बताया कि महिलाओं को डिलीवरी से संबंधित हर समस्या और नॉर्मल डिलीवरी भी कराया जायेगा। वहीं डॉक्टर जेबा ने कहा कि मैं आप को अवगत करती हूं कि नौशाद सेवा सदन हॉस्पिटल आपकी सेवा में हाजिर है और सेवा करने का हमें मौका दें। वहीं मौके पर डॉक्टर इरशाद अंसारी, लेडीज डॉ जेबा, डॉ जावेद, डॉ मकबूल अंसारी, डॉ राजेश कुमार मालवा डॉ राहुल कुमार तथा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महापर्व छठ के आयोजन को लेकर बैठक

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ का विराट आयोजन किया जाता है। इस दौरान स्थानीय सभी गावों के साथ साथ झारखंड के दूसरे जिलों व देश के कई दूरस्थ प्रदेशों के भी छठव्रती व उनके परिजन सामुहिक महाअनुष्ठान में भाग लेने सतबहिनी झरना तीर्थ आया करते हैं। निराहार व्रतियों, उनके परिजन व दर्शकों की बड़ी संख्या को मिलाकर यहां साढ़े तीन लाख लोग आया करते हैं। इस महाजुटान को ध्यान में रखते हुए संबंधित व्यवस्था को अंतिम रूप देने को लेकर एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह व सचिव पं. मुरलीधर मिश्र ने जानकारी देते हुए कहा कि 18 अक्टूबर 2024 की सुबह 10.30 बजे से बजरंगबली मंदिर प्रांगण में उक्त बैठक होगी। इस बैठक में सबका भाग लेना अनिवार्य बताया गया है।

# गरीबों की हकमारी करने वाले जायेंगे जेल: सत्येंद्रनाथ तिवारी

**झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर पांच सौ से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल**

**अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए मंत्री लगा रहे हैं अनर्गल आरोप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के आवास पर मेराल प्रखंड के विभिन्न 11 गांवों के पांच सौ से अधिक लोगों ने झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड के सभी जगहों पर भाजपा और पीएम मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। यहीं कारण है कि प्रत्येक दिन भारी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के हित में कई महत्वकांक्षी योजनाएं की शुरूआत की है। लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार के गलत नीति के कारण केंद्र की योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है। पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन योजना में पांच हजार करोड़ से भी अधिक राशि का भारी घोटाला हुआ है। उस मामले में जांच एजेंसी ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के रहते गरीबों की हकमारी करने वाले एक भी व्यक्ति नहीं बचेंगे। घोटाला में अधिकारी से लेकर मंत्री तक शामिल सभी लोग जेल जायेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए अनर्गल आरोप लगा रहे है। अगर सही मायने में उन पर भाजपा में शामिल होने का दबाव दिया जा रहा था, तो उन्हें नेताओं और व्यक्ति का नाम का खुलासा करना चाहिए। पार्टी में मेराल प्रखंड के भिमखाड़, बंका, रजहारा, बनुआ, सेराशाम, अधौरी, संगबरिया, लोवादाग, रेजो, दलेली, लातदाग गांव के पांच सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# योजनाओं का क्रियान्वयन किये बिना ही राशि की धड़ल्ले से हो रही निकासी

आजाद सिपाही संवाददाता




**विशुनपुरा ।** सदर प्रखंड अंतर्गत विशुनपुरा पंचायत में प्रमुख दीपा कुशवाहा और प्रमुख पति चंदन मेहता द्वारा 15वें वित्त आयोग के क्रियान्यन में भारी अनियमितता बरती जा रही है। योजनाओं का क्रियान्वयन में भी लापरवाही सर चढ़कर बोल रहा है। योजनाओं को प्रारंभ भी नहीं किया जा रहा है और राशि की निकासी धड़ल्ले से की जा रही है। विशुनपुरा प्रमुख और पंचायत सेवक के द्वारा जमकर धांधली की जा रही है। लेकिन बडी बात यह भी है कि इन सब बातों की शिकायत किये जाने पर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। इस पंचायत में अभय गुप्ता के घर से पोखरा तक नाली निर्माण के नाम पर 42 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी है, लेकिन इस स्थल पर कुछ भी कार्य नहीं किया गया और न ही मेटेरियल गिराया गया है। वहीं विशुनपुरा थाना सूर्य मंदिर छठ घाट पर जलमीनार लगाने के नाम पर लगभग दो लाख उनचास हजार रु की फर्जी निकासी कर ली गयी है, वहीं सरांग में रघु सिंह के घर के पास जलमीनार निर्माण में भी दो लाख उनचास हजार की फर्जी निकासी कर ली गयी और स्थल पर कार्य प्रारंभ भी नहीं हुआ।

योजनाओं में गड़बड़ी को लेकर अमहर खास के बीडीसी भरदुल चंद्रवंशी और स्थानीय लोगों ने भी पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार मधेसिया को जानकारी देते हुए कार्रवाई करने का अनुरोध किया जा चुका है। लेकिन मामले को दबा दिया गया। नाली निर्माण को लेकर पूछे जाने पर प्रमुख दीपा कुशवाहा ने कहा कि जहां स्थल है वहां काम हो रहा है, इससे ज्यादा जानकारी चाहिए तो मेरे पति चंदन मेहता से बात कर लीजिए। वहीं प्रमुख पति चंदन मेहता ने बताया कि नाली का निर्माण कार्य हो रहा है। जलमीनार निर्माण का स्थल बदल कर दूसरे जगह निर्माण किया गया है। वहीं इस संबंध में पंचायती राज प्रखंड कोर्डिनेटर सुबोध कुमार ने बताया कि कोई भी कार्य स्थल को बदलने का कोई प्रावधान नहीं है।

वहीं इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस तरह के मामले की जानकारी आपके द्वारा मिला है, जांच कर उचित कार्रवाई किया जायेगा।

# 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के मेजबानी में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में 11 बजे होगा प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर करेंगे। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए 12 कमेटी बनायी गयी है, कमेटी के सभी लोग अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों से 125 खिलाड़ी आ रहे है, वहीं गढ़वा के 35 खिलाड़ी भाग लेगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को रहने के लिए टाउन हॉल, बंधन मैरिज हॉल और महिला आश्रय गृह में व्यवस्था की गयी है। गढ़वा को एक बड़ी जिम्मेवारी मिली है। उस जिम्मेवारी को सभी लोगों को मिलकर उसे बेहतर तरीके से पूर्ण करना है। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सफल बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के 12 रेफरी पहुंच रहे हैं। खिलाड़ियों के खेलने और भोजन व्यवस्था बंधन मैरिज हॉल में किया गया है। खिलाड़ियों को खेल मैदान तक आने और लाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गयी है, ताकि खिलाड़ियों को ट्रैफिक की समस्या से परेशानी ना हो। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष संजय सोनी, मोजीबुद्दीन खान, विजय सोनी, धनंजय कुमार सिंह, नंदकुमार गुप्ता, आमोद पांडेय, चंद्रभूषण सिन्हा, सुशील केशरी, संजय सोनी, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे, अभय, रामाशंकर, रोशन धरे, अजय, मनोज, संजय, मिथिलेश, नवनीत, प्रवीण, अभय, ऋषभ सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला




कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को वर्तमान भाजपा विधायक के खिलाफ बाप बेटा हटाओ, विश्रामपुर विधानसभा बचाओ, बैनर तले विरोध मार्च निकाला गया। विधायक से क्षुब्ध भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च में शामिल दर्जनों लोगों ने हाथों में वैनर लिए पेट्रोल पंप से कर्पूरी चौक तक यह विरोध मार्च निकाला। विधायक का विरोध कर रहे लोगों ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा के सातों प्रखंड में स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी तथा उनके पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी के विरुद्ध आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना था कि बाप -बेटा दोनों का कहना है कि पार्टी का सिंबल हमारे पॉकेट में है। इसलिए इन दोनों को छोड़कर भाजपा जिन्हें भी टिकट देगी, हम लोग जोरदार तरीके से विजयी बनाने का काम करेंगे और अगर इन्हें टिकट देती है, तो हम सभी अपना वोट नोटा में डालेंगे और इनका समर्थन नही करेंगे। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी को विश्रामपुर विधानसभा से हार का सामना करना पड़ सकता है। मौके पर विनोद ओझा, सत्येंद्र चौबे, प्रिंस, वेद प्रकाश शर्मा, प्रकाश, राजेश, संतोष, गुड्डू, कमलेश, पिंटू, अजय, संजय सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भयमुक्त वातावरण में हम मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं : पुलिस अधीक्षक

**आदर्श आचार संहिता और चुनाव की तिथि की घोषणा के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर चुनाव संबंधी जानकारी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर ने विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त जमुआर ने भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गढ़वा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 80- गढ़वा व 81- भवनाथपुर तथा 76- डालटनगंज पार्ट और 77- विश्रामपुर पार्ट की विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिसूचना की तिथि 18 अक्टूबर 2024, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 28 अक्टूबर 2024, अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024, मतदान करने की तिथि 13 नवंबर 2024 और मतगणना की तिथि 23 नवंबर 2024 निर्धारित की गयी है। उपायुक्त ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे और 72 घंटे के भीतर किये जाने वाले सभी आवश्यक कार्रवाई की जानकारी दी। इसके तहत सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित बैनर, पोस्टर आदि हटाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 क्रियाशील हो गया है। प्रेस वार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने कहा कि भयमुक्त वातावरण में हम मतदान कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। आवश्यकता अनुसार और निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार पुलिस बल की डेप्लॉयमेंट की जायेगी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की सहायता से हम सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी स्वच्छ वातावरण में मतदान सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने मीडिया के माध्यम से मतदाताओं से अपील किया कि आप घरों से बाहर आकर बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें और चुनाव के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने किसी प्रकार की शिकायत अथवा समस्याओं के लिए डायल 112 का प्रयोग करने की अपील की। प्रेसवार्ता में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार समेत कई जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बलात्कार और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

गढ़वा (आजाद सिपाही)। आदिवासी महिला के साथ बलात्कार करने, जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी मोहम्मद इजहार अंसारी की जमानत याचिका गढ़वा जिला और सत्र न्यायाधीश पंचम न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने खारिज कर दिया। मामला रंका थाना क्षेत्र के दूधवल गांव का है, जहां की एक महिला ललिता कुमारी ने पिछले दिनों गढ़वा न्यायालय में परिवाद पत्र संख्या 972/2024 के माध्यम से परिवाद पत्र दायर कर उक्त आरोपी पर गंभीर आरोप लगायी थी। अपने आरोप में उसने कहा था कि लगभग 20 वर्षों से मो इजहार अंसारी ने जो तत्कालीन नक्सली संगठन से जुड़ा था ने उसके साथ बलात्कार करता रहा। बाद में मो इजहार अंसारी ने ललिता कुमारी पर जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा। पुलिस दबिश के बाद उसने 31.08.2024 को न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। इसी मामले में 14.10.2024 को जिला और सत्र न्यायाधीश गढ़वा पंचम दिनेश कुमार द्वारा मो इजहार अंसारी का जमानत याचिका खारिज कर दी गयी। पीड़िता ने बताया कि इन दबाव के बावजूद भी न्याय पाने के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करूंगी।

## सिंघीताली निवासी युवक की पश्चिम बंगाल में मौत



फाइल फोटो अमित विश्वकर्मा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघीताली गांव निवासी उदय विश्वकर्मा के 24 वर्षीय पुत्र अमित विश्वकर्मा उर्फ सीटू का मौत ईलाज के दौरान पश्चिम बंगाल के खगड़पुर में हो गयी। वह पिछले छः माह पहले ही परिवार के भरण पोषण हेतु काम करने पश्चिम बंगाल के खड़गपुर स्थित रेशमी सीट प्लांट में क्रेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। परिजनों ने बताया कि बीते रविवार को अचानक उसे उल्टी और दस्त की शिकायत होने पर उसे खड़गपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां ईलाज के दौरान सोमवार के रात में उसकी मौत हो गयी। उक्त कंपनी द्वारा मृतक के घर शव को एंबुलेंस से भेजवाने की प्रक्रिया जारी थी।

## ट्रैक्टर से दब कर युवक की मौत



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी गांव में खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर से गिरने से चालक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान पझरी बड़का टोली गांव निवासी स्वर्गीय कोल्हा उरांव के पुत्र सुनील उरांव (37 वर्ष) के रुप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुनील उरांव (चालक) ट्रैक्टर लेकर सियार टोली व मकुंदा गांव के बीच खेत की जुताई कर रहा था, इसी दौरान चलते ट्रैक्टर में ही चक्कर खाकर गिर गया। इससे ट्रैक्टर का एक चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना क्षेत्र पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों एवं पुस्तकालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिनमे विशेष रूप से जिले के स्विप कोषांग टीम के द्वारा कस्तूरबा मध्य विद्यालय लोहरदगा, राज्यकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा, एवं विज्ञान भवन में स्थित पुस्तकालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम मे भाग लिया गया। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को अपने घर के बड़े जनों एवं आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु अपील की गयी, एवं उनसे अपील किया गया कि जिनके वोटर कार्ड अभी तक नहीं बना है वह कृपया अपने नजदीकी बीएलओ दीदी एवं ऑनलाइन आवेदन करें। साथ ही जिनका वोटर कार्ड नहीं है तो भी वे 13 प्रकार के के पहचान पत्र के माध्यम से भी वोट दे सकते हैं एवं फॉर्म 6 के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में जिले के स्विप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा एवं स्वीप के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे।

## कुडू में होटल संचालक पर धारदार हथियार से हमला

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू बस स्टैंड स्थित झारखंड स्वीट के संचालक 65 वर्षीय अली अंसारी को हमलावर ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना सोमवार 14 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे घटित हुई है। मौके पर खुन से लतपथ पड़े अली अंसारी को गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कुडू लाया गया जहां स्थिति नाजुक देख डॉक्टरों ने रांची रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना पर भारी संख्या में लोग कुडू हॉस्पिटल में जमा हो गये और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। हालांकि की पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार हमला करने वाला कुडू लोहरा टोली निवासी रंजीत उरांव पिता बिरसा उरांव अली अंसारी के होटल में काम करता था और कुछ दिन पहले ही काम छोड़ दिया था। होटल बंद कर अखरा टोली की ओर से अपने घर जा रहे अली अंसारी पर धारदार हथियार से पीछे से ताबड़तोड़ कई वार किया जिससे अली अंसारी के सर, गर्दन कान में गंभीर जख्म हो गया और वो वहीं गिर गये। जानकारी के अनुसार रंजीत ने हमला करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल अली अंसारी का रांची के लेक विव अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## अंचल कर्मियों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन निबंधन पदाधिकरी छंदा भटाचार्य ने बीएलओ पर्यवेक्षक, प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ आचार संहिता लगने पर सार्वजनिक क्षेत्र से बैनर पोस्टर हटाने व सभी बूथ पर लगे पोस्टर आदि को हटाने का निर्देश सभी कर्मी को दिया गया। वंही सभी बूथ पर मतदाताव के लिए मूलभूत सुविधा को दुरुस्त करते हुए दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम आदि का व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

### उपायुक्त से मिले ग्रामीण, कहा हिंडाल्को हमारा हक छीनना चाहती है

# डीसी को सौंपा 13 सूत्री मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के ग्रामीणों ने ग्राम चकला, अरन्डियाटांड़, पढुवा एवं हरैया टोला के जनता की जमीन कोल माइंस हिंडालको को सरकार के द्वारा मिला है। चकला में सर्व प्रथम नक्सा के आधार पर चकला कोल ब्लॉक हिंडालको को मिला, परंतु हिन्डालको कंपनी प्रथम सर्वे में चकला बस्ती सहित पिलरिंग सीएमपीडीआइ के द्वारा करवाया गया। सरकार से उसी नक्शा पर कोल माइंस हिंडालको का चकला कोल माइंस के नाम से मिला है। परंतु कुछ ही हिस्सा चकला बस्ती को लेकर कुछ बस्ती को छोड़ दे रही है तथा पूरे गांव बस्ती सहित रजिस्ट्री भी बंद करवा दिया है।



यदि कोई व्यक्ति को बिमारी या शादी विवाह की जरूरी में जमीन बेचना पड़े तो बिक्री नहीं हो सकता है। अभी कंपनी ने नया नक्शा बनाया है, जो चकला का कुछ हिस्सा ही लिया है जो कि नहीं के बराबर है। क्योंकि दूसरे जितना भी कोलवरी खुला हुआ है उससे प्रदूषण, डस्ट एवं पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि चकला कोल माइंस के डुमारकेशन एरिया के अंदर जो भी जमीन तथा पुराना मकान सभी को विस्थापित किया जाये एवं उचित मुआवजा भी दिया जाये। रैयतों के जमीन का मूल्य प्रति एकड़ 40 लाख रूपये होना चाहिए। आवासीय जमीन का मूल्य लगभग 60,000 प्रति डीसमिल रैयत को दिया जाये। झारखंड सरकार के नियोजन नीति के अनुसार 75% स्थानीय लोगों को रोजगार तथा नौकरी करने वालों को 40 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाये। जो भी लेबर वर्क का काम हो, उसे भी स्थानीय मजदूरों के द्वारा कराया जाये, जिसका न्यूनतम मजदूरी 468 रूपये प्रतिदिन होना चाहिए। समेत कई मांगों को लेकर उपायुक्त से मिले ग्रामीण। साथ ही उपायुक्त को ग्रामीणों ने कहा कि हम विकास विरोधी नहीं है परंतु हिंडालको कंपनी हम ग्रामीणों का हक मारना चाहती है, जो नहीं होने देंगे। चंदवा प्रखंड में हिंडाल्को कंपनी कई वर्षों से कार्य कर रही है, परंतु जनता का केवल लूटने का काम किया है किसी भी प्रकार का कोई सुविधा आज तक हिंडालको ने नहीं दी है।

## निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराने में कोषांगों की भूमिका अहम : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर सभी कोषांगों के वरीय, नोडल और प्रभारी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी कोषांगों को दिये गये दायित्वों को पालन करने का निदेश दिया गया। साथ ही, निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए सभी कोषांगों की भूमिका पर चर्चा की गयी।




पोस्टल-बैलेट कोषांग को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराते समय निश्चित रूप से एपिक कार्ड मतदाता द्वारा प्रस्तुत कराना सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग को त्रुटिहरित और प्रत्येक बिंदु का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न हो। पीठासीन पदाधिकारी समेत सभी मतदान पदाधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण का निर्देश दिया गया।

उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर द्वारा सभी कोषांग के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों व बिंदुवार जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गयी। आदर्श आचार संहिता के दौरान पहले चौबीस, अड़तालीस व बहत्तर घंटे में की जानेवाली कार्रवाई, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, प्रशिक्षण, एफएसटी/ वीएसटी के कार्य, मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं व उनकी रिपोर्टिंग समेत अन्य जानकारी दी गयी।

# प्राचार्य पर स्कूल की सामग्री बेचने और साइकिल के नाम पर पैसा वसूलने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के कोलसिमरी राजकीय मध्य विद्यालय में ग्रामीणों ने मंगलवार को ताला लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल प्रसाद के द्वारा विद्यालय की सामग्री जैसे कि पुरानी भवन को तोड़ कर उसका ईट, एस्बेस्टस इत्यादि को बेच दिया गया। आठवीं के



बच्चों ने बताया कि उनसे साइकिल दिलवाने के नाम पर उनसे 350 रुपये भी वसूले गये है। मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखा। सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा विद्यालय पहुंच कर ग्रामीणों को समझाया और विद्यालय को खुलवा कर ग्रामीणों से बात की एवं उचित कार्रवाई और जांच का सांत्वना दिया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल प्रसाद ने बताया कि उनपे जो भी आरोप लगा है वो बेगुनियाद है। पुराने भवन को तोड़ने का निर्देश जिला शिक्षा विभाग के द्वारा दिया गया है।

## ओपेन पार्क की स्थापना जल्द : संतोषी शेखर



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह पश्चमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने अपने 15वें वित्त की राशि रेल क्षेत्र मे स्थित सुभाष पार्क के हुए सुंदरीकरण सह चबूतरा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मंगलवार को उद्घाटन किया गया। इसके पूर्व पूजा अर्चना करने के बाद जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, पूर्व पंचायत समिति सुनीता पाल, इसीआरकेयू कार्यकारणी अध्यक्ष चंदनकुमार समेत अन्य अतिथियों के द्वारा विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया गया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि सुभाष पार्क प्रखंड के लिए एक विरासत हैं और इसको बेहतर बनाने का प्रयास हम सब को मिलकर करना हैं। इसी उदेश्य से सुंदरीकरण कार्य की शुरूआत की गयी हैं और जल्द ही महिलाओं और बच्चों के लिए ओपन पार्क की स्थापना सुभाष पार्क में होंगी। इस दौरान मौके पर भाजपा महामंत्री मनोज प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, साहिल सिंह, पवन शर्मा, यशी सिंह, निहारिका कुमारी अमृता रश्मि, विकास पासवान, अभिषेक पासवान यश पासवान, गौरव यादव, कुसुम सिंह, आरती देवी सरोज देवी, ज्योति देवी, विद्या भूषण, ऋषि कुमार, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लोहरदगा जेल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सहयोग से मंडलकारा लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कारा मंडल में बंद बंदियों का एचआइवी, टीबी, एसटीआइ, सिफलिस और हेपेटाइटिस का जांच किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में सदर अस्पताल और एचएलएफपीपीटी रांची की टीम उपस्थित रही। टीम में आइसीटीसी काउंसलर सदर अस्पताल अर्चना प्रसाद, प्रयोगशाला प्रावैधिक आइसीटीसी सदर अस्पताल मो. आबिद, रीना कुमारी, रीना कुमारी, एसटीएस जिला लक्ष्मा केंद्र लोहरदगा समीर टोप्पो, आरटीआई एसटीआइ काउंसलर सदर अस्पताल बिंदेश्वर भगत, जेएसएम के पीएमटीआईएनजीओ अमृता कुमारी, एचएलएफपीपीटी रांची के प्रिजन कोऑर्डिनेटर नंदिनी सिंह, स्टेट मॉनिटरिंग एवुलेशन कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार, जेएसएम के एमएनइटीआईएनओ आकाश प्रजापति उपस्थित रहे। वहीं डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने बताया कि कारा मंडल में बंद कैदियों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें बंदियों का स्वास्थ्य जांच कर इलाज भी कराया जाता है।

## गोगो दीदी योजना से घबरा गयी है राज्य सरकार : मनीर उरांव

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में गोगो दीदी योजना को लेकर भरी जा रही फार्म की समीक्षा की गयी। एक एक प्रखंड अध्यक्ष से अब तक भरे गए फार्म की संख्या की जानकारी ली गयी। विधानसभा चुनाव की तैयारी एवम रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा झारखंड की मां बहनों के लिए लायी गयी गोगो दीदी योजना जिसमे प्रत्येक महिला को वर्ष में 25 हजार रुपए सुनिश्चित देगी। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने सभी मंडल एवं मंच मोर्चा के अध्यक्ष को बैठक कर चुनाव संचालन समिति बनाने, प्रबंधन समिति का चयन करने, चुनाव कार्यालय का चयन करने एवं ग्राम स्तर पर दौरा करने को कहा। पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि संगठन के निर्देश पर हम सबको चुनाव लड़ना है और जीत दिलाना है।

**कोल्हान की खबरें**

# तीन विधानसभा सीटों के लिए 13 को होगा मतदान : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ देश के अलग-अलग राज्यों के 47 विधानसभा व दो लोकसभा सीटों में होने वाले उपचुनाव के तारीखों का ऐलान कर दिया। झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसके साथ ही दोनों राज्यों के अलावा यूपी में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। मंगलवार को सरायकेला खरसावां जिले के



डीसी रवि शंकर शुक्ला व एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा जिले के तीन विधानसभा सीटों के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रवि शंकर शुक्ला ने बताया जिले में तीन विधानसभा सीट सरायकेला, खरसावां और ईचागढ़ विधानसभा के कुल 8 लाख 85 हजार 62 मतदाता कुल 1055 मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन इसको लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है। एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया निष्पक्ष एवं विवाद रहित चुनाव संपन्न करने को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया मंगलवार से ही पड़ोसी राज्यों से सटे सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। हर हाल में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराया जायेगा।

## ठनका गिरने से बच्ची की मौत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिरसानगर थाना क्षेत्र के लुपुंगडीह निवासी बाबूलाल सबर की चार वर्षीय बेटी अनामिका सबर की मंगलवार शाम हुए वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतका गांव के स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा थी। बाबूलाल ने बताया कि बेटी अपनी मां सीमा सबर के साथ नहाने के लिए तालाब की ओर गयी थी। उस समय बिजली कड़क रही थी, लेकिन तब तक बारिश नहीं हो रही थी। बेटी इसी दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आकर पानी में गिर कर बेहोश हो गयी। जहां अस्पताल पहुचने पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अर्पण परिवार का कार्य अतुलनीय : काले

**अर्पण ने आगामी दीपावली, छठ एवं कार्तिक पूर्णिमा में लगने वाले सेवा शिविर को लेकर की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति आगामी त्यौहारों में सेवा कार्यों को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।मंगलवार को बैठक में संस्था के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर सभी ने एकजुट होकर सेवा कार्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया।बैठक में सदस्यों ने विभिन्न योजनाओं पर चर्चा कर निर्णय लिया आगामी दीपावली में



बोड़ाम स्थित ब्रजपुर गांव के बागबेड़ा में जरुरतमंद परिवारो को दीवाली एवं काली पूजा हेतु पूजन सामग्री, बच्चों के बीच नए कपड़े, गर्म कपड़े, पटाखे, मिठाई एवं अनेक प्रकार के उपहार बांटे जाएंगे। साथ ही छठ महापर्व में शहर के दर्जन भर घाटों पर छठ व्रत धारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शिविर लगाएं जाएंगे। कार्तिक पूर्णिमा में स्वर्णरेखा नदी के घाट पर श्रद्धालुओं के बीच अन्न दान की जाएगी।मौके पर मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा सामाजिक सेवा के इन कार्यों से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती। बल्कि यह हमें एकजुटता और सहानुभूति का अहसास भी कराता है। सभी मिलकर इन त्योहारों को और भी विशेष बनाना है। ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। श्री काले ने कहा 'अर्पण' परिवार ऐसे नेक कार्य में अग्रसर है जो समाज में सेवा व सहायता के भाव को बढ़ावा देता है। संगठन का लक्ष्य केवल त्योहारों पर ही नहीं हर समय जरूरतमंदों की मदद करना है।उन्होंने कहा अर्पण परिवार के सभी सदस्यों, सहयोगियों और समाज के सभी लोगों से अपील है वे पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस अवसर पर संचालन जूगुन पांडे व धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस सिंह ने किया। मौके पर पप्पू राव, उपेन्द्र कुमार, विभाष मजूमदार, दीपक सिंह, मनीष सिंह, घनश्याम भिरभरिया, शेखर मुखी, सौरव चटर्जी, विवेक कामत, विक्रम ठाकुर समेत कई सदस्यों ने सेवा कार्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सुधा फार्म हाउस प्रमोटर एंड डेवलपर और वसुधाश्री बिल्डकॉन की लॉन्चिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सुधा फार्म हाउस प्रमोटर एंड डेवलपर व वसुधाश्री बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड का जमशेदपुर के एक होटल में भव्य लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लॉन्चिंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केनरा बैंक मंडल प्रबंधक दामुर सिंह इचागुटु, संस्थान के कार्यकारी निदेशक जय प्रकाश भानु, निदेशक अभय कुमार सिंह, कुमार सनी शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा दीप प्रजलित कर सुधा फार्म हाउस प्रमोटर एंड डेवलपर व वसुधाश्री बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड प्रोजेक्ट का लांचिंग किया गया।



संस्थान के कार्यकारी निदेशक जय प्रकाश भानु ने उपस्तित ग्राहकों को ड्रीम प्रॉजेक्ट पर विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उन्होंने कहा नए प्रोजेक्ट में मुख्य सड़क 50 फिट रखा गया है। जबकि ग्राहकों की सुविधा के लिए 30 और 20 फिट का अन्य सड़क भी है। इसके आलावे सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइट, शुद्ध पानी सप्लायी, बिजली सुविधा मुख्य द्वार पर 24 घंटा सिक्योरिटी सुविधा, 7 फीट कैंपस बाउंड्री, ग्रीनरी पार्क, 540 स्क्वायर फीट कॉटेज बिल्ड अप एरिया, पेपर ब्लॉक सड़क, मंदिर, रेडी टू मूव कॉटेज, पानी संरक्षण के लिए तालाब, वोटिंग की सुविधा, चाकुलिया स्टेशन से 10 किलोमीटर और धालभूमगढ़ एयरपोर्ट से 25 किलोमीटर की दूरी पर भव्य प्रोजेक्ट का निर्माण की जा रही है। उन्होंने कहा लौहनगरी जमशेदपुर के टेल्को से प्रोजेक्ट का दूरी लगभग 85 किलोमीटर है। उन्होंने कहा प्रोजेक्ट में एक फार्म हाउस 10 कट्ठा में ग्राहक को उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमे एक रुम, एक हॉल, किचन, बाथरूम और बरामदा बाउंड्री वॉल के अंदर होगा। जिसका लागत 27 लाख रखा गया है। लेकिन प्रबंधन की ओर से लॉन्चिंग से दीपावली तक 2 लाख 16 हजार की छूट दी गयी है। इसके आलावे दीपावली को देखते हुए अपना घर का सपना को साकार करने के उद्देश्य से ग्राहकों को 5ग्राम गोल्ड कोयन व बहुत सारे छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया बुकिंग के लिए 90 प्रतिशत लोन का भी सुविधा है। तीन राज्य का बॉर्डर एरिया होने के नाते लगभग 27 प्लॉट अभी तक बुकिंग हो चुकी है। जमशेदपुर के अलावे बाहर से भी लोग ऑनलाइन बुकिंग करा रहे हैं। लॉन्चिंग के दिन लगभग 17 प्लाट का बुकिंग किया गया। मौके पर संस्थान से जुड़े पदाधिकारी सहित प्रोजेक्ट से जोड़ने के लिए सैकड़ो ग्राहक मौजूद रहे।

# बिजली चोरी कर निर्माण की सूचना पर विभाग ने की कारवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 18 स्थित हातिल फर्नीचर बिल्डिंग के समीप सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध रूप निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिए पूर्व पार्षद रंजन सिंह ने अंचल प्रशासन को अवगत कराया।मंगलवार को बिजली विभाग ने उक्त निर्माण स्थल पर दबिश दी। जहां बिजली चोरी का बड़ा खुलासा सामने आया। विभाग के अधिकारी ने काफी देर तक रुके लेकिन भूखंड के स्वामी



सामने नहीं आये। निर्माण कार्य का देखरेख कर रहे सुरक्षा कर्मी ने बताया कोई गांधी नामक शख्स का यह निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं पूर्व पार्षद रंजन सिंह ने अंचल अधिकारी को सौंपे गए मांग पत्र में आदित्यपुर दो के किसी आलोक दुबे का नाम दर्ज है।आवेदन के अनुसार उक्त स्थल पर महज एक कट्ठा जमीन ही रजिस्ट्री योग्य है,जबकि करीब तीन कट्ठा जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण कार्य जारी है।हालांकि पूर्व पार्षद के आवेदन पर अंचल प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। जिसपर भू माफिया का मनोबल बढ़ने सकती है। इस बीच बिजली चोरी का खुलासा होने पर भू माफियाओ में हड़कम देखने को मिला।अंचल अधिकारी को मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने जांच के लिए आदेश दे दी हैं।

## जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को चंदाली स्थित नए समाहरणालय भवन में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से दूर दराज से आये नागरिकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। सिसई से आयी रेणु कुमारी ने राशन कार्ड बनाने हेतु उपायुक्त को आवेदन दिया।वहीं डुमरी निवासी मो. तौकीर जैद ने उपायुक्त से नौकरी दिलाने हेतु सहायता की मांग की। कुछ नागरिकों ने जिले में चौकीदार बहाली की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया। वहीं कुछ आवेदन ऐसे भी आये जिन्होंने नए समाहरणालय भवन के समीप कैंटीन/ होटल खोलने हेतु जगह की मांग की।

# गुमला जिले के तीनों विधानसभा सीटों पर पहले चरण में ही मतदान

## गुमला, सिसई और बिशुनपुर विस क्षेत्र में 13 नवंबर को डाले जायेंगे वोट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्र गुमला, सिसई और बिशुनपुर में पहले चरण के तहत 13 नवंबर को मतदान होगा।

यह जानकारी जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रेस वार्ता का आयोजित कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। तीनों विधान सभा के प्रत्याशियों के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किया जायेगा। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। प्रपत्रों की जांच उपरांत 30 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि



निर्धारित की गयी है। नाम वापसी के बाद बाकी बचे सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जायेगा।

इन तीनों तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। वही, एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किये जायेंगे।

# दो बाइकों की टक्कर में चार लोग हुए घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के पतगछा मोड़ के समीप मंगलवार की शाम दो बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में चार लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक बाइक में तुसगांव निवासी 18 वर्षीय समीर खड़िया सवार होकर सीसी गांव से अपने घर लौट रहा था। तभी सामने से ट्रिपल बाइक सवार से टक्कर हो गई। घटना में चारों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दूसरे बाइक में सवार तीन लड़कों को हल्की चोट लगी। जिनका स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया जबकि समीर को सदर अस्पताल लाया गया। घटना में उसका एक पैर टूट गया है जबकि हाथ और सिर में भी चोट लगी है। वही घटनास्थल पर ग्रामीण जमा हो गये इसके बाद ट्रिपल बाइक सवार लड़कों को पकड़ लिया और उनके बाइक को भी जब्त कर लिया। वहीं स्थानीय स्तर पर तीनों का इलाज कराया गया जबकि समीर को सदर अस्पताल लाया गया। ग्रामीणों ने बताया तीनों लड़के नशे में धुत थे और तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे।

## चुनाव की तैयारी के लिए बीडीओ ने की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बीडीओ रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, पर्यवेक्षक और निर्वाचन कर्मियों की आवश्यक बैठक हुई। इस दौरान बीडीओ ने आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और संबंधित सभी कर्मियों को चुनाव के दौरान लगने वाले आदर्श आचार संहिता से संबंधित जानकारी और अनुपालन कराने सहित मतदान केन्द्रों के रुट चार्ट, मतदान केन्द्र में मुलभुत सुविधा बिजली पानी, रैंप, शौचालय आदि, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सहित चुनाव से संबंधित कई अन्य जानकारी और दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को संबंधित मतदान केन्द्रों निरीक्षण कर एफएम रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीआरओ सुमराई किण्डो, निर्वाचन आपरेटर सुमित कुमार केशरी, जेई श्रवण कुमार, अभिषेक साहु, विष्णु उरांव, सुर्यदेव राम, अरुण कुमार ज्योति, पवन किशोर, हिमालय राज, बीसीओ प्रवीण कुमार, संत कुमार साहु, सुषमा तिर्की, फागेश्वर भगत, मिक्खन टोप्पो,शैलेश प्रसाद यादव, विनोद भगत, मोनिका मिंज सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें : बीडीओ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ दिनेश कुमार और आशीष कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से बैठक किया। बैठक में शिक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर, बिजली विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा की जानकारी क्रमवार शिक्षकों से ली। साथ ही बीडीओ दिनेश कुमार ने मतदान केंद्र में पेयजल, भवन, फर्नीचर, बिजली शौचालय वह अन्य सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं बिजली विभाग के कर्मी को सभी मतदान केंद्रों में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही दो दिनों के अंदर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश सेक्टर मजिस्ट्रेट को और शिक्षकों को दी। मौके पर उपस्थित लोगों में निर्वाचन सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर ज्योतिलाल महतो, शिक्षक विजय कुमार साहू, अनूप भारती, मनोज तिवारी, व्यासदेव मिश्रा, महावीर महतो, अजय प्रजापति सहित कई शिक्षक सेक्टर मजिस्ट्रेट सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# एसआइटी की छापामारी में शराब बरामद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट थाना अंतर्गत बघिमा स्थित कामेश्वर साहु के घर से पुलिस की एसआइटी ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस संबंध में बताया गया कि मंगलवार को समय करीब 3:30 बजे के आस - पास पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली कि पालकोट थाना अंतर्गत ग्राम बधीमा में एक व्यक्ति अंग्रेजी शराब बेचने के लिये काफी मात्रा शराब लाकर अपने घर में रखा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए अंचल निरीक्षक बसिया के नेतृत्व में त्वरित एक एसआईटी टीम का गठन किया। एसआईटी टीम आनन फानन बघिमा स्थित कामेश्वर साहु के घर पहुंच गयी। पुलिस ने कामेश्वर के घर को चारों ओर से घेर लिया। छापामारी और तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान इनके घर से काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। इस संबंध में पालकोट थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। मुख्य अभियुक्त कामेश्वर साहु के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

छापामारी दल में पुनि जितेंद्र कुमार राम, थाना प्रभारी मो. जहांगीर, पुअनि सुबेदार कुमार यादव, पुअनि रामचंद्र यादव, पुअनि अर्जूण सिंह, सशस्त्र बल आ 42 मनोज कुमार इसक्र आ 53 बुधराम टोपनो शामिल थे।

# कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने धरना पर बैठी आंगनबाड़ी सेविका से की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा मुख्यालय में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के चल रहे हड़ताल में धरना पर बैठी सेविका सहायिका से कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत टुनटुन ने मुलाकात किया। जिस पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने अपना दुख दर्द बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा हम लोगों के मांग पर किसी भी तरह की कोई पहल नहीं की जा रही है। सभी कार्यों में हम लोगों से पूरी कम ली जा रही है लेकिन उसके बदले हमें सम्मान जनक वेतन व अन्य सुविधा नहीं दी जा रही है। वही आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका ने कहा कि 8 सूत्री मांग को लेकर सेविका का मानदेय कम से कम 20 हजार सहायिका का मानदेय 10 हजार, रिटायरमेंट के साथ एक मुस्त ढाई लाख और 5 लाख सेविका को देने, छुट्टी ग्रेट छुट्टी और 15 दिनों



का गर्मी छुट्टी एवं सेविका पद से सुपरवाइजर के लिए 50% आरक्षण, साल में कम से कम 30 दोनों का अवकाश, मानदेय पैसा महीना का 5 तारीख तक मिलने और पोषाहार का पैसा एडवांस दिए जाने, हर महीना पोषाहार का पैसा दिए जाने 5 लाख तक का फ्री में इलाज दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 लाख और घायल अवस्था में 50 हजार की मांग शामिल है। जिस पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत टुनटुन ने कहा कि आप सभी का मांग जायज है। आप लोगों का मांग को मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक रखूंगा और आपकी लड़ाई में मैं पूरी सहयोग करूंगा। आपकी लड़ाई में मैं साथ दूंगा आपके साथ मिलकर मैं आपके हक अधिकार को दिलाने के लिए लड़ाई लडूंगा। वही आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने मांग पत्र सौंपा। मौके पर उपस्थित लोगों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, सज्जाद खान, आदित्य भगत सहित कई आंगनबाड़ी सेविका सहायिका उपस्थित थे।

## चिल्ड्रेन एजुकेशन एकेडमी घाघरा ने डॉ अब्दुल कलाम की जयंती मनायी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एजुकेशन एकेडमी प्लस टू घाघरा में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मंगलवार को मनायी गयी। इस दौरान एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर मलयार्पण और दीपार्जन किया गया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित एक नाटकीय रूप प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने कहा अब्दुल कलाम बच्चों के लिए अंकल कलाम तो बड़ों के लिए कलाम साहब थे। साइंस की दुनिया में उन्हें मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है, तो राजनीतिक गलियारों में उनकी पहचान पीपल्स प्रेसीडेंट के तौर पर बनी। कलाम साहब की पूरी जिंदगी किसी ऊर्जा के समान है।उन्होंने अखबार बेचने से लेकर भारत के पहले नागरिक बनने तक का सफर तय किया। वह हमेशा सीखने की कला को महत्व देते थे। उन्हें उड़ना पसंद था जैसे खुले आसमान में चिड़िया उड़ती है और उड़ते हुए चिड़ियों को देखकर ही कलाम साहब ने तय किया कि उन्हें विमान विज्ञान के क्षेत्र में लाना है। उनकी चाहत पायलट बनने की थी लेकिन ईश्वर ने उनके लिए कुछ और ही राच रखा था। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों के अलावे शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## संताष कुमार बने सिसई के नये थाना प्रभारी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में संतोष कुमार सिंह योगदान दिया। इसके पूर्व वे सुरसांग थाना में प्रभारी पद पर थे, 18वें बैच के हैं। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सिसई को अपराध मुक्त बनाना, क्षेत्र में अमन-चैन लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। ग्रामीणों को न्याय मिले ग्रामीण नि:संकोच आकर थाना में किसी प्रकार की घटना हो जानकारी दें। उस पर त्वरित कार्रवाई होगी। ज्ञातव्य हो कि पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा सोमवार को तीन थाना प्रभारी सहित पांच पुअनि का स्थानांतरण किया गया हैं, जिसमें मुकेश प्रसाद टुडु थाना प्रभारी सुरसांग, संतोष कुमार सिंह थाना प्रभारी सिसई और युधिष्ठिर कुमार प्रजापति थाना प्रभारी बसिया बनाये गये। जबकि सिसई थाना प्रभारी और बसिया थाना प्रभारी को पुलिस केंद्र गुमला में स्थानांतरण किया गया है।

# मीटिंग के लिए सामुदायिक भवन नहीं देने पर डीडीसी से की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट गुमला के अध्यक्ष मो मिन्हाजुद्दीन और प्रवक्ता अधिवक्ता खुर्शीद आलम ने मंगलवार को उप विकास आयुक्त गुमला के समक्ष आवेदन दिया है।

दिये गये आवेदन में कहा गया है कि गुमला थाना रोड उर्दू स्कूल के बगल में मुस्लिम एसोसियेशन की जमीन खाता नंबर 447 प्लॉट नंबर 360 में सत्र 2005-2009 के तत्कालीन सांसद रामेश्वर उरांव के मद से सामुदायिक भवन का निमार्ण कराया गया है। वर्ष 2007 में भवन का निमार्ण पूर्ण हुआ उसके बाद अंजुमन इस्लामिया गुमला के पदेन सदर उक्त सामुदायिक भवन का देख रेख करते रहे और जरुरत मंद लोगों को मीटिंग हेतु उपलब्ध कराते रहे। 19 जुलाई 2023 को अंजुमन इस्लामिया गुमला का सदर मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू वकील बने हैं तबसे



उनके असंवैधानिक कार्य से क्षुब्ध होकर मुस्लिम समाज दो भागों में विभक्त हो गया है एक भाग इनकी अध्यक्षता में अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट गुमला के रुप में कार्यरत है।

बीते 10 अक्टूबर 2024 को अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट गुमला की बैठक हेतु अंजुमन ट्रस्ट द्वारा अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू वकील से उक्त सामुदायिक भवन की चाभी का मांग की गयी तो वे चाभी देने से इंकार कर गये और कहा कि इस सामुदायिक भवन में सिर्फ अंजुमन इस्लामिया गुमला की ही बैठक होगी। इस तरह सरकारी मद से बने समाज के हर वर्ग के प्रयोग में लाए जाने वाले भवन में एक पक्षीय कब्जा कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त गुमला से मांग की गई है कि उक्त सामुदायिक भवन को अंजुमन इस्लामिया गुमला से मुक्त कराकर प्रसाशानिक स्तर पर कमिटी गठित कर समाज के हर वर्ग के लिए उपयोग में लाए जाने हेतु सुनिश्चित किया जाये।

## तेलगांव की युवती ने कीटनाशक खाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के तेलगांव गांव निवासी एक 18 वर्षीय युवती ने सोमवार की रात 9:00 बजे कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजन उसे गाय का गोबर का घोल पिलाये इसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि घटना के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप सोमवार की रात 8:00 बजे अज्ञात वाहन के टक्कर से अरमई बेहरा टोली निवासी 28 वर्षीय अनमोल उरांव और 26 वर्षीय राजू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गये। लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल भेजवाया। वहीं घटना के बाद अज्ञात वाहन पालकोट की ओर फरार हो गया।

# निकोलस सुरीन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** जेएमएम से निष्कासित होने के उपरांत जेएमएम के वरिष्ठ कार्यकर्ता निकोलस सुरीन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मेरे ऊपर लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों का जो आरोप लगाकर मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है जो आरोप है वह बिल्कुल निराधार है। बेबुनियाद है जो लोग आरोप लगा रहे है वे खुद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के आंगन में जा कर वर्तमान सांसद को पलटू राम कहकर उसके पक्ष में काम नही करने का भाषण दिया था। ये लोग किसी ओर के इशारे पर काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि वे झामुमो के सच्चे सिपाही है। झामुमो का उद्देश्य हमेशा से जल जंगल जमीन की रक्षा करने कर रहा है जल जंगल जमीन की रक्षा करने का नारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन का दिया हुआ है मैं गुरूजी के पद चिन्हों पर चलने वाला व्यक्ति हूं। मैं कामडारा ओर बसिया प्रखंड में जल जंगल जमीन और वनाधिकार को लेकर हमेशा कार्य कर रहा हूं जिससे मेरी लोकप्रियता से घबरा कर मेरे विरुद्ध निराधार आरोप लगाया जा रहा है। प्रखंड कमिटी को पार्टी संविधान की पूरी जानकारी नही है निष्कासन करने की प्रक्रिया होती है मैं अपनी बातो को जिला एवं प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखूंगा। दूरभाष से बात करने पर उनसे पूछा गया कि बहुत सारे नेता अपने क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़कर दूसरे क्षेत्र को अपना कर्मक्षेत्र मानकर चुनाव लड़ते है तो यह नियम उनपर भी लागू होगा या केवल अपने फायदे के लिए स्थानीय विधायक को टारगेट किया जा रहा है? तब निकोलस सुरीन ने टालमटोल करते हुए कहा कि यह जनता और सामाजिक संगठनों की मांग है मैं तो केवल समर्थन किया हुं। नेताओं को चुनाव लड़ाना हाइकमान का काम है और वे ही निर्णय लेंगे।

# मदरसा इस्लामिया में मध्याह्न भोजन दो साल से बंद

### मदरसे की स्थिति देख कर नाराज दिखे जिला शिक्षा अधीक्षक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला का एक मात्र सरकारी मदरसा इस्लामिया फैज ए आम गुमला की खस्ता हाली देख कर जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान काफी भड़के। स्थानीय सिसई रोड स्थित मदरसा इस्लामिया फैज ए आम गुमला में पिछले दिनों जिला शिक्षा अधीक्षक जायजा लेने पहुंचे थे।

गुमला मदरसा इस्लामिया के प्रबंध समिति गठन नहीं होने के वजह कर होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए अंजुमन इस्लामिया गुमला ने जिला शिक्षा अधीक्षक से



मदरसा का जायजा लेने की गुजारिश की थी। उक्त मदरसा में पठन-पाठन शौचालय भवन की आदि की स्थिति जानने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक पहुंचे इस मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। रविवार होने के बावजूद भी जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान करीब 2 घंटे मदरसा में रहे और मदरसा के हेड मौलवी रशेदुल कादरी सहायक शिक्षकों को डांट फटकार लगाते हुए कहा कि जिला का एकमात्र मान्यता प्राप्त मदरसा की स्थिति बहुत ही दयनीय है। उन्होंने छात्र-छात्राओं की हाजिरी रजिस्टर शिक्षक रजिस्टर मध्यान भोजन योजना शौचालय रसोईया एवं सभी कक्षाओं का मुआयना भी किया। जिसके लिए अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी से कहा कि आप सब एक अच्छी कमेटी बनाकर जल्द से जल्द सारी खामियों को दूर करे।

उक्त विद्यालय में बहुत ही गरीब मजदूर असहाय ग्रामीण क्षेत्र के तथा शहरी क्षेत्र के बच्चे अध्ययन के लिए आते हैं। उन्हें अच्छी शिक्षा और मध्यान भोजन अच्छा से अच्छा व्यवस्था करनी की आवश्यकता है। जिस तरह मध्यहान भोजन दो साल से बंद है क्यों बंद है किसकी गलती है उसपर कारवाई करने का आशवासन दिया। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आदमी, सचिव मकसूद आलम, हाजी सुल्तान अंसारी, मोहम्मद लड्डन, अफसर आलम, नैयर जमील, सऊद आलम, शकील खान, मोहम्मद बन्नू समीम खान, सरवर आलम, मोहम्मद मेराज शहजाद, अनवर अफरोज आलम, जमील आलम, नसीम खलीफा समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गुमला में 19 को आयेंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन शनिवार यानी 19 अक्टूबर को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मिशन बदलाव ने लड़ाई को गांव में ही सुलझाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड अंतर्गत बटकुरी पड़हा भवन के प्रांगण में मिशन बदलाव बटकुरी की बैठक क्रांतिकारी सदस्य चंदन उरांव की अध्यक्षता में आहूत हुई। जहां पर आम चौपाल के बीच ग्रामीणों के मूलभूत समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया।

चंदन उरांव ने कहा कि मिशन बदलाव के द्वारा गांव से शहर सभी जगह पर चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान के लिए पहल किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भूषण भगत, कालेश्वर गोप ने कहा पूरे गांव में अंधविश्वास की कई ऐसे मामले हैं जिसके वजह से ग्रामीणों का



भेदभाव और भाईचारा खत्म हो रहा है। बैठक में एक मामला डायन बिसाही का चौपाल में उजागर हुआ। जहां पर मिशन बदलाव के चंदन उरांव भूषण भगत ने ग्रामीणों के साथ सर्व समिति से निर्णय लिया कि अंधविश्वास संबंधी जो भी जादू टोना भगत और जो अन्य अंधविश्वास संबंधित पाखंडी काम करते हैं। वैसे लोग अगर गांव में आते हैं तो ऐसे लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई किया जायेगा। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया की बटकुरी में विरसमणी उरांव और मिथुन उरांव और कुछ परिवारों के बीच डायन बिसाहि मामला को लेकर लड़ाई चल रहा था। लगातार वाद विवाद होने से ग्रामीणों में भय का माहौल वयाप्त था। ग्रामीण हमेशा इन सभी अंधविश्वासों से लेकर परेशान थे सभी लोगों को चौपाल में बुलाकर दोनों परिवारों के समक्ष मामला का निष्पादन किया गया।

# विधानसभा चुनाव 2024: उपायुक्त ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी संग की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग की बैठक। बैठक के दौरान उन्होंने कोषांगवार विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इलेक्शन मोड में रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है, उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपने देख-रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि से अवगत हुए, वहीं निर्वाचन कोषांग द्वारा अबतक किये गये कार्यों की भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने, पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन, सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक, सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये। उन्होंने इलेक्शन के सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग का हैंड बुक में दिए गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिये।

उन्होंने अंतर जिला पर चेकिंग अभियान को सक्रीय करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान 24, 48 और 72 घंटे के प्रोटोकॉल को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया। स्वीप कोषांग को विशेषकर स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए स्वीप के गतिविधियों के संचालन पर बल दिया गया। एफएसटी और एसएसटी के टीमों को सक्रियता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की बात कही गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त, मेदिनीनगर नगर आयुक्त, तीनों एसडीओ, अपर समाहर्ता, समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव 2024: सदर एसडीओ ने चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में जारी की निषेधाज्ञा

**प्रत्याशियों, दलों और अन्य संगठनों के लिए गाइडलाइन जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना ने भी संपूर्ण अनुमंडल क्षेत्र में दिनांक 15 अक्टूबर 2024 से मतगणना समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है, जिसके तहत पूरे सदर अनुमंडल क्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार,आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी / कर्मचारी/पुलिस कृपाल धारण करने पर लागू नहीं होगी। सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं स्थानीय संस्थाओं जैसे महाविद्यालय, उच्च विद्यालय, प्राथमिक, मध्य एवं बुनियादी विद्यालयों एवं किसी भी आम भूमि पर किसी प्रकार की आम सभा का आयोजन करने तथा पूरे अनुमंडल क्षेत्र में जुलूस निकालने पर मनाही होगी। यह निषेधाज्ञा शव यात्रा, शादी विवाह/मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगी। कोई भी दल, अभ्यर्थी या उनके सहयोगी द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक समय सीमा के अंदर अनुमंडल कार्यालय की पूर्वानुमति प्राप्त कर ही किया जा सकेगा। उक्त समय सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उपर्युक्त शर्त मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या धार्मिक स्थलों पर लागू नहीं होगी। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थल पर से निर्वाचन के प्रचार को प्रतिबंधित रखा गया है। किसी सार्वजनिक/ सरकारी संपत्ति या किसी व्यक्तिगत संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर पंपलेट साटना, झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना, तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। किसी भी उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है, जिससे किसी धर्म, संप्रदाय या जाति के लोगों की भावना को ठेस पहुंचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो। मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, सांप्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा लेने पर भी मनाही होगी। पूजा के किसी स्थान जैसे कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। किसी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन के ऐसे पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी है, जिनका संबंध उसके सार्वजनिक जीवन या क्रियाकलापों पर और न ही ऐसे आरोप लगाये जाना है, जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो। किसी अभ्यर्थी की आलोचना उसके पूर्व कार्य तक ही सीमित रहनी है तथा असत्यापित आरोंपों पर आधारित नहीं हुई हो। प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाना है, चाहे उसके विचार कैसे भी क्यों न हो। किसी व्यक्ति के कार्यों या विचारों का विरोध करने के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा ऐसे व्यक्ति के घर के सामने धरना देने, नारेबाजी करने या प्रदर्शन करने की कार्रवाई का कतई समर्थन नहीं किया जायेगा। उम्मीदवार को ऐसे सभी कार्यों से परहेज करना है जो चुनाव कानून के अंतर्गत अपराध हो। ऐसा कोई पोस्टर, इश्तेहार, पंपलेट पर परिपत्र निकालना जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता न हो, धारा 127अ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियन का उल्लघंन माना जायेगा। किसी उम्मीदवार के निर्वाचन की संभावना पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के उद्देश्य से उसके व्यक्तिगत आचरण और चरित्र या उम्मीदवार के संबंध में ऐसे कथन या समाचार का प्रकाशन कराना जो मिथ्या हो या जिसके सत्य होने का विश्वास न हो, की मनाही रहेगी। किसी चुनाव सभा में गड़बड़ी करना या विघ्न डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन माना जायेगा। मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा करना वर्जित किया जाता है। मतदाताओं को रिश्वत या किसी प्रकार का पारितोषिक देना आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन की श्रेणी में आयेगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर के अंदर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार करना या मत संयाचना करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने तथा ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग करना वर्जित किया जाता है। मतदान केंद्र में या उसके आसपास विश्रृंखलर आचरण करना या मतदान केंद्र के अधिकारियों के कार्य बाधा डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। मतदान का प्रतिरूपेण करना अर्थात गलत नाम से मतदान का प्रयास करना दंडनीय है। प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को ऐसे करने से रोकना होगा। किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी व्यक्ति की भूमि, भवन अहाते एवं दिवार का उपयोग झंडा टांगने, पोस्टर चिपकाने, नारे लिखने आदि प्रचार कार्यों के लिए उसकी लिखित अनुमति के बगैर नहीं किया जायेगा और अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं को भी ऐसा करने से रोकना होगा। किसी भी उम्मीदवार द्वारा उसके पक्ष में लगाये गये झंडे या पोस्टर दूसरे उम्मीदवार के कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं हटाया जायेगा। किसी हाट, बाजार या भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल पर चुनाव सभा के आयोजन के लिए सक्षम पदाधिकारी से पूर्वानुमति ली जायेगी तथा स्थानीय पुलिस थाने को ऐसी सभा के आयोजन के पूर्व सूचना दी जायेगी, ताकि शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने तथा यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस आवश्यक प्रबंध कर सके। प्रत्येक उम्मीदवार को किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा आयोजित सभा या जुलूस में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने या बाधा डालने से अपने कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों को रोकना होगा।

यदि दो भिन्न दलों एवं उम्मीदवार द्वारा आस-पास स्थित स्थानों पर सभाएं की जा रही हैं, तो ध्वनि विस्तारक का मुंह विपरीत दिशा में रखने होगें। किसी उम्मीदवार के समर्थन से आयोजित जुलूस ऐसे क्षेत्र या मार्ग से नहीं निकाला जायेगा, जिसमें कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हो। जुलूस में लोगों को ऐसी चीजे लेकर चलने से रोका जायेगा, जिसको लेकर प्रतिबंध हो या जिनका उत्तेजना के समय में दुरूपयोग किया जा सकता है। प्रत्येक उम्मीदवार को किसी अन्य उम्मीदवार के पुतले लेकर चलने या उन्हें किसी सार्वजनिक स्थान में जलाये जाने तथा किसी प्रकार के अन्य प्रदर्शन का आयोजन करने से अपने कार्यकर्ताओं को रोकना होगा।

## राजद कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, दर्जनों लोंगो ने ली सदस्यता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आवास परिसर में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में पार्टी की सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की गयी। इस दौरान कई लोगों ने राजद ज्वाइन किया। जिसमे अनिल रजवार, अखिलेश पासवान, शिवशंकर नागेंद्र कुमार, योगेंद्र पासवान, अनमोल कुमार, कुमार, उमेश विश्वकर्मा, उपेंद्र पासवान, नरेश राम, डोमन राम आदि समेत कई लोग राजद में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने सभी को पार्टी झंडा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर राजद प्रदेश महासचिव मदन पासवान, प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खां, भरत पासवान, विनय सिंह यादव समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के मध्य विद्यालय में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन मनाया गया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के 93वें जन्मदिन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुये उनके बताये आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कन्हैया प्रसाद ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मिसाइल मैन का सुविचार सपने वो नहीं, जो आप सोते वक्त देखते हैं, सपने वो होते हैं जो आपको सोने नहीं देते है। तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र अक्षय कुमार, शिवांश कुमार, जूली कुमारी, एकता कुमारी, स्वीटी कुमारी, सुमन कुमारी, प्रार्थना कुमारी, जागृति कुमारी, हिमांशु राज, अनुराग कश्यप, वैष्णवी सहित अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एच एम कन्हैया, राजेश कुमार गुप्ता, मो जुबैर अंसारी, पुष्पा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, राजेश सिन्हा, रश्मि प्रकाश और कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता आदि उपस्थित थें।

## एमकेडीएवी के छात्रों ने किया मिसाइल मैन को नमन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के छात्रों ने विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मिसाइल मैन कहे जाने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी 93वीं जयंती पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार द्वारा वरिष्ठ शिक्षकों के साथ डॉ कलाम के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। तत्पश्चात डॉ कलाम के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्राएं आकांक्षा तिवारी एवं अंजलि ने डॉ कलाम को महान वैज्ञानिक, उच्च कोटि का देशभक्त एवं सरल हृदय व्यक्ति बताया। छात्राओं ने डॉ कलाम के जीवन की कठिनाइयो एवं संघर्षों को रेखांकित करते हुए उनके आदर्शों एवं देश हित के कार्यों की कोटि-कोटि प्रशंसा की। आईआईएम शिलांग में छात्रों को संबोधित करते हुए हृदयाघात के कारण उनका निधन हो गया। उन्होंने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेक मिसाइलो के निर्माण में सहयोग किया, जिसके कारण उन्हें मिसाइल मैन के नाम से जाना जाने लगा। डॉ कलाम के आदर्श एवं राष्ट्रभक्ति की भावना हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सीएसपांडे, एके पांडे, नीरज श्रीवास्तव, आरके चौबे, रागिनी श्रीवास्तव, अमित त्रिपाठी उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।

# राज्य सरकार सहायक अध्यापकों के साथ कर रही है वादाखिलाफी: विनोद तिवारी

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव में कई मंचों से बोला था कि हमारी सरकार बन गयी तो 3 महीने के अंदर में पारा शिक्षकों को सरकारी शिक्षा बना दिया जायेगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर पलामू जिला में झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा पलामू की प्रेस वार्ता किया गया। यह प्रेस वार्ता संघर्ष मोर्चा के सदस्य सह झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ हमारी वार्ता 28 सितंबर को हुआ था जिसमें सहमति बनी थी कि सहायक अध्यापकों को इपीएफ, अनुकंपा का लाभ, कल्याण कोष का लाभ आदि दिया जायेगा। लेकिन कैबिनेट में इसे पारित नहीं किया गया। इसके पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने 2019 के चुनाव में कई मंचों से बोला था कि हमारी सरकार बन गयी तो 3 महीने के अंदर में पारा शिक्षकों को सरकारी शिक्षा बना दिया जायेगा। दुर्भाग्य की बात है कि अब अगला चुनाव आ गया और अभी तक सरकार अपने वादे पर अमल नहीं कर रही है। इस तरह के वादा खिलाफी के कारण झारखंड के सहायक अध्यापकों में भारी आक्रोश है। सरकार के व्यवहार से तंग आकर संघर्ष मोर्चा जिसमें अब डेट उत्तीर्ण साथी भी शामिल है, संयुक्त रूप से आंदोलन की घोषणा किया है।

14 अक्टूबर सोमवार को झारखंड के सभी जिला मुख्यालय में झारखंड सरकार में शामिल शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव एवं गिरीडीह विधायक सुदीप्य कुमार सोनू का शव यात्रा निकाला जायेगा इसके बाद इनका पुतला दहन होगा। 15 अक्टूबर दिन मंगलवार से सहायक अध्यापक हड़ताल पर रहेंगे। 17 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जायेगा। हमारी मांग टीइटी उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों का समायोजन किया जाए, आकलन उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाए, प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को वेतनमान के समतुल्य मानदेय दिया जाए। प्रेस वार्ता में जनेश्वर सिंह, इमामुद्दीन अंसारी, अजय प्रसाद गुप्ता, नेजामुददीन अंसारी, धन्नजय यादव, महेंद्र कुमार सिंह, जयराम उरांव, नांहु बारला, अवध यादव, रामाश्रय प्रसाद, दिलीप तिवारी शामिल हुए।

# रेहला में हुई कांग्रेस की आपात बैठक

**गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने का प्रस्ताव पारित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला में कांग्रेस की एक आपात बैठक मंगलवार को हुई। जिसमे विश्रामपुर नगर, बिश्रामपुर प्रखंड, अंटारी,पांडू और नवाबाजार प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने किया। संचालन प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने किया। बैठक में बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी को ही चुनाव मैदान में उतारने का प्रस्ताव पारित किया गया। पारित प्रस्ताव को प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय चौबे ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से नौ बार कांग्रेस प्रत्यासी की जीत हुई है।

इसलिए इस विस सीट पर कांग्रेस का ही दावा मजबूत है। वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के लहर में राजद सिर्फ दो बार ही यहां से जीत पायी है। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि बिश्रामपुर कांग्रेस का गढ़ है। बैठक में वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, पूर्णिमा पांडेय, रिंकू सिंह, सतीश चौबे उर्फ बालजी चौबे सहित कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। 006

## स्पोर्ट्स



वेदांता लिमिटेड ने मंगलवार को कलिंगा लांसर्स के लिए आधिकारिक लाइनअप का अनावरण किया, क्योंकि बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) 2024 सात साल के अंतराल के बाद वापस आ रही है।

# वेदांता ने एचआइएल खिलाड़ी नीलामी में दबदबा बनाकर कलिंगा लांसर्स के लिए मजबूत टीम बनायी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** वेदांता लिमिटेड ने मंगलवार को कलिंगा लांसर्स के लिए आधिकारिक लाइनअप का अनावरण किया, क्योंकि बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) 2024 सात साल के अंतराल के बाद वापस आ रही है। खिलाड़ियों की नीलामी में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद वेदांता ने उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी दिग्गजों को मिलाकर एक शानदार टीम तैयार की है, ताकि कलिंगा लांसर्स को आगामी टूर्नामेंट के लिए मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया जा सके।

नीलामी के दौरान कंपनी के रणनीतिक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप एक अच्छी लाइनअप तैयार हुई। इसमें एरन जालेव्स्की, अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स और थिएरी ब्रिंकमैन जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं, साथ ही रोसन कुजूर और मुकेश टोप्पो जैसे उभरते युवा भारतीय सितारे सभी पदों पर टीम की ताकत को बढ़ा रहे हैं। टीम के अनुभव और युवा ऊर्जा के संतुलन ने लांसर्स को इस साल के एचआइएल में सबसे प्रतिस्पर्धी टीमों में से एक बना दिया है।

**कलिंगा लांसर्स की पूरी टीम :** डिफेंडरः संजय (38 लाख रुपये), मनदीप मोर (19 लाख रुपये), अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (23 लाख रुपये), आर्थर वान डोरेन (32 लाख रुपये), एंटोनी किना (16 लाख रुपये), प्रताप लाकड़ा (2 लाख रुपये), सुशील धनवार (2 लाख रुपये), रोहित कुल्लू (2 लाख रुपये)।

**मिडफील्डर :** अरन जाल्वेस्की (27 लाख रुपये), मोरियांग्थेम रबीचंद्र (32 लाख रुपये), एनरिक गोंजालेज (10 लाख रुपये), मुकेश टोप्पो (5 लाख रुपये), रोसन कुजूर (12.5 लाख रुपये), निकोलस बंदुरक (5 लाख रुपये) फॉरवर्डः बॉबी सिंह धामी (20 लाख रुपये), दिलप्रीत सिंह (34 लाख रुपये), थियरी ब्रिंकमैन (38 लाख रुपये), अंगद बीर सिंह (रुपये) 26 लाख), रोशन मिंज (2 लाख रुपये), गुरसाहिबजीत सिंह (6 लाख रुपये), दीपक प्रधान (2 लाख रुपये)।

**गोलकीपर :** कृष्ण पाठक (32 लाख रुपये), टोबियास रेनॉल्ड्स-कॉटरिल (2 लाख रुपये), साहिल कुमार नायक (2 लाख रुपये) कलिंगा लांसर्स की टीम में 8 विदेशी खिलाड़ियों सहित 24 खिलाड़ी हैं, जिनकी शेष राशि 10.5 लाख रुपये है।

नवगठित टीम पर टिप्पणी करते हुए वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुनील गुप्ता ने कहा कि हॉकी भारत की खेल संस्कृति में गहरायी से निहित है और हमें कलिंगा लांसर्स के माध्यम से इसके विकास में योगदान देने पर गर्व है। टीम का मालिक होना और अगली पीढ़ी को प्रेरित करके खेल को और मजबूत करना एक सौभाग्य की बात है। हॉकी से परे, वेदांता जमीनी स्तर पर तीरंदाजी, कराटे और फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश भर में अच्छी तरह से विकसित प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए हमारे समर्पण को दर्शाता है।

रणनीति निदेशक डेविड जॉन ने अपना उत्साह साझा किया। उन्होंने कहा कि हमने एक ऐसी टीम बनायी है, जो न केवल प्रतिभाशाली है बल्कि सफलता के लिए भी गहराई से प्रतिबद्ध है। हमारी रणनीति अनुशासन और तेज गति वाले खेल पर जोर देगी, जिससे स्कोरिंग के अवसरों को अधिकतम किया जा सकेगा। हमारे पास मौजूद बेहतरीन प्रशिक्षण वातावरण और बुनियादी ढांचे के साथ-साथ हमारे सहायक कर्मचारियों की विशेषज्ञता के साथ, मुझे विश्वास है कि टीम चुनौतियों का डटकर सामना करेगी। हमारा लक्ष्य हॉकी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और इस साल लक्ष्य में एक मजबूत छाप छोड़ना है।

# राज्यपाल ने किया प्रतीक्षित एसजेएएस हॉस्पिटल का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित एसजेएएस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। एसजेएएस हॉस्पिटल को पूर्वी भारत का सबसे आधुनिक अस्पताल बताया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह और अस्पताल के ऑनर अमरेंद्र सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मीडिया से बात करते हुए अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस अत्याधुनिक स्वास्थ्य संस्थान में 19 विभिन्न बीमारियों का इलाज उपलब्ध होगा, जिससे झारखंड के लोगों को इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों को उचित दाम पर बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जायेंगी, जो क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगी।

# एनएसयूआइ ने रोकी आइआइटी आइएसएम की बाउंड्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को बिना किसी जानकारी के धनबाद आईआईटी आईएसएम ने पीके रॉय कॉलेज के सामने अपनी बाउंड्री करने की कोशिश की। प्रवक्ता ने बताया बाउंड्री से पीके रॉय कॉलेज के छात्रों को बहुत परेशानियों का सामना करना पर सकता है तथा कॉलेज में किसी भी प्रकार की आपदा होने पर बाहर निकलने के लिए केवल एक रास्ता है। जिस कारण आज सभी शिक्षक तथा दर्जनों छात्र के साथ एनएसयूआई ने आंदोलंद किया और बाउंड्री होने से रोका। मौके पर मौजूद एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, प्रदेश सचिव रवि, विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह, सन्नी सिंह, अनिकेत ,रोशन कुमार, पियूष सिंह, अमन,आयुष, ध्रुव, नवनीत, अभिनाश, वरुण, मुकेश, सचिन तथा अन्य छात्र मौजूद थे।

# कसमार प्रखंड मुख्यालय में खुला पुस्तकालय



**कसमार (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के पुस्तकों का अब अध्ययन आसान हो गया है। प्रखंड के पुराने सभागार में पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन प्रमुख न्योती दे एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी ने फीता काटकर की। इसपर प्रमुख ने कहा गरीब बच्चों को पठन पाठन में इससे काफी सुविधा होगी। गरीब बच्चे पैसे की कमी के कारण महंगे और ज्ञानवर्धक पुस्तक पढ़ने से वंचित हो जाते थे, वो कमी अब पूरा हो जायेगी। वहीं बीडीओ नम्रता ने कहा बच्चों के हर प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तक उपलब्ध होंगे, वो बेहिचक आकर इसका अध्ययन कर कामयाबी हासिल करें। उक्त पुस्तकालय का संचालन डीएमएफटी निधि से किया जाएगा। मौके पर प्रधान सहायक देवानंद चौधरी, पसस प्रिया देवी, पूनम मरांडी, मंजू देवी, दिलीप महतो इत्यादि मौजूद थे।

# सांसद दुल्लू महतो ने मां दुर्गा से लिया आशीर्वाद



**बोकारो थर्मल (बेरमो)। धनबाद सांसद दुल्लू महतो बोकारो थर्मल स्थित पंच मंदिर पूजा पंडाल पहुंचे जहां मंदिर के पुजारी बनारसी बाबा ने संसद को विधिवत पूजा पाठ करवाए एवं सांसद ने मां दुर्गा से आशीर्वाद लिया। यहां सांसद श्री महतो के साथ भुनेश्वर प्रसाद साहू, जानकी महतो, कृष्ण मुरारी, जोधन नायक, खिरोधर महतो, अरुण कुमार, सुदामा साव, सुरेश यादव, पिंटू, पवन, धीरज गिरी, पप्पू यादव, उमेश उपाध्य सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।**

# मुकेश सिंह की मौजूदगी में सैकड़ों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में आस्था जताते हुए आज एहसान लायन के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने सरायढेला स्थित झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह के कार्यालय पहुंचकर मुकेश सिंह की उपस्थिति में झामुमो का दामन थामा। मुकेश सिंह ने एहसान लायन के साथ-साथ उनके नेतृत्व में सदस्यता ले रहे सभी नये सदस्यों को माला पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। मुकेश सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। जिसमे आगामी चुनाव की तैयारियों पर जी जान से लग जाने के निर्देश उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिए। मुकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार महिलाओं युवाओं के हितो को ध्यान में रखकर योजनाएं ला रहे हैं और आज इसका प्रमाण है कि सैकड़ों युवा मुख्यमंत्री में आस्था रखते हुए पार्टी कि सदस्यता ग्रहण किया है। मुकेश सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार ने मंइयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि को एक हजार रुपये से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये करने का ऐतिहासिक फैसला किया है और इसे लेकर मुख्यमंत्री की लगातार राज्य भर में प्रशंसा हो रही है। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब महिला लाभुकों को सालाना मिलने वाली 12 हजार की राशि बढ़कर 30 हजार हो गयी है जोकि दिसंबर से लागू भी होने जा रही है। मुकेश सिंह ने कहा हमारा एक मात्र लक्ष्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत बनाना है। हम मुख्यमंत्री बनाओ योजना चलाने का संकल्प लें और एक बार फिर से हेमंत सोरेन को झारखण्ड का सीएम बनते देखें।

मौके पर एहसान लायन, इम्तियाज अहमद नजमी, उमेश राम, सूरज चौहान, विशेषवर सिंह, शेख अनस, दारा सिंह, लालू सोरेन, संजय चौहान, अमन चौहान, जितेंद्र चौहान, सोफेक अंसारी, लालू सोरेन राजगुएल अंसारी, अनवर अंसारी, अरुण अंसारी,नूर मोहम्मद, संजू चौहान आदि उपस्थित 3हुए। कार्यक्रम का संचालन इम्तियाज अहमद नजमी ने किया।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि ढाई हजार करने के कैबिनेट के निर्णय का स्वागत, बांटी मिठाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि को एक हजार रुपये से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये कर दिए जाने की कैबिनेट से मिली मंजूरी पर झामुमो महिला मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताते हुए मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। झामुमो मिडिया पेनेलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार महिलाओं के सम्मान में नित दिन नये फैसले ले रहे हैं हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना काबिले तारीफ है। लाखों महिलाएं इससे लाभान्वित हो रही हैं और दिसंबर महीने से लाभुकों के खाते में एक हजार के बजाय ढाई हजार की राशि जायेगी इसे लेकर महिलाओं में जबरदस्त खुशी है और वे मुख्यमंत्री का दिल से आभार जता रहे हैं।

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन तैयार : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**घनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के बाद पत्रकार वार्ता कर मीडिया से कहा कि धनबाद में 22 अक्टूबर 2024 को विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की जायेगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 रहेगी। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जायेगी। वहीं 1 नवंबर 2024 को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में धनबाद में 20 नवंबर 2024 को मतदान किया जायेगा। 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जायेगी तथा 25 नवंबर 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी की है। उन्होंने शहरी एवं युवा वोटरों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही बताया कि 2019 के विधानसभा चुनाव में धनबाद में 62.28% मतदान हुआ। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत 2.53% बढ़कर 64.81% रहा। विधानसभा चुनाव में भी स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाताओं को जागरुक कर मतदान प्रतिशत को और बढ़ाने का जिला प्रशासन का उद्देश्य रहेगा।

# चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही बेरमो की राजनीति हुई गर्म

संदीप कुमार सिंह




**फुसरो (बेरमो) (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा का त्यौहार बितते ही चुनाव आयोग में झारखंड सहित महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श अचार संहिता लागू हो गया है। पूरे झारखंड में दो चरण में चुनाव होगा। पहला चरण में चुनाव 13 नवंबर को तथा दूसरा चरण में 20 नवंबर को चुनाव होना है। बेरमो विधानसभा 35 का चुनाव दूसरे चरण यानी 20 नवंबर को होगा। मतगणना 23 नवंबर को होना है। चुनाव की घोषणा होते ही बेरमो में राजनीति माहौल गर्म हो गया है। सबसे ज्यादा कयाश भाजपा उम्मीदवार को लेकर सब की बनी हुई है। सभी को भाजपा उम्मीदवार की घोषणा की बेचैनी और बेताबी से इंतेजार है। सब यह देखना चाहते हैं की इंडी गठबंधन के उम्मीदवार मौजूदा विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को टक्कर देने के लिए भाजपा किसे उम्मीदवार बनाता है। सबकी निगाहे भाजपा उम्मीदवार पर टिकी है। इसमें उम्मीदवार के रूप में पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, युवा नेता प्रकाश सिंह तथा लक्ष्मण नायक मुख्य रूप से शामिल है। साथ ही जयराम महतो के झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पर भी सबकी निगाहे होंगी। मिली सूत्रों के अनुसार अगर भाजपा पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल को टिकट नहीं देती है तो वह जयराम महतो के पार्टी से उम्मीदवार होने का संकेत मिल हैं। वही गिरिजा देवी का भी चुनाव लड़ने का संकेत मिल रहा है। इधर मौजूदा विधायक कुमार जयमंगल के लिए भी चुनौती कम नहीं है। बेरमो कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। ऐसी स्थिति में अनूप सिंह को अपने पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की बगिया को बचाए रखना की जिम्मेवारी होगी। 2020 के उपचुनाव में अनूप सिंह ने 94022 (49.36 प्रतिशत) वोट लाकर भाजपा के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल 79797 (41.89 प्रतिशत) को हराकर यह सीट जीती और पहली बार बेरमो के विधायक बने थे।

# बड्र्स गार्डेन स्कूल में 29वीं सीनियर महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजगंज।** बड्स गार्डेन स्कूल परिसर में मंगलवार को क्षेत्र के नये थाना प्रभारी अलीशा अग्रवाल के माध्यम से स्कूल प्रबंधन द्वारा 29वीं सीनियर महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किया गया। इस दौरान अलिशा अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनकी कड़े मेहनत और खेल की प्रतिभा की काफी प्रशंसा की। साथ ही प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने इन महिला खिलाड़ियों को झारखंड की टीम में चयन होने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी और उनके कड़े मेहनत को सैल्यूट किया। साथ ही स्कूल की निदेशका गौरी चौरसिया ने पुष्पगुच्छ देकर ने थाना प्रभारी का स्वागत किया और स्कूल की स्काउट एंड एनसीसी बैंड ग्रुप द्वारा थाना प्रभारी और सभी फुटबॉल खिलाड़ियों को मार्च पास्ट और सलामी देकर स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रमोद कुमार चौरसिया ने ट्रायल कैंप के मुख्य सलेक्टर के रूप में झारखंड फुटबॉल टीम के मुख्य सलेक्टर और मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब कोलकाता के पूर्व खिलाड़ी मो नियाजउद्दीन और अध्यक्ष ऐके पाल ने टीम कोच पारस करमाली का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। इस दौरान स्कूल के सभी छात्राओं व शिक्षक परिवार ने तालियों की गड़गड़ाहट से सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया, जिससे सभी खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिल रही थी।

# नशाखुरानी का शिकार युवक की भाजपा नेता रिंकु शर्मा ने की मदद

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** हैदराबाद से सिल्लीगुड़ी घर वापस जा रहे 33 वर्षीय युवक भवंत तामा ट्रेन में नशाखुरानी गिरोह के बदमाश द्वारा नशे का शिकार हो गया। भवंत तामा ने बताया कि मैं हैदराबाद से अपने घर सिलीगुड़ी गौरव थान नीम बस्ती जा रहा था। इसी बीच भागा स्टेशन में एक व्यक्ति ने मुझसे बातचीत शुरू की और दोस्ती कर सॉफ्ट ड्रिंक पिलाया, जिसमें कुछ नशीला पदार्थ मिलाया हुआ था। जिससे मैं मदहोश हो गया। इधर भाजपा नेता रिंकू शर्मा ने बताया युवक नशे की हालत में इधर-उधर घूम रहा था। पूछताछ करने पर पता चला वह सिलीगुड़ी का रहने वाला है इसके बाद झरिया थाना की मदद से बस्ता कोला में स्थित जीवन संस्थान स्कूल में उन्हें आश्रय दिलाया। जीवन संस्थान स्कूल जो मंद बुद्धि और विकलांग बच्चों के लिए स्कूल है। नशाखुरानी का शिकार भुक्तभोगी घर वालों को सूचना दी गयी। करीब 3 दिन भी जाने के बाद सिलीगुड़ी से घर वाले बस्ता कोला जीवन संस्थान पहुंचे और भवंत तामा को अपने साथ घर सिलीगुड़ी ले गये।

भवंत तामा के घर वाले इस कार्य के लिए जीवन संस्थान स्कूल के संस्थापक अशोक सिंह और भाजपा नेता रिंकू शर्मा का इस उपकार के लिए आभार व्यक्त कर हार्दिक धन्यवाद।

# पिछरी के ग्रामीणों ने किया हाइवा का अनिश्चितकालीन चक्का जाम

16 अक्टूबर को होगा त्रिपक्षीय वार्ता

आचार्य संहिता लगने से आंदोलन लिए वापस

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछरी (बेरमो)।** फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग के पेटरवार प्रखंड के पिछरी में ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को ओवर लोड हाईवा परिचालन एवं प्रदूषण के खिलाफ पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में छाई व कोयला लोड हाईवा ट्रांसपोर्टिंग का अनिश्चित कालीन चक्का जाम आंदोलन किया। जिसके तहत ग्रामीणों ने सुबह से ही मोर्चा संभालते हुए सड़क पर उतर छाई व कोयला लोड हाईवा को वापस भेजा। चक्का जाम आंदोलन की सूचना पर पेटरवार सीओ अशोक राम, जरीडीह इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पांडेय, पेटरवार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा, जरीडीह थाना प्रभारी बिक्रम कुमार सिंह, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, एएसआई दुर्गा चंद्र सोरेन दलबल के साथ पिछरी पहुंचे और चक्का जाम आंदोलन कर रहे ग्रामीणों से मिले। अधिकारियों एवं ग्रामीणों के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत चली। इसके बाद पेटरवार सीओ अशोक राम ने ग्रामीणों से कहा कि बेरमो सीओ ने पत्र जारी कर 16 अक्टूबर को बैठक बुलाई गई है। इसमें ढ़ोरी, बीएंडके कथारा क्षेत्र के जीएम व डीवीसी बीटीपीएस के प्रबंधक की उपस्थिति में बैठक होगी। इसमें सभी आंदोलन से जुड़े ग्रामीण को बुलाया गया है। इसलिए चक्का जाम करने का कोई तुक नहीं है। हाईवा परिचालन को न रोके। आपकी मांग पर विचार विमर्श किया जाएगा। ग्रामीण सुरज महतो ने कहा कि दिए गए मांग पत्र में आठ बिंदु पर बेरमो सीओ से आश्वासन मिला था, लेकिन एक भी बिंदु पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे ग्रामीण नाखुश होकर आंदोलन करने पर बाध्य हुए।

कहा कि पिछरी के ग्रामीणों का अनिश्चित कालीन चक्का जाम आंदोलन जारी रहेगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कोई बात नहीं की सिर्फ हाईवा वाहन को पिछरी से होकर पार करा दिया। कहा कि चुनाव आचार संहिता लगते ही स्वत आंदोलन वापस हो जायेगी। संध्या पहर चुनाव की घोषणा होने और आदर्श आचार्य संहिता लगने के कारण आंदोलन वापस ले लिया गया है। मौके पर आशीष पाल, संजय मल्लाह, रामभजन लायक, जग्गू मल्लाह, पंकज मिश्रा, मुकुंद सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(प्रशिक्षण कोषांग)

विधानसभा आम चुनाव, 2024

आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सफल संपन्न कराने हेतु कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी मतदान कर्मियों को निम्न तिथि के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाना है जिसमें सभी मतदान कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा प्रखण्ड के सभी कर्मी | 16.10.2024 | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | सी0 एच0 + 2 उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, कोडरमा |
| | | | 12:30 बजे अपराह्न से 2:30 बजे अपराह्न तक | |
| | | | 3:30 बजे अपराह्न से 5:30 बजे अपराह्न तक | |
| 02 | मरकच्चो प्रखण्ड के सभी कर्मी | 17.10.2024 | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | |
| | | | 12:30 बजे अपराह्न से 2:30 बजे अपराह्न तक | |
| | | | 3:30 बजे अपराह्न से 5:30 बजे अपराह्न तक | |
| 03 | चन्दवारा प्रखण्ड के सभी कर्मी | 18.10.2024 | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | |
| | | | 12:30 बजे अपराह्न से 2:30 बजे अपराह्न तक | |
| | सतगावाँ प्रखण्ड के सभी कर्मी | | 3:30 बजे अपराह्न से 5:30 बजे अपराह्न तक | |
| 04 | डोमचाँच प्रखण्ड के सभी कर्मी | 19.10.2024 | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | |
| | | | 12:30 बजे अपराह्न से 2:30 बजे अपराह्न तक | |
| | | | 3:30 बजे अपराह्न से 5:30 बजे अपराह्न तक | |
| | जयनगर प्रखण्ड के सभी कर्मी | | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | |
| | | | 12:30 बजे अपराह्न से 2:30 बजे अपराह्न तक | |
| | | | 3:30 बजे अपराह्न से 5:30 बजे अपराह्न तक | |

उक्त के आलोक में सभी कार्यालय प्रधान को निदेश दिया जाता है कि अपने कार्यालय में कार्यरत कर्मियों (सरकारी/संविदा) को उक्त प्रशिक्षण में ससमय भाग लेना सुनिश्चित करायेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 339007 (Election)24-25*D

# डॉ भारती कश्यप को मिला सामाजिक परिवर्तन पुरस्कार

## राष्ट्रीय महिला नेत्र चिकित्सक सोसाइटी ने किया सम्मानित

- बेस्ट सर्जिकल वीडियो के लिए भी किया गया सम्मानित
- नयी दिल्ली में दिया गया सामाजिक परिवर्तन पुरस्कार
- सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में अमूल्य योगदान रहा
- नेत्रदान जागरूकता पर पूरे राज्य में काम किया
- महिलाओं की कैंसर जांच का झारखंड मॉडल



भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा से महिला नेत्र चिकित्सक सोसाइटी का सामाजिक उत्प्रेरक सम्मान ग्रहण करतीं डॉ भारती कश्यप।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी भारत की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ भारती कश्यप को गत 7 अक्टूबर, 2024 को नयी दिल्ली में महिला नेत्र रोग विशेषज्ञ सोसाइटी द्वारा सामाजिक परिवर्तन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रदान किया गया है। नयी दिल्ली में एक भव्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

डॉ भारती कश्यप वर्ष 1991 में डाक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद से ही नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में जागरूकता और समाज सेवा से जुड़ गयी थीं। अब तक करीब 20 लाख से अधिक स्कूली छात्रों को इसका फायदा झारखंड में मिला है। यह वह दौर था जब लोगों में नेत्रदान के प्रति कोई जागरूकता नहीं थी। इस सामाजिक आवश्यकता को समझते हुए डॉ भारती कश्यप ने लोगों को मृत्युपरांत नेत्रदान के लिए उप्रेरित करने और जागरूकता फैलाने का काम किया। इससे समाज में इसके प्रति लोगों का ध्यान गया। डॉ कश्यप के प्रयासों से झारखंड (तब एकीकृत बिहार) ने 1996 में अपना पहला मरणोपरांत नेत्रदान देखा और तब से उनके प्रयासों से राज्य में सैकड़ों नेत्रदान हुए हैं। साल 2014 में डॉ भारती कश्यप ने झारखंड में वैश्विक जानलेवा बीमारी - सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ अभियान की शुरुआत करके महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। इस पहले से असमय काल कवलित होने वाली हजारों महिलाओं को बचाया जा सका। इस दिशा में उन्होंने कम लागत वाली एक कारगर झारखंड मॉडल को तैयार किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निर्देशों के तीसरे भाग को संशोधित करते हुए बहुआयामी कम लागत वाली लेकिन प्रभावी रणनीति झारखंड मॉडल की अवधारणा तैयार की, जो झारखंड की महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित हुआ है।

झारखंड में पहली बार प्रजनन आयु वर्ग की 2.70 लाख महिलाओं की जांच करने के राज्य सरकार के लक्ष्य के मुकाबले, अप्रैल 2021 से जुलाई 2024 के बीच प्रजनन आयु वर्ग की कुल 4,05,749 महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच की गयी। डॉ भारती कश्यप के प्रयासों से झारखंड में धीरे-धीरे एक बड़ा सामाजिक बदलाव आ रहा है क्योंकि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में महिलाएं न केवल प्रजनन स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रही हैं बल्कि हजारों अन्य लोगों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। कांफ्रेंस में बेस्ट सर्जिकल विडियो का अवार्ड भी डॉ भारती कश्यप को मिला।

### टेक इवेंट : इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें एडिशन की शुरुआत

# भारत का मिशन दुनिया को जोड़ना : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अक्टूबर को इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें एडिशन की नयी दिल्ली में शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज दूसरे देशों में मोबाइल डेटा की कीमत भारत की तुलना में दस गुना महंगी है। भारत का एक ही मिशन है- दुनिया को जोड़ना। इस टेक इवेंट में दुनियाभर के 120 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं। 400 से ज्यादा एग्जिबिटर और लगभग 900 स्टार्टअप भी शामिल हुए है। आइएमसी 2024 के एग्जीबिशन में पीएम मोदी को टेक इनोवेशन्स दिखाये गये। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी थे। पीएम मोदी ने वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन स्टैंडर्डाइजेशन असेंबली (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का भी उद्घाटन किया, जिसे पहली बार भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन ने आयोजित किया है। 190 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक प्रतिनिधि



इसमें शामिल हुए हैं।

### 6जी तकनीक पर भी तेजी से काम

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में भारत ने जो ऑप्टिकल फाइबर बिछाये हैं, वे चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी से आठ गुना अधिक हैं। दो साल पहले, हमने 5जी लॉन्च किया था। आज हर जिला 5जी से जुड़ गया है। अब हम 6जी तकनीक पर भी तेजी से काम कर रहे हैं। दूरसंचार क्षेत्र में सुधारों से इंटरनेट डेटा की कीमतों में गिरावट आयी है। आज भारत में मोबाइल डेटा की कीमत 12 सेंट प्रति जीबी है। दूसरे देशों में एक जीबी डेटा दस गुना महंगा है। आज भारतीय हर महीने औसतन 30 जीबी डेटा का उपभोग करते हैं। फोन तब तक सस्ते नहीं हो सकते थे, जब तक कि हम उन्हें भारत में निर्मित नहीं करते। 2014 में केवल दो मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट थीं। आज यह 200 से अधिक हैं। पहले हम विदेशों से स्मार्टफोन आयात करते थे। अब, हम भारत में छह गुना अधिक फोन बनाते हैं। जन धन, आधार और यूपीआइ का उदाहरण देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ओएनडीसी डिजिटल कॉमर्स सेक्टर में क्रांति लायेगा।

### भारत में 120 करोड़ मोबाइल यूजर्स

पीएम मोदी ने कहा कि हमने कोविड-19 के दौरान देखा कि कैसे हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने जीवन को आसान बना दिया है। आज भारत टेलीकॉम और उससे जुड़ी टेक्नोलॉजीज के मामले में दुनिया के सबसे हैपनिंग देशों में से एक है। भारत में 120 करोड़ यानी 1200 मिलियन मोबाइल फोन यूजर्स हैं। भारत में 95 करोड़ यानी 950 मिलियन इंटरनेट यूजर्स हैं। भारत में दुनिया का 40% से ज्यादा का रियल टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन होता है। प्राचीन सिल्क रूट से लेकर आज के टेक्नोलॉजी रूट तक भारत का एक ही मिशन रहा है- दुनिया को कनेक्ट करना और नये रास्ते खोलना। ऐसे में डब्ल्यूटीएसए और आइएमसी की साझेदारी भी प्रेरक और शानदार मैसेज है। जब लोकल और ग्लोबल का मेल होता है, तब पूरी दुनिया को इसका लाभ मिलता है। यही हमारा लक्ष्य है।

# जमीन खरीदने और बेचने के नियमों में बदलाव पर विचार : सुरेश पुजारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** संबलपुर ओड़िशा में जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े नियमों को आसान बनाने की दिशा में रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के कुछ नियमों को हटाने पर राज्य सरकार विचार कर सकती है। यह जानकारी राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने संबलपुर दौरे के दौरान दी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर शहरी विकास विभाग के साथ चर्चा की जा चुकी है। सुरेश पुजारी ने कहा कि रेरा के कानून काफी जटिल हैं। कोई भी व्यक्ति आपातकालीन स्थिति जैसे चिकित्सा, बच्चों की शिक्षा या बेटी



की शादी के लिए जमीन नहीं बेच पाता। इसलिए रेरा में बदलाव की आवश्यकता है। हमारा विभाग शहरी विकास विभाग के साथ मिलकर इस पर विचार कर रहा है कि कैसे इन नियमों को सरल बनाया जा सके।

संबलपुर में कलेक्टर के साथ बैठक के बाद मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने पंजीकरण महानिरीक्षक (आइजीआर) को शहरी विकास और राजस्व विभागों के बीच बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है, ताकि ओडिशा रेरा अधिनियम में संभावित बदलावों पर चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में रीयल एस्टेट विकसित करना चुनौतियों से भरा है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भूखंडों को शहर की विकास योजना के अनुसार बेचा जाना चाहिए। हालांकि, आपात स्थिति और संकट के दौरान भूमि का एक हिस्सा बेचा जा सकता है।






# बाली यात्रा प्लॉट पंजीकरण शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कटक बाली यात्रा 15 नवंबर से शुरू होगी। बाली यात्रा प्लॉट पंजीकरण मंगलवार से शुरू हो गया है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक जारी रहेगी रजिस्ट्रेशन हाइब्रिड और ऑनलाइन होगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। पंजीकरण में 10 टीमें लगी हुई हैं। कारोबारी 5 हजार रुपये देकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। कटक बारबाटी पैलेस में रजिस्ट्रेशन चल रहा है। प्लॉट की नीलामी 27 अक्टूबर से शुरू होगी। जिला संस्कृति अधिकारी नलिनीकांत साहू ने बताया कि इसके अलावा व्यापारी घर बैठे ऑनलाइन वेबसाइट पर भी पंजीकरण करा सकते हैं। इस साल 1100 प्लॉट नीलामी प्रक्रिया में शामिल किये जायेंगे। जिला संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भूमि निबंधन एवं नीलामी अथवा आवंटन के सभी पहलुओं पर शांतिपूर्ण तरीके से निगरानी रखी गयी है।







# खोरधा रोड मंडल और संबलपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन




**खोरधा रोड (आजाद सिपाही)।** खोरधा रोड मंडल ने 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया, जिसमें रेलवे स्टेशनपरिसरों, ट्रेनों, कार्यालयों, कैंटीनों, फूड स्टॉलों और रेलवे आवासीय कॉलोनियों आदि में सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। देश को साफ-सुथरा रखकर भारत की सेवा करने और महात्मा गांधी के स्वच्छ और विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए आम जनता में जागरूकता पैदा की गयी है। इस 15 दिवसीय अभियान के दौरान, विभिन्न गहन स्वच्छता गतिविधियां शुरू की गयी। स्वच्छ स्टेशन के अंतर्गत सभी प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, डॉरमेट्री, रिटायरिंग रूम, पार्सल ऑफिस, ट्रैक आदि की सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने कहा कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए निरंतर प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने सभी रेल उपयोगकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे रेलवे परिसर में स्वच्छता बनाये रखने में रेलवे की मदद करें।




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर मंडल में बीते 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का आयोजन किया गया। संबलपुर मंडल ने 2 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर तुषार कांत पांडेय के नेतृत्व में संबलपुर और संबलपुर स्टेशन परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने स्वच्छ जागरूकता पर रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। स्वच्छ संवाद पर हाउसकीपिंग कर्मचारियों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वच्छ स्टेशन के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ प्रतियोगिता के अंतर्गत कर्मचारियों के बच्चों के बीच एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्लास्टिक के एकल उपयोग पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विक्रेता स्टॉलों को दंडित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।









# सोआ ने हाइडेनमेट समाधानों के साथ किया एमओयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (सोआ) ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित हाइडेनमेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ कृषि में ज्ञान उत्पन्न करने और किसानों को अत्याधुनिक सटीक कृषि समाधानों तक सस्ती पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए संयुक्त कार्यक्रम शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। सहयोग का मुख्य उद्देश्य बीज बोने से लेकर कटाई तक विभिन्न फसलों की प्रभावी निगरानी में ज्ञान उत्पन्न करना, जल-तनाव, पोषण-तनाव, कीट, बीमारियों के प्रबंधन के लिए सबसे सटीक सलाह प्राप्त करने के लिए




दस्तावेजी बुद्धिमत्ता के साथ फसलों की वास्तविक समय की स्थिति की तुलना करना है। कीट और कवक के हमले और अच्छी गुणवत्ता वाली उपज की अधिकतम उपज सुनिश्चित करना। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, दोनों पक्षों के बीच संयुक्त रूप से स्पष्ट लक्ष्यों, दृष्टिकोण, निष्पादन, समय-सीमा और वित्तीय आदानों के साथ सेमिनार और कार्यशालाओं सहित आउटरीच गतिविधियों के साथ कई शोध परियोजना प्रस्ताव आयोजित किये जायेंगे।

समझौता ज्ञापन पर सोआ के कुलपति प्रो प्रदिप्त कुमार नंद और हाइडेनमेट सॉल्यूशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भास्करन रंगराजन ने हस्ताक्षर किये।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**